श्रीत्रिदण्डिदेवग्रन्थमालायाः सप्तमं प्रसूनम्

॥ श्रीः ॥

पदच्छेदाङ्कसहितम्

# अर्थपंचकम्

श्री १००८ श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्य वेदान्तप्रवर्तकाचार्य
श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य सत्सम्प्रदायाचार्य
जगद्गुरुभगवदनन्तपादीय

**श्रीमद्विष्वक्सेनाचार्य श्रीत्रिदण्डिस्वामिविरचितया**

**'मर्मबोधिनी'** नाम्न्या भाषाटीकया सहितम्

तच्च

**श्रीपादसेवकश्रीसुदर्शनाचार्यब्रह्मचारिणः**

रोहतास मण्डलान्तर्गतडेहरीश्रीविजयराघवमन्दिराध्यक्षस्य
सत्प्रेरणयाकृभ्मी (रोहतास) महालक्ष्मीयज्ञसमित्याप्रकाशितम्

सम्पादकः—

डा० **सुदामा सिंह**, एम. ए. पी. एच. डी. प्रोफेसर एवं अध्यक्ष,
श्रम एवं समाजकल्याण विभाग, म० वि० वि०-बोधगया

पञ्चमावृत्तिः १०००] विवाहपञ्चमीमार्गशीर्ष-२०५१ [मूल्य-१५/-

http://acharya.org

पुस्तक प्राप्ति स्थान :—

(१) श्रीलक्ष्मीनारायण मन्दिर
चरित्रवन-बक्सर
जिला—बक्सर (बिहार)

(२) श्रीसुदर्शनाचार्य ब्रह्मचारी स्वामीजी
अध्यक्ष
श्रीविजयराघवमन्दिर बीरनबीघा-डेहरी
जिला—रोहतास (बिहार)

मुद्रक :—

काली चरण शुक्ल
मगध शुभंकर प्रेस, रामसागर नई सड़क गयाधाम
दूरभाष—30938

http://acharya.org

॥ श्रियं नमः ॥

श्रीमते रामानुजाय नमः । श्रीवादिभीकर महागुरवे नमः ॥

# ॥ नम्र निवेदन ॥

यज्ञावतार अनन्तश्रीसमलङ्कृत पूज्यपाद श्रीस्वामीजी महाराज के ज्ञान-यज्ञ की सुरभि उपदेशामृत की अजस्र मधु-धारा से ही नहीं वरन् चेतनों के उद्धार और पूर्वाचार्यों के ज्ञान-वैभव की रक्षा के लिए विविध उदात्त ग्रन्थों की रचना और प्राचीन महार्घ ग्रन्थ-रत्नों की विशद व्याख्या से चतुर्दिक फैल रही है। श्रीत्रिदण्डीदेवग्रन्थमाला के सप्तम् पुष्प के रूप में विकसित 'अर्थपंचक' ग्रन्थ की 'मर्म-बोधिनी' भाषा-व्याख्या के पञ्चम संस्करण को भागवतों के सम्मुख प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। परम पावन अष्टादशपुराणों के समान, वैकुण्ठ के भी वैकुण्ठ श्रीकाञ्चीपुरी में अवत्तीर्ण श्रीवत्सवंशवारिधिविधु धर्मोन्नायक श्रीमल्लोकाचार्य स्वामीजी के अठारह रहस्य-प्रबन्ध उपलब्ध हैं, जिनमें हीरक-माणिक्य सा है अर्थपञ्चक। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं कि श्रीमल्लोकाचार्य स्वामीजी के रहस्य प्रबन्धों की बिषद व्याख्या करने के उद्देश्य से श्रीवरवर मुनि रुप से आदिशेष ने ही अवतार लिया था और श्रीहस्तिशैलशिखरोज्ज्वलपारिजात बरदराजप्रभुके अंशावतार श्रीलोकाचार्य स्वामीजी के प्रबन्धों को देख उनके भाव-विह्वल कण्ठ से फूट पड़ा था—को वा प्रबन्धैः इह लोकगुरोः प्रबन्धैः सादृश्यमेति सकलेष्वपि वाङ्मयेऽपि" अठारहो प्रबन्ध मणि-प्रवाल अर्थात् संस्कृत मिश्रित द्रविड भाषा में हैं। श्रीवरवर मुनिन्द्र स्वामीजी द्वारा इनकी व्याख्या भी सरल सुबोध

http://acharya.org

मणिप्रबाल भाषा में है। प्राचार्यवैभवसुरक्षणसक्तचित्त तद्दिव्यभाषितसुधावारिवाह अनन्तानन्त श्रीविभूषित जगद्गुरु भगवदनन्ताचार्य स्वामीजी महाराज ने अधिकांश प्रसिद्ध ग्रन्थों को संस्कृतभाषान्तर कर स्वकीय श्रीसुदर्शन प्रेस से उन्हें प्रकाशित करा वैष्णव जगत् का महोपकार किया है। मानों आचार्य की कामना कल्प-वेली की उत्तरोत्तर हरीतिमा बढ़ाने के लिए ही अस्मादाचार्य परमवंद्य श्रीस्वामीजी महाराज ने 'अर्थपंचक' को मर्मबोधिनी, श्रीवचनभूषण की चिन्तामणि भाषाव्याख्या आदि की रचना की है। आय-संतति इस उपकार से उऋण नहीं हो सकती। इस 'मर्म-बोधिनी' भाषाव्याख्या का मर्म यह क्षुद्र जीव कैसे बता सकता! महाभागवतों के अन्तश्चक्षु द्वारा दृश्य को कोई अल्पमति प्रकाशित और प्रतिबिम्बित नहीं कर सकता।

प्रस्तुत संस्करण श्रीमहालक्ष्मी यज्ञ समिति कुझी (रोहतास) की ओर से प्रकाशित किया गया है। अतः इस महान कार्य के लिए श्रीमहालक्ष्मी यज्ञ समिति, कुझी के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ। श्रीचरणों में समर्पित श्रीपादसेवक श्रीसुदर्शनाचार्यब्रह्मचारी स्वामीजी, अध्यक्ष श्रीविजयराघव मन्दिर, डेहरी की सत्प्रेरणा ग्रन्थ प्रकाशन में महत्वपूर्ण घटक रही है. अतएव उनके श्रीचरणों में सदैव अवनत हूँ। बिलम्ब एवं त्रुटियों के लिए क्षमा-याचक हूँ। अनन्त श्रीचरणों में याचना है कि अकिञ्चन जन का चित्त पदकमल पराग रस-लिप्सा से पल भर भी विरत न हो।

श्रीचरणाश्रित :—

सुदामा सिंह

http://acharya.org



श्रीपादसेवक

**श्री सुदर्शनाचार्य ब्रह्मचारीजी**

अध्यक्ष—श्रीविजयराघव मन्दिर, डेहरी-ऑन-सोन

http://acharya.org

पुण्ये प्रान्ते बिहारे सुरपतिमहिते वैष्णवानां निवासे।
कूम्भो नाम्ना प्रसिद्धे द्विजगणभरिते यज्ञकर्मण्यमोघे।
श्रीविष्वक्सेनसूरेः चरणनलिनयोः पद्मपुष्पाञ्जलिर्मे।
भूयान्नित्यं ह्यमोघो जगति विजयतां विश्वगार्यस्त्रिदण्डी ॥

जगद्गुरुद्वयं विराजते हि यस्य सन्निधौ,
असंख्यशेमुषी-जुषो ललाटदृष्टिपातिनः।
विशुद्धभक्तिपूर्णबुद्धिशालिनो महात्मनो,
लसन्ति यत्पदाम्बुजे गतिस्समे यतिर्भवेत् ॥

विरागरागरञ्जितं सदार्यवंश - सञ्चितं
शिखासुकेशकुञ्चितं पवित्रभावनाञ्चितम्।
सुकीर्तिब्रह्मपूजितं यदस्य राजते यशो,
भवेन्मदीयजीवने तदेवबत्मं निश्चितम् ॥

पूज्यश्रीविश्वगार्यस्य प्रपन्नार्तिच्छिदोनखाः।
पान्तु दासानुदासस्य वासुदेवस्य सद्यशः ॥
इतीव मे मतिस्तात ! पादयोस्तवजायते।
अस्मादमुञ्चिशुं नित्यम्पाह्यमोघैर्निरीक्षणैः ॥

समर्पयति—

श्रीमत्कपादपद्मपरागपांसुलो—
जगद्गुरुरामानुजाचार्यपदभाक्
स्वामी वासुदेवाचार्यो "विद्याभास्करः

http://acharya.org

॥ २ ॥

श्रीरोहिताश्वशुभमण्डलमण्डितेऽस्मिन् ।
भूदेवदेवपरिसेवितपुण्यभूमौ ॥
कूज्झीतिनामविदिते नितरां मनोज्ञे ।
रराजते यतिवरोत्र मुनिस्त्रिदण्डी ॥ १ ॥

यत्कृपातो मया लब्धाभक्ति वें कटपादयोः ।
शुकशास्त्रमथो सम्यक् कथ्यते जनसंसदि ॥ २ ॥
राजनारायणोदासः नतस्तत्-पादपद्मयोः ।
यस्यश्रद्धाभवेन्नित्यं स्वाचार्याणां पथिस्थिता ॥ ३ ॥
सर्वशास्त्राथतत्त्वज्ञः सर्वदा सज्जनप्रियः ।
विष्वक्सेनमुनिर्जीयाद्यावच्चन्द्रदिवाकरौ ॥ ४ ॥

श्रीपादाब्जभृङ्गः —
जगद्‌गुरु रामानुजाचार्य-पदभाक्
**स्वामी राजनारायणाचार्य** 'शास्त्री"
संस्थापकाध्यक्ष,: श्रीत्रिदण्डिदेवलोकसेवासंस्थान,
भक्ति-वाटिका लच्छीरामपोखर, देवरिया

✳ ✳

॥ ३ ॥

समसुजनगणानामिष्टपूर्ति विधातुः,
प्रसरति शुभकीर्तेर्वल्लिका यस्य लोके ।
विलसति तनुदीप्तिः पूर्णचान्द्रीसमावै,
जयति सकलविद्यास्वाकरो देशिकेन्द्रः ॥ १ ॥
तरुणतिमिरहर्त्ता ज्ञानसूर्यो यतात्मा,
निजनिखिलजनानां भद्रभर्ताऽमलात्मा ।

http://acharya.org

अघटितघटनायां सत्पटीयान् महत्मा,

प्रभुवरगुरुदेवः सेव्यते दासदासैः ॥ २ ॥

श्रीमद्भारतवर्षदेशमहिते प्रान्ते विहारे शुभे,

सासारामसुपत्तनस्य सविधे श्रीरोहितासाभिधे ।

माधवमाससितेदले हरितिथौ मार्त्तण्डवारे तथा

लक्ष्मीयागप्रवर्त्तको विजयते सैनेशो योगीश्वरः ॥३॥

महालक्ष्मी - महायागे आचार्योमेशसंज्ञकः ।

अभिनन्दाम्यार्यवर्यं विष्वक्सेनं त्रिदण्डिनम् ॥४॥

श्रीमतां चरणाब्जरेणुरुषितः—

उपेन्द्राचार्यः (उमेशप्रसाद उपाध्यायः

कर्मकाण्डरत्नः, साहित्याचार्यः

संस्कृताध्यापकः, उच्चविद्यालय बरिसवन,

भोजपुर ।

* *

॥ ४ ॥

यं विष्णुं प्रवदन्ति वैष्णवजनाः संसारसत्पालकम्

रूद्रं यं कथयन्ति शैवनिकराः शाक्ताश्च शक्तिप्रदम् ।

यं स्वेशं निगदन्ति चान्यजनवर्गाः शान्तिसौख्यार्थदम्

तं सेनेशगुरुं नमामि सुतरां सच्छ्रेयसे सर्वदा ॥ १ ॥

यत्कासनेनैव पिशाचभूताः गच्छन्ति दूरं हि पलायमानाः

व्रजन्तिभक्ताः सुसुखं यदीयाः सेनेशदेवं शरणं प्रपद्ये ॥ २ ॥

सत्पण्डितैः परिवृतस्य महात्मनोऽस्य,

सद्दर्शनेन जनताः सुखमालभन्ते ।

http://acharya.org

गायन्ति यस्य यशसां शुभगीतकानि तं योगिवर्यशिखरं
शरणं प्रपद्ये ॥ ३ ॥

प्रान्ते विहारे रमणीयनोखागुल्मे प्रसिद्धे वसतिश्च कुञ्जी
द्विजादिवर्गैः सुविराजतेऽत्र कुर्वेऽहमेतद् ह्यभिनन्दनं वै ॥४॥

महालक्ष्म्याः महायागम् कारयन्तं विधानतः ।
यज्ञावतारवन्तं स्वाचार्यं प्रणमाम्यहम् ॥ ५ ॥

श्रीमद्दासानुदासः—
श्रीनिवासाचार्यः (पं० शिवपूजन त्रिपाठी)
व्या० सा० आयुर्वेदाचार्यः,
शास्त्रार्थ महारथी, चौकशिकारपुर,
जितूलाललेन, पटना-सिटी ।

✳ ✳

॥ १ ॥

वेदान्तार्थे पयोब्धौ प्रमथनकुशलौ वैष्णवावैष्णवाभ्याम्,
सम्यग्व्याख्यानरज्वा प्रतिकलमनिशं कर्षणाकर्षणेन ।
कालुष्यं वैमनस्यं हृदयगतमघं धूनयन् तेजसैव,
साक्षाद्धर्मस्वरूपो भवभयहरणे भक्तिपीयूषवर्षी ॥ १ ॥
कूजन्तीं वाणीं प्रसार्याखिलजनकुमतिं प्रोज्झ्य सौख्यप्रदाता,
संस्कर्त्ता पञ्चरूपैर्भवजलधिगतप्राणिनां तारणाय ।
विष्णोर्मार्गप्रदाता कलियुगभयदः सत्ययोगप्रवर्त्ती,
स्वामी मे प्राणनाथो भवतु मम मनोनित्यवासी यतीन्द्रः॥२॥

शताधिक्याद्वर्षादधिगतसमाधिर्मुनिवरः,
सदागंगागोदाम्बरतटकुटीरस्थितवपुः ।

http://acharya.org

प्रभोः पादाम्भोजदधिगतसुधादुग्धभरितः,
प्रकृत्या ते रूपं न खलु रचित दिव्यवपुषः ॥ ३ ॥
रूपञ्चाश्राक्षे वै परमसुखदः श्रीपरमखः,
सुपूर्णे वैशाखे सुरगुरुदिने पुण्यसमये ।
सुसम्पन्नोजातः सगुणविभोयज्ञपुरुषः,
अतः कुम्भीग्रामो निजकुमतिभावञ्चत्यजतु ॥ ४ ॥
गुरुचरणचञ्चरीको दासो रामानुजार्यवर्यस्य,
अभिनन्दनकर्त्ताऽयं कारुण्याभिलाषुको भवतः ॥ ५ ॥

समपर्कः—

गुरुचरणचञ्चरीकरामानुजदासः (गुरुचरणमिश्रः)
व्याकरणसाहित्यायुर्वेदाचार्यः, प्राप्तस्वर्णपदकत्रयः
निवृत्तप्राचार्यः श्रीशतानन्दगिरिहरिहरसंस्कृतमहाविद्यालयस्य, बोधगयास्थस्य ।

* *

॥ ६ ॥

सद्ग्रामे ह्यमियावरे सुललिते शोणस्य वामेतटे,
श्रीमद्रम्यकुटीरमध्य-विलसन् नीरस्य चिन्तारतान ।
दृष्ट्वा भक्तवरानुवाच भगवान् आमन्त्र्यताम् शोणकः,
रात्रौ शोणनिमन्त्रणं जनवराः दत्वा स्वगेहं गताः ॥ १ ॥
तन्नक्त यतिराजदेशिकचमत्कृत्यन्वितोऽयं नदः,
शीघ्रं स्वामीकुटीरदेशमभिगत्यानन्दराशिं गतः ।
दृष्ट्वा दृश्यमिदं प्रसन्नजनताश्चक्रुःजय स्वामिनः,
एवं श्रीयतिशेखरं प्रतिदिनं वन्दे त्रिदण्डाश्वरम् ॥ २ ॥

http://acharya.org

श्रीभोजमण्डलशुभेश्वरपोरमध्ये,
भागीरथीहिसुतटे विशदं बलिष्ठम् ।
ग्राहं सुवाहनमहो कृतवानपूर्वम्,
तं स्वामिनं यतिवरं शरणं प्रपद्ये ॥ ३ ॥
भुवनेश्वरसंज्ञोऽहं त्रिपाठीत्युपनामकः
कूज्झीग्रामे महायागे कुर्वे स्वाम्यभिनन्दनम् ॥ ४ ॥

श्रीस्वामीचरणचञ्चरीकः—
भुवनेश्वर त्रिपाठी
व्याकरणसाहित्याचार्यो विशारदश्च
संस्कृताध्यापकः
राज्य सम्पो० श्रीरामनारायण संस्कृतोच्च विद्यालय
बरडीहाँ, रोहतास

* *

॥ ७ ॥

सुचित्तं ध्यानं वा न च मम वचोऽप्यस्त्वविकलम्,
असक्तो दुखार्त्तः कलिमलविकारेण विकलः ।
ययाचे सान्निध्यात् यतिवर तवार्चां सुविमलाम्,
अथापीत्थं तृप्तः तव चरणसेवासुनिरतः ॥ १ ॥
न चेत्प्रादुर्भावो जगदुदयरक्षाकरयतेः
क्व जातेयं पृथ्वी सुकृतरहिता दुष्कृतभरा ।
अनाथाः स्युः सर्वे भवभययुता मद्विधजनाः
महान् पोतः सिन्धौ गुरुचरणपङ्केरूहयुगम् ॥ २ ॥
महालक्ष्मीयागेबुधजनमनोमोदनकरी

http://acharya.org

सभाशास्त्रार्थोपि यजनजपहोमादिफलितः ।
त्रिवेणीशंधारा वहति जनपापौघहरणी,
प्रभावस्यास्यान्तं न भवतु कदाचिद्धि जगति ॥ ३ ॥
वैशाखमासिसितेपक्षे पौर्णमास्यां शुभान्विते
कूञ्जीराख्ये शुभे ग्रामे प्रददे ते पदाब्जयोः ॥ ४ ॥

भवदीयः—
रामसुरेश पाठकः
व्याकरणसाहित्याचार्यः, धर्मशास्त्राचार्यः
लब्धस्वर्णपदकः
छपरास्थगोऽहुसंस्कृतविद्यालयस्य प्रधानाध्यापकः

*  *

॥ ८ ॥

वसनतनुकषायं भास्करं तेजपुञ्जम्,
दुर्जनकरिमृगेन्द्रं पोषकं वैष्णवानाम् ।
निखिलभुवनभीतिनाशकर्त्ता त्वमेव
यतिवरमभिवन्दे पुन्दरं पादपद्मम् ॥ १ ॥
तव कथा-श्रवणं सुखदायकम्,
भवति ज्ञानकरं शुभकारकम् ।
दहति दैहिकभौतिकसङ्कटम्,
सुकविभिः कथितं सुरलोकदम् ॥ २ ॥
शून्यशराभ्रयुग्माब्दे रजनीशपूर्णमाधवे
महालक्ष्मीमखंजातं जनकल्याणहेतवे ॥ ३ ॥
श्रीशाण्डिल्यकुलेजातः, ज्ञानसिन्धु पयोव्रतं ।

http://acharya.org

सेनेशयोगिनं वन्दे, अम्बिकादत्तसेवकः ॥ ४ ॥

भवच्चरणचञ्चरीकः—

**अम्बिका त्रिपाठी**, साहित्यायुर्वेदाचार्यः

भूतपूर्व प्रधानाध्यापकः

ग्रा० पो०—गोड़ारी (रोहतास)

✳ ✳

॥ ६ ॥

श्रीमतां गुरुवर्य्याणां चरणाम्भोरुहषट्पदाम्,

विष्वगार्ययतीन्द्राणां वन्दे पादाम्बुजद्वयम् ॥ १ ॥

कारूष्यदेशस्य हि याम्यभागे,

हिरण्यवाहे पुलिने प्रतीच्याम् ।

कुक्षौ महालक्ष्मीमखालयेऽस्मिन्

विनम्रभूतः नमनं करोमि ॥ २ ॥

लक्ष्मीमखोन्तःपुरतो हि रक्षकाः

पद्मादिचिक्लीतगजादिनिर्भयाः ।

संरक्ष्य यज्ञ प्रहरीप्रभूताः

तं यज्ञकर्त्तारमहं प्रपद्ये ॥ ३ ॥

त्रिपाठीकेशरीनन्दनत्वदीयः पादसेवकः ।

करोति वन्दनं स्वामिनार्तो भूत्वात्वदाश्रितः ॥ ४ ॥

अभ्यर्थीः—

**केशरीनन्दन त्रिपाठी,**

व्याकरण-शास्त्री, आयुर्वेदाचार्य,

ग्रा०—पेरहाप (भोजपुर)

http://acharya.org

स्वामिस्त्वच्चरणारविन्दमकरन्देहो द्विरेफायते
तस्मात्स्वाश्रयदानपूर्वकमयं हे नाथ संगृह्यताम्
यस्माल्लोकसमाश्रयं प्रकुरुते कृत्वा दयां सर्वदा
तस्मान्नित्यमकिञ्चनोऽपि दयया मात्यज्यतां हे प्रभो ॥१॥

कृत्वैवं तव स्वांशके सुललितः
नाथत्वधर्मो महान्
साफल्यं त्वरितं गमिष्यति यती—
नां शेखरत्वाश्रय ।
वर्चस्वं भवतो विलक्षणमिदं
लोकैः सदालोक्यते ॥
यत्कर्णे ददतेऽमृतान्वितपरं
नारायणाष्टाक्षरम् ॥ २ ॥

विहारनोखागुलमान्तरे वै कुशीति नाम्ना विदिते मनोहरे ।
ग्रामेमहालक्ष्मीज्ये सभायां त्रिदण्डिदेवं शिरसा नमामि ।३

अनन्ताचार्यसच्छिष्टा विष्वक्सेन महात्मनः
अभिनन्दनमहं कृत्वा मनुजत्वं चरितार्थये ॥ ४ ॥

भवद्दासानुदासः
**डा० राजकिशोर मिश्रः**
राजेन्द्र रामानुज श्रीवैष्णवदास
ग्रा०-पो०—बहोरनपुर, भोजपुर

http://acharya.org

नमोऽस्तु विष्वक्सेनाय, नमोऽस्तु दण्डपाणिने।
नमोऽस्तु योगिराजाय, नमोस्तु वेदभाषिणे ॥ १ ॥

सकलभुवनस्वामियोगिवर्यो विभाति,
निखिलकलिमलस्य वेद-वेदान्तघोषैः।
विमल धवल कीर्तिर्माज्यते तन्वते च,
मृदुलसरसवाचा गीतगीतोपदेशैः ॥ २ ॥

यतिपतिरिह स्वामि याज्ञिकं कर्म कुर्वन्,
पतितजनसमाजं चोन्नयन् मोक्षमार्गम्।
निजजनकुलव्रातं दिव्यदेहं विधाय,
कइह भुवि विदध्यात् स्वामिनाऽन्योनकश्चन ॥३॥


उपेन्द्रनारायणेन दीयते, कुसुमाञ्जलिः।
मा-रमणाङ्घ्रि-संसक्त-मानसाय त्रिदण्डिने ॥ ४ ॥

श्रीमच्चरणचञ्चरीकः—

**उपेन्द्राचार्यः** (उपेन्द्र नारायण शुक्ल)
साहित्याचार्य, डेहरीस्थ श्रीत्रिदण्डिदेव सत्संगाश्रम,
(रोहतास)

✱ ✱

http://acharya.org



अनन्तश्रीविभूषित श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठ श्रीमद्विष्वक्सेनाचार्य
श्रीत्रिदण्डीस्वामीजी महाराज

http://acharya.org

● श्रीमते रामानुजाय नमः ●

# अथ अर्थपञ्चकम्

मूल—अथ[1] मुमुक्षोः[2] संसारिणश्चेतनस्य[3] तत्त्वज्ञानोत्पत्यो[4] ज्जीवनसमयेऽर्थपञ्चकज्ञानोत्पत्तिरावश्यकी[5] ॥१॥

टीका--अखिलदुरितपुञ्जध्वंसनं देहभाजम् ।
भवजलनिधिपोतं पावनं पावनानाम् ॥
परमपुरुषधामप्रापकं स्वाश्रितानाम् ।
यतिपतिपदपद्मं श्रेयसे संश्रयामि ॥ १ ॥
लोकाचार्याय गुरवे कृष्णपादस्य सूनवे ।
संसारभोगिसंदष्टजीवजीवातवे नमः ॥

(अथ[1]) श्रीलोकाचार्यस्वामीजी सम्पूर्ण मुमुक्षुओं के कल्याण के लिये अर्थपञ्चक को करते हैं। जिस ग्रन्थ को प्रारम्भ करने की इच्छा है उस ग्रन्थ की निर्विघ्नपरिसमाप्ति के लिए वस्तु निर्देशात्मक ॥ अथ ॥ शब्द का प्रयोग ग्रन्थ के आदि में मङ्गलार्थ करते हैं। क्योंकि लिखा है कि ॐकारश्चाथ शब्दश्चद्वावेतौब्रह्मणः पुरा। कण्ठं भित्त्वाविनिर्यातौ तस्मान्माङ्गलिकावुभौ ॥ ॐकार और अथ शब्द ये दोनों सृष्टि के आदि में ब्रह्मा के कण्ठ को भेदन

http://acharya.org

करके निकले इससे ये दोनों माङ्गलिक हैं । इसी से प्रायः महर्षियों ने अपने बनाये शास्त्रों के आदि में अथ शब्द का प्रयोग किया है, जैसे—जैमिनी महर्षि प्रणित पूर्व मीमांसा का पहला सूत्र-'अथातो धर्म-जिज्ञासा ॥१॥ तथा श्री वेदव्यास प्रणीत शारीरक मीमांसा का पहला सूत्र **अथातो ब्रह्म-जिज्ञासा** ॥१॥ और कणाद महर्षि प्रणीत वैशेषिक दर्शन का पहला सूत्र **अथातो धर्म व्याख्यास्यामः** ॥१॥ तथा कपिल महर्षि प्रणीत सांख्यप्रवचन दर्शन का पहला सूत्र **अथ त्रिविधदुःखात्यन्तनिवृत्तिरत्यन्तपुरुषार्थः** ॥१॥ और महर्षि पतञ्जलि प्रणीत योगशास्त्र का पहला सूत्र **अथ योगानुशासनम्** ॥१॥ और भी इसी प्रकार से वेदाङ्ग जो व्याकरण का महाभाष्य है उसके आदि म अथ शब्द का ही मङ्गल पतञ्जलि महर्षि किये हैं, जैसे कि ( **अथ शब्दानुशासनम्** ) यदि यहाँ पर कोई यह कहे कि अथ शब्द यहाँ मङ्गलार्थ नहीं है क्योंकि अथ शब्द का अर्थ श्री पतञ्जलि महर्षि कहे हैं कि ( **अथेत्ययं शब्दोऽधिकारार्थः प्रयुज्यते** ) अथ यह शब्द अधिकारार्थ प्रयोग किया है। तो इस प्रश्न का उत्तर यह है कि अथ शब्द अधिकारार्थ होने पर भी मङ्गलार्थ है। इस बात को नागेश भट्ट ने स्पष्ट भाष्यप्रदीप में कहा है कि "**प्रारम्भक्रियाविषयत्वद्योतकस्यापि-अथशब्दस्यान्यार्थं नीयमानदध्यादिवन्मङ्गलत्वमपीत्युभयार्थमथ-शब्दः प्रयुज्यत इति फलितम्** ॥" प्रारम्भ क्रिया विषयक द्योतक अथ शब्द मङ्गलार्थ भी है जैसे दूसरे के लिए नीयमान दधि आदिक इससे अधिकारार्थ और मङ्गलार्थ इन दोनों अर्थों के लिये अथ शब्द का प्रयोग किया गया है। अन्यथा यदि केवल अधि-

http://acharya.org

कारार्थ माना जाय तो महाभाष्य में मङ्गलाचरण का अभाव मानना पड़ेगा। यदि यह कोई कहे कि वस्तुतः महाभाष्य में मङ्गल नहीं है तो यह कथन अत्यन्त प्रमादयुक्त है क्योंकि महर्षि पतञ्जलिजी महाभाष्य के पहले अध्याय पहले पाद तीसरे आह्निक में, 'वृद्धिरादैच्' पाणि० अ० १ पा० १, सू० १॥ स्वयं कहते हैं कि—**मङ्गलादीनिह शास्त्राणि प्रथन्ते वीरपुरुषकाणि च भवन्त्यायुष्मत्पुरुषाणिचाध्येतारश्च वृद्धियुक्ता यथास्युरिति॥ १ । १ । ३ ॥**" शास्त्र के आदि में मङ्गल अवश्य करना चाहिये, क्योंकि उसको पढ़ने पढ़ानेवाले वीर दीर्घायु और वृद्धियुक्त जिससे होवें ॥ ३ ॥ ऐसे कहनेवाले महर्षि ने अपने ग्रन्थों में अवश्य मङ्गलार्थ अथ शब्द का प्रयोग किया है। वैसे ही श्रीलोकाचार्य स्वामीजी ने मङ्गलार्थ अथपञ्चक के आदि में अथ शब्द का प्रयोग किया है। यहाँ पर यह शङ्का होती है कि मङ्गल विघ्न विघातयता समाप्ति के प्रति कारण नहीं है क्योंकि नास्तिकों की बनाई हुई जो किरणावली है उसमें मङ्गल नहीं है, तौभी समाप्ति देखी जाती है और कादम्बरी में बहुत मंगल करने पर भी समाप्ति नहीं देखी जाती है। इससे मंगल नहीं करना चाहिये। इस शङ्का का समाधान यह है कि-बलवत्तर मंगल विघ्न विघातया समाप्ति का कारण है क्योंकि जो अधिक बलवाला होता है वह पछाड़ता है। इससे यह सिद्ध हुआ कि कादम्बरी में विघ्न मंगल से प्रबल था, इससे समाप्ति न हुई और किरणावली में जन्मान्तरीय मंगल था या विघ्न का अत्यन्ताभाव था इससे उसकी समाप्ति हो गई। प्राचीन लोग विघ्नध्वंस मंगल का द्वार कहते हैं और नव्य लोग

http://acharya.org

तो मंगल का विघ्नध्वंस फल मानते हैं, ग्रन्थ की समाप्ति बुद्धि प्रतिभा आदिक कारण कलाप से होती है। यदि यह कोई कहे कि जिसको स्वतः सिद्ध विघ्न विरह था उसने यदि मंगल किया तो निष्फल हुआ तो इसका उत्तर यह है कि निष्फल नहीं है क्योंकि विघ्न की शङ्का से उसने मंगल किया है। ग्रन्थ के आदि में मंगल अवश्य करना चाहिये इस विषय में श्रीकपिल महर्षि सांख्य दर्शन अध्याय पांचवें के पहले सूत्र में कहते हैं कि **मङ्गलाचरणं शिष्टाचारात्फलदर्शनाच्छ्रुतितश्चेच्चेति** सां० अ० ५ सू० १। **मंगल** अवश्य करना चाहिये क्योंकि लिखा है कि ग्रन्थादौग्रन्थमध्ये ग्रन्थान्तेचमंगलमाचरणीयम्। ग्रन्थ के आदि मध्य और अन्त में मंगल करना चाहिये और अनुमान से भी मंगल सफल सिद्ध होता है जैसे कि—**मङ्गलं समाप्तिफलकं समाप्त्यन्याफलकत्वे सति सफलत्वात्**॥ यह अनुमान का स्वरुप है। **मङ्गलं सफलं अविगीत-शिष्टाचार-विषयत्वात्**। और इस विषय में श्रुति प्रमाण भी है कि **समाप्तिकामो मंगलमाचरेत्**। समाप्ति की इच्छावाला मंगल करे। इससे मङ्गल अवश्य करना चाहिये, ग्रन्थ के विस्तार के भय से अधिक नहीं लिखता हूँ। अब यहाँ पर यह प्रश्न है कि मङ्गल अपने मन में कर लेते फिर ग्रन्थ में क्यों लिखे। इसका उत्तर यह है कि हमारे लिखे हुए मंगल को देखकर वैदिक श्री सम्प्रदायावलम्बी जितने श्रीवैष्णव हैं वे भी मंगल को इसी प्रकार से करेंगे—इस शिष्य शिक्षा के लिएअथशब्दात्मक मंगल प्रथम अपने ग्रन्थ में लिखे हैं। ( मुमुक्षोः २) मोक्ष की इच्छा करनेवाले

http://acharya.org

( संसारिण:[३]) अनादिकाल से जन्म-मरण रूप संसार में पड़े हुए ( चेतनस्य[४]) जीवों के ( तत्त्वज्ञानोत्पत्त्या[५]) यथार्थ ज्ञान की उत्पत्ति से ( उज्जीवन[६]-समये )उज्जीवन होने के समय में ( अथ-पञ्चकज्ञानोत्पत्तिः[७] ) अर्थपञ्चक के ज्ञान की उत्पत्ति ( आवश्यकी[८] ) अवश्य होनी चाहिये, क्योंकि बिना अर्थपञ्चक के तत्त्व जाने महाभागवत नहीं हो सकता है। यह पराशरीय धर्मशास्त्र के उत्तर खण्ड में लिखा है कि—**अर्थपञ्चकतत्त्वज्ञाः पञ्चसंस्कारसंस्कृताः । आकारत्रयसंपन्ना महाभागवताः स्मृताः ॥** पराश० अध्या० १० श्लो ६ ॥ अर्थपञ्चक के तत्त्व को जानता हो तथा तापपुण्ड्र नाम मन्त्र याग इन पाँचों संस्कारो से संस्कृत हो और अनन्यार्हशेषत्व, अनन्यशरणत्व अनन्यभोग्यत्वरूप, इन तीन आकारों से युक्त हो उनको महाभागवत कहते हैं ॥ ६ ॥ इस कारण से और समस्त शस्त्रों में अर्थपञ्चक ही प्रतिपादित होने से इसका ज्ञान अवश्य होना चाहिये। समस्त श्रुति स्मृति इतिहास पुराणों में अर्थपञ्चक का ही अर्थ प्रतिपादित है ,इसमें प्रमाण—**प्राप्यस्य ब्रह्मणोरूपं प्राप्तुश्च प्रत्यगात्मनः । प्राप्त्युपायं फलं प्राप्तेस्तथा प्रतिविरोधि च ॥ वदन्ति सकला वेदाः सेतिहासपुराणकाः । मुनयश्च महात्मानो वेदवेदार्थवेदिनः ॥** यह हारीत संहिता का वचन है। इन्हीं आशयों से 'अर्थपञ्चक ज्ञानोत्पत्तिरावश्यकी" यह पद लोकाचार्य स्वामीजी ने कहा है। आवश्यकी। इस पद तक अनुबन्ध चतुष्टय भी श्रीपूज्यपाद जी ने दिखाया है। अनुबन्ध का लक्षण भी यह लिखा है—( **अनुबन्धत्वञ्च प्रवृत्तिप्रयोजक ज्ञानविषयत्वम्** ) और चतुष्टय चार ये हैं कि—**अधि-**

http://acharya.org

**कारी च सम्बन्धो विषयश्च प्रयोजनम्। अवश्यमेव कर्तव्यमनुबन्धचतुष्टयम्** ।। अधिकारी १ सम्बन्ध २ विषय ३ प्रयोजन ४ ये चार अनुबन्ध ग्रन्थ में अवश्य करना चाहिए। तो इस नियमानुसार अर्थपञ्चक ज्ञान के जिज्ञासु मुमुक्षु जीव इस ग्रन्थ का अधिकारी है। प्रतिपाद्य प्रतिपादक भाव सम्बन्ध है तथा अर्थपञ्चक विषय है और भगवत् के नित्य कैङ्कर्य रूप मोक्ष प्राप्ति प्रयोजन है। अब अर्थपञ्चक के आगे शङ्का समाधान को नियम से कहते हैं ।।१।।

**अर्थपंचकज्ञानं[१] नाम[२] स्वस्वरूप[३] - परस्वरूप पुरुषार्थस्वरूपोपायस्वरूपविरोधिस्वरूपाणां च यथात्म्यज्ञानम्[४] ॥ २ ॥**

टोका—( अर्थपञ्चकज्ञानम्[१] ) अर्थपञ्चकज्ञान ( नाम[२] ) किसको कहते हैं। शङ्का होने का कारण यह है कि शरीरवादी पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश इन पाँच अर्थों के ज्ञान को मानते हैं और वैद्य लोग जड़, छिलका, पत्र फूल फल इन पाँचों के ज्ञान को अर्थपञ्चक मानते हैं, इत्यादिक शङ्काओं को दूर करते अपने ही श्रीलोकाचार्यजी बता रहे हैं कि ( स्व[३]स्वरूपपरस्वरूप-पुरुषार्थस्वरूपोपाय-स्वरूप-विरोधिस्वरूपाणाम् ) जीव जो मैं हूं सो मेरा स्वरूप क्या है ? ।। १ ।। तथा संसार से हमको पार करनेवाले परमात्मा का स्वरूप क्या है ? ।। २ ।। हम सबों के

http://acharya.org

चाहने के चीजों के स्वरूप क्या हैं ॥ ३ ॥ इस संसार से छूट जाने के उपाय का स्वरूप क्या है ॥ ४ ॥ और मुझे इस संसार से जो नहीं छूटने देता है उस विरोधी का स्वरूप क्या है ॥ ५ ॥ ( यथात्म्य[४] ज्ञानम् ) इन पाँचों के ठीक-ठीक ज्ञान को अर्थपञ्चक ज्ञान कहते हैं। यहाँ जीव के विषय में बहुत से आधुनिक लोग यह कहते हैं कि जैसे रस्सी में सर्पज्ञान और सीप में चाँदी का ज्ञान झूठा होता है वैसे ही केवल एक ब्रह्म में जीव मालूम होना झूठ है वास्तविक में एक ब्रह्म है और कोई भी तत्व नहीं है। इसका उत्तर यह है कि कहीं पर साँप और चाँदी है सचा, तभी तो ज्ञान हुआ। वैसे ही जीव भी कहीं सचा मानना पड़ेगा। और यह भी बात है कि जो लोग केवल एक ब्रह्म को सत्य मानते हैं उनके मत में भ्रम नहीं बन सकता, क्योंकि यदि देखनेवाला कोई न हो तो रस्सी में सर्पज्ञान नहीं हो सकता है। यदि भ्रम मान लिया जाय तो ब्रह्म में ही भ्रम मानना पड़ेगा और ब्रह्म भ्रमरहित है यह सबका सिद्धान्त है। इससे जीव को अनादि सत्य मानना चाहिये। अब वादी लोग यहाँ पर यह युक्ति दिखाते हैं कि जैसे सूर्य एक है तो भी उसका प्रतिबिम्ब अनेक घटों पर दिखाई पड़ता है वैसे ही एक ब्रह्म के अनेक प्रतिबिम्बस्थानी जीव है। यह विषय दृष्टान्त है कारण कि सूर्य आकाश के एक देश में रहते हैं और गोलाकार दिखाई पड़ते हैं और उनसे अन्यत्र जगह खाली है जहाँ कि छाया या सूर्य का प्रतिबिम्ब पड़ता है। वैसा ब्रह्म नहीं क्योंकि वह सर्वदेशी है। इससे ब्रह्म का प्रतिबिम्ब जीव नहीं है, बल्कि जैसे ब्रह्म अनादि हैं वैसे ही जीव भी अनादि है। यह लिखा है कि— **अजो-**

http://acharya.org

**नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे** ।। कठोपनि० अ० १ वल्ली० २ मं० १८ ।। यह जीव अजन्मा नित्य सर्वकाल में रहनेवाला पुराण है, शरीर के मरने पर भी नहीं मरता है ।।१८।। और भी लिखा है कि—**ऋतं पिबन्तौ सुकृतस्य लोके गुहां प्रविष्टौ परमे परार्ध्ये । छायातपौ ब्रह्मविदो वदन्ति पञ्चाग्नयो ये च त्रिणाचिकेताः** ।। कठ० अ० १ व० ३ मं० १ ।। इस मन्त्र में स्पष्ट एक को छाया और दूसरे को आतप या गुहा में प्रविष्ट दोनों को कहा गया है । मुण्डक में लिखा है कि—**द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते । तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभिचाकशीति** ।। मुण्ड० ३ खं० १ मं १ ।। शरीररूप एक ही वृक्ष में ये जीव और ब्रह्म दोनों मिलकर रहते हैं तथा दोनों का साथ और मित्रता है परन्तु इन दोनों में से जीव कर्म फल को स्वादवाला समझकर खाता है और परमात्मा न खाता हुआ अत्यन्त प्रकाशस्वरूप बना रहता है ।। १ ।। श्वेताश्वतरोपनिषद् में भी है कि **ज्ञाज्ञौद्वावजावीशानीशौ** ।। श्वेताश्व अ० १ म ९ ।। दो चेतन अनादि है, एक सर्वज्ञ और ईश है और दूसरा अल्पज्ञ तथा अनीश है ।। ९ ।। और वेदान्त सूत्र में भी ब्रह्म से अलग जीव बताया गया है ।। **अस्मिन्नस्य च तद्योगं शास्ति** ।। शारीरिक मी० अ० १ पाद १ सूत्र १९ ।। **अन्तस्तधर्मोपदेशात्** ।। शा० अ० १ सू० २० ।। **भेदव्यपदेशाच्चान्यः** ।। शा० अ० १ पा० १ सू० २१ ।। इस जीव में ब्रह्म का संयोग उपनिषद् शासन करता है ।। १९ ।। भीतर ब्रह्म के धर्म उपदेश होने से ।। २० ।। और भेदव्यपदेश होने से जीव ब्रह्म से न्यारा है ।। २१ ।। **गुहां प्रविष्टा-**

http://acharya.org

**वात्मानो हि तद्दर्शनात्** ॥ शा० अ० १ पा० २ सू० ११ ॥ निश्चय करके दोनों जीवात्मा परमात्मा शरीर के गुहा में प्रवेश किये हैं, क्योंकि दोनों का दर्शन होता है । ११ ॥ और भगवद्गीता में लिखा है कि—**ममैवांशोजीवलोके जीवभूत: सनातन:** ॥ गी० अ० १५ श्लो० ७ ॥ इस जीवलोक में मेरा ही अंश अनादि जीव है ॥ ७ ॥ और भी लिखा है कि—**द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च । क्षर: सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते** ॥ गी० अ० १५ श्लो० १६ ॥ लोक में दो प्रकार के पुरुष हैं एक क्षर और दूसरा अक्षर है उसमें ब्रह्मा से लेकर चींटी पर्यन्त क्षर पुरुष हैं और कूटस्थ मुक्तात्मा अक्षर पुरुष हैं, यह ऋषियों ने कहा है ॥ १६ ॥ और भी लिखा है कि—"**पृथगात्मानं प्रेरितारंच मत्वा जुष्टस्तत-स्तेनामृतत्वमेति**" श्वेताश्व० अ० १ मं० ६ ॥ अपने को और परमात्मा को पृथक् मानकर जीव तब मोक्ष पाता है ॥ ६ ॥ **बालाग्रशतभागस्य शतधाकल्पितस्य च । भागो जीव: स विज्ञेय:** ॥ श्वे० अ० ५ मं० ९ ॥ बाल के अग्रभाग के सौवें भाग का सौवां हिस्सा उसी भाग को जीव जानना ॥ ९ ॥ और गौतम महर्षि भी कहते हैं कि—**इच्छा-द्वेष प्रयत्न सुख-दुखज्ञानानि ( आत्मनो लिंगम् )** इति ॥ न्याय० अ० आह्नि० १ सू० १० ॥ तथा कणाद महर्षि ने कहा है कि—**प्राणापाननिमेषोन्मेष जीवनमनोगतीन्द्रिया-न्तरविकारास्सुखदु:खेच्छाद्वेषप्रयत्नाश्च** ( आत्मनो लिङ्गानि ) ॥ वैशे० अ० ३ आह्नि० २ सू० ४ ॥ प्राणवायु तथा अपानवायु और आँख मूँदना खोलना, जीना, मन की गति और इन्द्रियान्तर-विकार तथा सुख, दु:ख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न—ये सब जीवात्मा के

http://acharya.org

चिन्ह हैं ।। ४ ।। कपिल महर्षि भी कहे हैं कि—'**पुरुषबहुत्वं व्यवस्थातः** ।। सां० अ० ६ सू० ४५ ।। जीव बहुत हैं व्यवस्था होने से ।। ४५ ।। **नाद्वैतमात्मनोलिंगात्तद्भेदप्रतीतेः** ।। सां० अ० ५ सू० ६१ ।। **अद्वैतमत** ठीक नहीं है आत्मा के चिन्ह होने से और प्रत्यक्ष भेद प्रतीत होने से ।। ६१ ।। **वामदेवादिमुक्तो-नाद्वैतम्** ।। सां० अ० १ सू० १५८ ।। वामदेव आदिक मुक्त हो गये हैं इससे भी अद्वैत मत ठीक नहीं है ।। १५८ ।। **जन्मादि-व्यवस्थातः पुरुषबहुत्वम्** ।। सां० अ० १ सू० १५० ।। जन्म मरण आदि व्यवस्था होने से जीवात्मा बहुत सिद्ध होता है ।। १५० ।। अर्थात् केवल एक ब्रह्मतत्त्व अनादि मानने से जन्म, मरण, सुखी, दुःखी धनी, दरिद्र बन्धन, मोक्ष, गुरु शिष्य इत्यादिक व्यवस्था नहीं हो सकती है । अतः अनन्त अनादि जीव मानना परम वैदिक मत है । अब बहुत से लोग शरीर, इन्द्रिय और मन को जीवात्मा मानते हैं उसका उत्तर यह है कि—**शरीरस्य न चैतन्यं मृतेषु व्यभिचारतः । तथात्वं चेदिन्द्रियाणामुपघाते कथं स्मृतिः** ।। ४८ ।। **मनोऽपि न तथा ज्ञानाद्यनध्यक्षं तदा भवेत्** ।। कारिका-वली० ४९ ।। शरीर चेतन नहीं है क्योंकि मृतक शरीर में चेतनता नहीं पायी जाती है । इसी प्रकार से इन्द्रियाँ चेतन नहीं अन्यथा इन्द्रियों के नाश होने पर भी पूर्व प्रत्यक्ष को हुई चीजों का स्मरण कैसे होता है ।। ४८ ।। इसी प्रकार से मन भी आत्मा नहीं है अन्यथा ज्ञानादिकों का अनध्यक्ष हो जायेगा ।। ४९ ।। इसी प्रकार ( **सुषुप्तावहं नासम्** ) इस प्रतीति से शून्यवादी माध्यमिक का मत तथा ( **क्रमादयं घट इत्यहमिति च** ।। ) इसप्रवृत्ति विज्ञान

http://acharya.org

तथा आलय विज्ञान के भेद से दो प्रकार के क्षणिक विज्ञानस्वरूप आत्मा अन्य नहीं यह योगाचार के मत तथा 'ज्ञानाकारानुमेयक्षणिकबाह्यार्थ एवात्मा" यह सौत्रांतिक के मत तथा "क्षणभंगुरवादी क्षणिक बाह्यार्थ एवात्मा" यह वैभाषिक के मत "देहातिरिक्तो देहपरिणाम आत्मा" यह दिगम्बर मतावलम्बी जैन का मत भी श्रुति, स्मृति इतिहास पुराण युक्ति से विरुद्ध होने के कारण ठीक नहीं है। यह श्री भाष्य में स्पष्ट प्रत्याख्यान किया गया है। ग्रन्थ के विस्तार-भय से अधिक मैं नहीं लिखता हूँ। पूर्वोक्त कथन से यह सिद्ध हो गया कि ब्रह्म से न्यारा जीव है और सबसे पहले स्वस्वरूप का ज्ञान होना चाहिए। इस उपदेश के लिये ग्रन्थकर्ता ने अर्थपञ्चक में पहले स्वस्वरूप की गणना की है।

हा! करालकलिकाल के प्रभाव से परस्वरूप की सत्ता में भी आजकल सन्देह हो गया है, इससे बहुत से लोग संसार का कर्त्ता परमेश्वर को नहीं मानते हैं और यों कहते हैं कि पृथ्वी, जल तेज वायु, आकाश के परमाणु अनादि हैं और वे ही जब इकट्ठा हो जाते हैं तो अपने आप संसार हो जाता है। इससे संसार का कारण ब्रह्म को मानना व्यर्थ है। ऐसे कहने वालों से यह कहना चाहिए कि आपके परमाणु रूपवाले हैं या बिना रूप के। यदि यह कहिए कि बिना रूप के हैं तो यह बताइये कि रूपरहित परमाणुओं के इकट्ठे होने से रूपवाला संसार कैसे बन गया। इस दोष को हटाने के लिए यदि यह कहिये कि रूपवाले परमाणु हैं, तो यह याद रखिए कि — "यत्र यत्र रू त्वं तत्र तत्रानित्यत्वम्" संसार में जीतनी रूपवाली चीजें हैं वे सब अनित्य हैं। अर्थात्

http://acharya.org

उनकी उत्पत्ति और नाश अवश्य होता है तो आपके परमाणु की भी उत्पत्ति कहाँ से होगी, उसी को हम सब ब्रह्म कहते हैं। उपनिषदों में ब्रह्म से संसार की उत्पत्ति लिखी हुई है कि— यतो वा इमानिभूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति। यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति तद्विजिज्ञासस्व तद्ब्रह्मेति ॥ तैत्तिर य० भृगुव० ३ अनु० १ ॥ जिससे समस्त संसार की उत्पत्ति, पालन, संहार और मोक्ष होता है उसको जानने की इच्छा करो, वही ब्रह्म है ॥ १ ॥

और भी लिखा है कि—यथोर्णनाभिः सृजते गृह्णते च यथा पृथिव्यामोषधयः संभवन्ति। यथा सतःपुरुषात्केशलोमानि तथाक्षरात्सम्भवतीह विश्वम् ॥ मुण्ड० १ मं० ७ ॥ जैसे जीव विशिष्ट मकरी अपने पेट से सूत को बाहर निकालती है और लील लेता है, जैसे व जविशिष्ट पृथ्वी में औषधियाँ उत्पन्न होती हैं और जैसे जीव विशिष्ट देह से केश, लोम, नख उत्पन्न होते हैं वैसे ही सूक्ष्म चिदचिद्विशिष्ट अविनाशी श्रीमन्नारायणदेव से यह स्थूल प्रपञ्चरूप संसार उत्पन्न होता है ॥ ७ ॥ यह शारीरक मीमांसा में भी लिखा है कि— जन्माद्यस्य यतः ॥ सा० अ० १ पा० स० २ ॥ इस समस्त संसार का जिससे उत्पत्ति पालन, संहार और मोक्ष होता है ॥ २ ॥ यदि यह कोई शङ्का करे कि तब तो बनाने में परिश्रम परमात्मा को होता होगा और किसी को धनी किसी को दरिद्र बनाया तो वैषम्य और नैर्घृण्य दोष उसको लगता होगा। तो इस प्रश्न का उत्तर श्रीवेदव्यासजी ने दिया है कि-

http://acharya.org

लोकवत्तु लीलाकैवल्यम् ॥ शा० अ० २ पा० १ सू० ३३ ॥ वैषम्यनैर्घृण्येन सापेक्षत्वात्तथाहि दर्शयति ॥ सू० ३४ ॥ जैसे लोक में छोटे-छोटे बच्चों को घरौना बनाने में परिश्रम नहीं होता है वैसे ही केवल लीला से परमात्मा संसार को बनाते हैं इससे उनको थकावट नहीं होती है ॥ ३३ ॥ और निश्चय करके शास्त्र बताता है कि कर्मानुसार परमात्मा धनी दरिद्र बनाता है, इससे वैषम्य और नैर्घृण्य दोष ब्रह्म को नहीं लगते हैं ॥ ३४ ॥ इन्हीं आशयों से पूज्यपाद ने अर्थपञ्चक में दूसरा परस्वरूप का ज्ञान कहा है। आगे अब पाँचों अर्थों के पांच-पांच भेद निरूपण करेंगे ॥ २ ॥

एतेष्वेकैको विषयः पञ्चधा भवति ॥ ३ ॥

टीका—( एतेषु[१] ) इन पांच अर्थों का ( एकैकः[२] ) हर एक का ( विषयः[३] ) विषय ( पञ्चधा[४] ) पांच पांच प्रकार का ( भवति[५] ) होता है। अर्थात स्वरूप १, परस्वरूप २ पुरुषार्थ-स्वरूप ३, उपाय स्वरूप ४, विरोधिस्वरूप ५,—इन पांच अर्थों के पांच-पांच प्रकार के भेद होने से ये पचीस प्रकार के होते हैं, जिनको आगे कहते हैं ॥ ३ ॥

स्वस्वरूपमित्यात्मस्वरूपमुच्यते तच्चात्मस्वरूपं नित्यमुक्तबद्धकेवलमुमुक्षुभेदात् पञ्चविधम् ॥ ४ ॥

http://acharya.org

टीका (स्वरूपम् [१]) स्वस्वरूप (इति[२]) इस पद से (आत्मस्वरूपम् [३]) जीवात्मा का स्वरूप (उच्यते[४]) कहा जाता है कारण कि स्व शब्द का आत्मा १, आत्मीय २, ज्ञाति ३, धन ४—ये चार अर्थ होने पर भी प्रथम उपस्थित जो आत्मा अर्थ है वही करना प्रकरण के अनुसार न्याय है, (तत्[५]) वह (च[६]) भी (आत्मस्वरूपम्[७]) जीवात्मा का स्वरूप (नित्य[८] मुक्तबद्धकेवल-मुमुक्षुभेदात्) नित्य १ मुक्त २, बद्ध ३, केवल ४, मुमुक्षु ५ इन भेदों से (पञ्चविधम् [९]) पाँच प्रकार का है। नित्य जीवों में यह प्रमाण है कि **"नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेकोबहूनां यो विदधाति कामान्"** ॥ कठो० अ० २ व० ५ मं० १३ ॥ जो एक नित्य चेतन परमात्मा बहुत से चेतन नित्य जीवों की कामनाओं को परिपूर्ण करते हैं ॥ १३ ॥ और मुक्तों का भी वर्णन है कि—**यथा नद्यः स्यन्दमानाः समुद्रेऽस्तं गच्छन्ति नामरूपे विहाय। तथा विद्वान्नामरूपाद्विमुक्तः परात्परं पुरुषमुपैति दिव्यम्"** ॥ मुण्ड० ३ खं० २ मं० ८ ॥ जैसे बहती हुई नदियाँ अपने नाम और रूप को छोड़कर समुद्र में जाकर मिल जाती हैं वैसे ही विद्वान् जीव नाम और प्राकृत रूप से रहित हो करके ब्रह्मादिक देव से परे दिव्य श्रीमन्नारायण भगवान् को प्राप्त कर लेता है ॥ ८ ॥ और भी लिखा है कि—**"ब्रह्मविदाप्नोति परम्। सोऽश्नुते सर्वान्कामान् सह ब्रह्मणा विपश्चितेति"** ॥ तैत्तिरीयो० ब्रह्मानन्दवल्ली० २ अनुवा० १ ॥ ब्रह्मवेत्ता जीव मोक्ष को पाता है अर्थात् मुक्त हो जाता है। वह मुक्त जीव ब्रह्म के साथ समस्त भोगों को भोगता है ॥ १ ॥ वेदान्तदर्शन में भी लिखा है कि—

http://acharya.org

"मुक्तोपसृप्यव्यपदेशात्" ।। शारी० अ० १ पा० ३ सू० ।। मुक्तों को ब्रह्म के पास जाने के व्यापदेश होने से ।। २ ।। जगद्व्यापारवर्जं प्रकरणादसन्निहितत्वाच्च ।। शारी० अ० ४ पा० ४ सू० १७ ।। मुक्त जीव संसार को बना नहीं सकता है क्योंकि ब्रह्म का प्रकरण होने से और जीव के असन्निहित होने से ।। १७ ।। भोग्यमात्रसाम्यलिङ्गाच्च ।। शारी० अ० ४ सू० २१ ।। अनावृत्तिश्शब्दादनावृत्तिश्शब्दात् ।। सू० २२ ।। मुक्तजीव का केवल भोग में ब्रह्म के समान चिन्ह पाया जाता है और अंश में ब्रह्म तुल्य नहीं होता है ।। २१ ।। मुक्तजीव का जन्म-मरण नहीं होता है शब्द प्रमाण होने से ।। २२ ।। और बद्ध जीव तो प्रत्यक्ष ही बहुत से दिखाई पड़ते हैं तौभी बद्ध का वर्णन है कि—अविद्यायामन्तरे वर्तमानाः स्वयं धीराः पण्डित मन्यमानाः । दन्द्रम्यमाणाः परियन्ति मूढा अन्धेनैव नीयमाना यथाऽन्धाः ।। कठो० अ० १ वल्ली २ मं० ५ ।। सुत वित नारी रूप अविद्या के भीतर वर्तमान स्वयं धीर अपने आप पण्डितमानी काम क्रोधादिकों से परिपूर्ण मूढ लोग विषयों को प्राप्त करते हैं और उसीसे वे आनन्द चाहते हैं जैसे अन्धे को जन्मान्ध राह बतावे–वही दशा उन लोगों की है ।। ५ ।। केवल जीव सांख्य शास्त्र में कहा गया है। अब मुमुक्षु को देखिए कि यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै यो वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै । तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं मुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये ।। श्वेताश्व० अध्याय ६ मं० १८ ।। जो श्रीमन्नारायण भगवान् सृष्टि के आदि में ब्रह्मा को उत्पन्न किए और ऋग्वेद १ यजुर्वेद २ सामवेद ३ अथर्ववेद ४ इन चारों वेदों को लाये उस

http://acharya.org

आत्मबुद्धि प्रकाश श्रीमन्नारायण देव की शरणागति मुमुक्षु मैं कहता हूँ ॥ १८ ॥ और श्रीमद्भागवत में लिखा है कि—मुमुक्षवो घोररूपान्हित्वा भूतपतीनथ। नारायणकलाः शान्ता भजन्ति ह्यनसूयवः ॥ भाग० स्कं० १ अ० २ श्लो० २६ ॥ मुमुक्षु सब घोर रूप तमोगुणी भूतपतियों को त्याग करके असूयारहित निश्चय करके शान्तनारायण की कला को भजते हैं ॥ २६ ॥ इन पूर्वोक्त प्रमाणों से स्पष्ट नित्य १ मुक्त २ बद्ध ३ केवल ४ मुमुक्षु ५ ये पांच प्रकार के जीव सिद्ध होते हैं। अब आगे परस्वरूप पांच प्रकार का वर्णन करते हैं ॥ ४ ॥

**परस्वरूपं[१] परव्यूहविभवान्तर्य्याम्यर्चावतारभेदात्[२] पञ्चविधम्[३] ॥ ५ ॥**

टीका—( परस्वरूपम्[१] ) परमात्मा का स्वरूप ( परव्यूहविभवान्तर्य्याम्यर्चावतारभेदात्[२] ) पर १ व्यूह २ विभव ३ अन्तर्य्यामी ४ अर्चावतार ५ इन भेदों से ( पञ्चविधम्[३] ) पांच प्रकार का है। पर परमात्मा का स्वरूप लिखा है कि—तमीश्वराणां परमं महेश्वरं, तं देवतानां परमं च दैवतम्। पतिं पतीनां परमं परस्ताद्विदाम देवं भुवनेशमीड्यम् ॥ श्वेताश्व अध्याय ६ मं० ७ ॥ न तस्य कार्यं करणं च विद्यते, न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते। परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च ॥ ८ ॥ न तस्य कश्चित्पतिरस्ति लोके न चेशिता नैव च तस्य लिङ्गम्। स कारणं करणाधिपाधिपो, न चास्य कश्चिज्जनिता नचाधिपः ॥ ९ ॥

http://acharya.org

स विश्वकृद्विश्वविदात्मयोनिर्ज्ञः कालकालोगुणी सर्वविद्यः। प्रधान-क्षेत्रज्ञपतिर्गुणेशः संसारमोक्षस्थितिबन्धहेतुः ॥ १६ ॥ समस्त मालिकों का बड़ा मालिक तथा इन्द्रादि देवों के देव प्रजापतियों के रक्षक और ब्रह्मादि देवों से परे सबके स्तुति करने योग्य भुवनों के स्वामी उस पर परमात्मा देव को हम सब प्राप्त करें ॥ ७ ॥ उस पर परमात्मा का कार्य या कारण नहीं है तथा उनके बराबर या अधिक नहीं है। अनेक प्रकार की उनकी पराशक्ति सुनी जाती है और ज्ञान बल क्रियायें उनमें स्वाभाविकी हैं ॥ ८ ॥ उस पर परमात्मा का रक्षक लोक में कोई नहीं है न कोई उसका स्वामी है और न तो उसका लिङ्ग है। वह सबका कारण है तथा इन्द्रियों के स्वामियों का अधिप है और पर परमात्मा का उत्पादक और मालिक कोई नहीं है ॥ ९ ॥ वह पर परमात्मा विश्व का कर्त्ता तथा विश्व को जाननेवाला आत्मयोनि ज्ञाता कालों का काल गुणवाला सर्ववेत्ता है और प्रधान तथा जीवात्मा का पति गुणेश तथा संसार के मोक्ष, स्थिति, एवं बन्धन का कारण है ॥ १६ ॥ वेदान्तदर्शन में लिखा है कि—अत्ता चराचरग्रहणात् ॥ शारी० अध्याय १ पा० २ सू० ९ ॥ चर अचर ग्रहण करने से परमात्मा भक्षण करनेवाला है ॥ ९ ॥ ज्ञोऽतएव ॥ शारी० अ० २ पा० ३ सू० १८ ॥ इससे परमात्मा ज्ञाता है ॥ १८ ॥ कर्ता शास्त्रार्थ-वत्त्वात् ॥ शा० अ० २ पा० ३ सू० ३३ ॥ शास्त्रार्थवत्त्व से पर-मात्मा विश्व का कर्त्ता है ॥ ३३ ॥ अब व्यूह को कहते हैं कि—"व्यूहावस्थासु तिसृषु गुणद्वयमधिष्ठितम्। प्रद्युम्नश्चानिरुद्धश्च तथा संकर्षणो विभुः ॥" पराशरी० उत्तरखं० अ० ६ श्लो० ६८ ॥

http://acharya.org

तीनों व्यूहावस्था में गुणद्वय अधिष्ठित प्रद्युम्न १ अनिरुद्ध २ और संकर्षण ३ हैं ।। ६८ ।। अब विभव को कहते हैं कि —"प्रतद्विष्णु:- स्तवते वीर्येण मृगोनभीम: कुचरो गिरिष्ठा: । यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा ।।" शुक्ल यजु० अ० ५ मं० २० ।। मृग के समान वह विष्णु भगवान् अपने पराक्रम से स्तुति को प्राप्त होते हैं । नृसिंहरूप से भीम, मत्स्य कच्छप वाराहादि रूप से मिट्टी खाने और पृथ्वी में विचरने से कुचर तथा वेङ्कटाद्रि में स्थित रहने से गिरिष्ठ हैं, जिस विष्णु के बड़े तीन पाद-विक्षेप में समस्त भुवन कम्पित होते हैं या वसते हैं ।। २० ।। अब अन्तर्यामी को कहते हैं कि—' एष आत्मा अन्तर्याम्यमृत:" यह परमात्मा अन्तर्यामी अमृत हैं । और भी लिखा है कि – एष देवो विश्वकर्मा महात्मा सदा जनानां हृदये सनिविष्ट: ।। श्वेता० अ० ४ मं० १७ ।। ये विश्वकर्मा परमात्मा देव सर्वदा सब जनों के हृदय में अन्तर्यामी होकर रहते हैं ।। १७ ।। और भगवद्गीता में भी लिखा है कि—सर्वस्य चाहं हृदि सन्निविष्ट: ।। गी० अ० १५ श्लो० १५ ।। मैं सबके हृदय में प्रविष्ट हूँ ।। १५ ।। अब अर्चा-वतार को देखिये, ऋग्वेद में लिखा है कि—अदो यद्दारुप्लवते सिन्धो: पारे अपुरुषं तदारभस्व दुर्हणोतेनगच्छपरस्तरम् ।। विप्र-कृष्ट देश में जो यह समुद्र तट पर काठ की मूर्ति है सो किसी जीव की नहीं है बल्कि परमात्मा की है अतएव दुर्हण है उस मूर्ति को उपासना करो और उससे मोक्ष प्राप्त करो ।। और भी लिखा है कि—अर्चत प्रार्चत प्रियमेधासो अर्चत । अर्चन्तु पुत्रका उत्पुरं न धृष्ण्वर्चत ।। ऋग्० अष्ट० ६ अ० ५ सू० ५८ मं० ८ ।। हे अध्व-

http://acharya.org

यदि तुम परमात्मा का पूजन करो विशेष रूप से पूजा करो। हे प्रियमेध सम्बन्धी या प्रियमेधा के गोत्रवाले! तुम पूजन करो और पुत्र भी पूजें और जैसे पुरुष धर्षणशील को पूजते हैं॥ ८॥ पूर्वोक्त कथन से पर १ व्यूह २ विभव ३ अन्तर्यामी ४ अर्चावतार ५ इन भेदों से परस्वरूप पाँच प्रकार का सिद्ध हो गया है। अब आगे पुरुषार्थ स्वरूप पांच प्रकार का वर्णन करते हैं॥५॥

मूल—पुरुषेण[1] आर्थनीयः[2] पुरुषार्थः[3] स[4] च[5] धर्मार्थकामात्मानुभवभगवदनुभवभेदात्[6] पञ्चविधः[7] ॥६॥

मूल— (पुरुषेण[1]) जीवात्मा करके (अर्थनीयः[2]) चाहना करने योग्य वस्तु को (पुरुषार्थ[3]) पुरुषार्थ कहते हैं (सः[4]) वह पुरुषार्थ (च[5]) भी (धर्मार्थकामात्मानुभवभगवदनुभवभेदात् ) धर्म १ अर्थ २ काम ३ जीवात्मा का अनुभव ४ भगवान् का अनुभव ५ इन भेदों से (पञ्चविधः[7]) पाँच प्रकार का है। धर्म का लक्षण जैमिनि महर्षि कहते हैं कि—चोदनालक्षणोऽर्थोधर्मः॥ पूर्वमीमां॰ अ॰ १ सू॰ २॥ प्रेरणात्मक लक्षण अर्थ को धर्म कहते हैं॥ २॥ और कणाद महर्षि यह कहते हैं कि—यतोऽभ्युदयनिश्श्रेयस्सिद्धिस्सः (धर्मः)॥ वैशे॰ अ॰ १ आह्नि॰ १ सू॰ २॥ जिससे इस लोक में अभ्युदय होते हुए परलोक में निःश्रेयस्सिद्धि होवे उसको धर्म कहते हैं॥ २॥ और मनुस्मृति में लिखा है कि—धृतिः क्षमादमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः। धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्॥ मनु॰

अ० ६ श्लो० ६२ ।। धीरता १ क्षमा २ मन को विषयों से रोकना ३ अन्याय से पराये धन को न लेना ४ मिट्टी तथा जल से देह को शुद्ध करना ५ विषयों से चक्षु आदिक को रोकना ६ शास्त्र आदि के तत्त्व का ज्ञान ७ आत्मज्ञान ८ यथार्थ कहना ९ और क्रोध न करना १० यह दश प्रकार के धर्म का स्वरूप है ।। २ ।। और मनुस्मृति में आचार को परमधर्म कहा है। आचारः परमोधर्मः श्रुत्युक्तः स्मार्त एव च । तस्यमादस्मिन्सदा-युक्तो नित्यं स्यादात्मवान्द्विजः । मनु० अ० १ श्लो० १०८ ।। श्रुति तथा स्मृति में कहा हुआ आचार परम धर्म है जिससे आत्मवान् अपने धर्म को चाहनेवाला ब्राह्मण सदा आचारयुक्त रहे ।। १०८ ।। भगवान् शब्द का यह अर्थ है कि— उत्पत्तिप्रलय-ञ्चैव भूतानामगतिंगतिं वेत्ति विद्यामविद्याञ्च स वाच्योभगवा-निति ।। जो सम्पूर्ण जीवों की उत्पत्ति तथा प्रलय को और अगति तथा गति को और विद्या तथा अविद्या को जानता है उसको भगवान् कहते हैं । धर्म १ अर्थ २ काम ३ जीवात्मानुभव ४ भगवदनुभव ५ इन पाँच प्रकार के पुरुषार्थ कह कर अब उपायस्व-रूप पाँच प्रकार का वर्णन करते हैं ।। ६ ।।

मूल— उपायश्च[1] कर्म[2]ज्ञानभक्ति[3]प्रपत्याचार्याभिमान-भेदात्[4]पञ्चविधः ।। ७ ।।

टीका—( उपायः[1] ) इस संसार से छूट जाने का उपाय स्वरूप ( च[2] ) भी ( कर्मज्ञानभक्तिप्रपत्त्याचार्याभिमानभेदात्[3] ) दानयज्ञादिकों के करना रूप कर्म १ ज्ञान २ नवधाभक्ति ३

http://acharya.org

श्रीमन्नारायण को ही अपना रक्षक मानकर सबका भरोसा छोड़ देना रूप प्रापत्ति ४ और श्रीमन्नारायण की शरणागति के उपदेश देनेवाले आचार्य ही मेरा उद्धार करेंगे ऐसा विश्वास करना रूप आचार्याभिमान ५ इन भेदों से ( पञ्चविधः४ ) पाँच प्रकार का है। कर्म करने की आज्ञा यजुर्वेद ने भी दी है कि कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतंसमाः। एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे॥ यजु० अ० ४० मं० २॥ इस लोक में समस्त वैदिक कर्मों को करते हुए सौ वर्ष जीने की इच्छा करे, मनुष्य में ऐसा ही है इससे अन्य नहीं है, कर्म करने से मनुष्य उसमें लिप्त नहीं समझा जाता है॥ २॥ और भगवद्गीता में भी लिखा है कि—तस्यमादसक्तः सततं कार्यं कर्म समाचर॥ गी० अ० ३ श्लो० १६॥ जिससे कर्म में सक्त बिना हुए करने योग्य स्ववर्णाश्रमोचित कर्म को निरन्तर तुम करो॥ १६॥ कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिताजनकादयः॥ २०॥ जनकादिक ने निश्चय करके कर्म करके ही मोक्ष को प्राप्त किया है॥ २०॥ कुरु कर्मैव तस्मात्त्वं पूर्वैः पूर्वतरं कृतम्॥ गी अ० ४ श्लो० १५॥ जिसमें तुम मनु इत्यादि पूर्व मुमुक्ष करके पूर्व काल में किये हुए कर्म को ही करो॥ १५॥ और कर्म का लक्षण श्रीकृष्ण भगवान् कहते हैं कि- भूतभावोद्भवकरो विसर्गःकर्मसंज्ञितः॥ गी अ० ८ श्लो० ३॥ जो सर्वभूत प्राणियों की उत्पत्ती करनेवाला विसर्ग है उसको कर्म कहते हैं॥ ३॥ और भी लिखा है कि—स्वे स्वे कर्मण्यभिरतः संसिद्धिं लभते नरः॥ गी० अ० १८ श्लो० ४५॥ स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः॥ ४६॥ अपने

http://acharya.org

अपने कर्म में तत्पर होता हुआ मनुष्य मोक्ष को प्राप्त करता है ।। ४५ ।। अपने वर्णाश्रमोचित कर्म करके उस श्रीमन्नारायणदेव की पूजा करके मनुष्य मोक्ष को प्राप्त करता है ।। ४६ ।। इन प्रमाणों से कर्म उपायस्वरूप सिद्ध होगा। अब ज्ञान को उपाय-स्वरूप साबित करते हैं कि—तमेवविदित्वाऽतिमृत्युमेति ।। यजु० अ० ३१ मं० १८ ।। उसको जान कर मोक्ष को प्राप्त करता है ।। १८ ।। तरति शोकामात्मवित् ।। छान्दग्योप० अ० ७ खं० १ मं० ३ ।। आत्मवेत्ता पुरुष शोक को तर जाता है ।। ३ ।। एतद्यो वेद निहितं गुहायां सोऽविद्याग्रन्थिविकिरतीह सोम्य ।। मुण्ड० २ खं० १ मं० १० ।। हे सौम्य ! यहाँ पर गुहा में स्थित इसको जो जान लेता है वह अविद्या की ग्रन्थि को दूर कर देता है अर्थात् मोक्ष को पाता है ।। १० ।। और भी लिखा है कि—ज्ञानान्मुक्तः ।। सां० अ० ३ सू० २३ ।। ज्ञान से मुक्ति होती है ।। २३ ।। ज्ञान किसको कहते हैं यह भगवान् श्रीकृष्ण जी कहते हैं कि अमानित्वमदम्भित्वमहिंसा क्षान्तिरार्जवम् आचार्योपासनं शौचं स्थैर्य-मात्मविनिग्रहः ।। गी० अ० १३ श्लो० ७ ।। इन्द्रियार्थेषु वैराग्य-मनहंकार एव च । जन्ममृत्युजराव्याधिदुःखदोषानुदर्शनम् ।। ८ ।। असक्तिरनभिष्वङ्गः पुत्रदारागृहादिषु । नित्यं च समचित्तत्वमिष्टानिष्टोपपत्तिषु ।। ९ ।। मयिचानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी । विविक्तदेशसेवित्वमरतिर्जनसंसदि ।। १० ।। अध्यात्मज्ञाननित्यत्वं तत्त्वज्ञानार्थदर्शनम् । एतज्ज्ञानमिति प्रोक्तमज्ञानं यदतोऽन्यथा ।। ११ ।। अपनी प्रशंसा न करना या उत्कृष्ट जनों में अवधारणा न करना[1] अपना धर्म किसी से न जनाना[2] मन वाणी देह से

किसी जीव को दुःख न देना [३] दूसरे से दुःख पाने पर भी उसके ऊपर विकारयुक्त चित्त न करना [४] कोमलता [५] आत्मज्ञान देने-वाले आचार्य को शुश्रूषा आदि से सदा सेवन करना [६] देह के मल को मिट्टी और जल से धोना तथा भीतर के मल को ध्यान आदि से दूर करना [७] वेदान्त के अर्थ में निश्चल रहना [८] आत्मस्वरूप से अन्य विषयों से मन को रोकना [९] ।। ७ ।। आत्मव्यतिरिक्त विषयों में प्रीति न करना [१०] अहङ्कार न करना [११] और जन्म-मरण वृद्धावस्था ज्वर आदि व्याधि दुःख ये सब दोष जब तक यह शरीर रहेगा तब तक रहेंगे इसको सदा विचार करना [१२] ।। ८ ।। आत्मव्यतिरिक्त विषय में भक्ति न करना [१३] पुत्र, स्त्री, घर, धन आदिक में अति आसक्ति न करना [१४] और सर्वदा इष्ट और अनिष्ट प्राप्त होने पर हर्ष तथा उद्वेग से रहित चित्त को रखना [१५] ।। ९ ।। सर्वेश्वर जो मैं हूँ इस हमारे में ऐकान्तिक योग करके निश्चला भक्ति करना [१६] जन से रहित एकान्त देश में निवास करना [१७] विषयी जनों की सभा में प्रीति न करना [१८] ।। १० ।। आत्मज्ञान का सदा अनुभव करना [१९] तत्त्वज्ञान के अर्थ को देखना [२०] ये जो २० प्रकार के कहे हैं इस को ज्ञान कहते है इससे अन्य समस्त अज्ञान हैं ।। ११ ।। इसी प्रकार से भक्ति भी उपाय स्वरूप है क्योंकि लिखा है कि—भक्तियोगान्मुक्तिः । चतुर्मुखादीनां सर्वेषामपि विना विष्णुभक्त्या कल्पकोटिभिर्मोक्षो न विद्यते । तस्यमात्वमपि सर्वोपायान्परित्यज्य भक्तिमाश्रय । भक्तिनिष्ठो भव । भक्त्या सर्वसिद्धयः सिध्यन्ति । भक्त्याऽसाध्यं न किञ्चिदस्ति । त्रिपाद्विभूतिमहानारा० उ० अ०

http://acharya.org

८ ॥ भक्तियोग से मुक्ति होती है। चतुर्मुख आदिक समस्त देवों का भी मुक्ति बिना विष्णु भगवान की भक्ति के करोड़ों कल्प करके नहीं प्राप्त होती है। इससे तुम भी सम्पूर्ण उपायों को छोड़कर भक्ति का आश्रय करो। भक्तिनिष्ट हो जाओ भक्ति से समस्त सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं। भक्ति करके असाध्य कोई भी पदार्थ नहीं है ॥ ८ ॥ और भी लिखा है कि—भक्त्या त्वनन्यया शक्योऽहमेवंविधोऽर्जुन। ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुं च परंतप ॥ गी० अ० ११ श्लो० ४५ ॥ हे शत्रुओं को पीड़ित करनेवाले अर्जुन इस प्रकार के मैं अनन्य भक्ति करके निश्चय जानने को तथा देखने को और प्रवेश होने को भी शक्य हूँ ॥ ५४ ॥ वह भक्ति नव प्रकार की श्रीमद्भागवत में लिखी हुई है॥ श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनम्। अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनम् ॥ श्रीमद्भाग० स्कं० ७ अ० ५ श्लो० २३ ॥ विष्णु भगवान् की कथा को सुनना १, विष्णु के नामों को कहना २ विष्णु को स्मरण करना ३ पादतीर्थ का सेवन करना ४ विष्णु की प्रतिमा को पूजना ५, विष्णु की स्तुति तथा अभिवादन करना ६, विष्णु की सेवकता ७, विष्णु की मित्रता ८, तथा श्रीविष्णु में आत्मसर्वस्व का निवेदन करना ९ यही नवधा भक्ति है ॥ २३ ॥ पद्मपुराण में तो सोलह प्रकार की भक्ति लिखी हुई है। आद्यं तु वैष्णव प्रोक्तं शंखचक्राङ्कनं हरेः। धारणं चोर्ध्वपुण्ड्राणां तन्मंत्राणां परिग्रहः ॥ कीर्तनं श्रवणञ्चैव वन्दनं पादसेवनम्। तत्पादोदकसेवा च तन्निवेदितभोजनम् ॥ तदीयानां च सेवा च द्वादशीव्रतनिष्ठितम्। तुलसीरोपणं विष्णोर्देवदेवस्य-

http://acharya.org

शार्ङ्गिण: । भक्तिः षोडशधा प्रोक्ता भवबन्धविमुक्तये ॥ श्रीहरि के शंख चक्र से भुजा के मूल को अङ्कित करना १, द्वादश उर्ध्वपुण्ड्र धारण करना २, भगवत् सम्बन्धी नाम रखना ३, मूलमन्त्र, द्वयमन्त्र, चरममन्त्र को ग्रहण करना ४ तथा योग करना ५ भगवन्नाम कीर्तन करना ६ विष्णु की कथा सुनना ७ विष्णु की वन्दना करना ८ विष्णु की मूर्ति का पूजन करना ९ विष्णु का चरणोदक सेवन करना १० तथा विष्णु का भोग लगाया हुआ भोजन करना ११ भागवतों की सेवा करना १२ द्वादशी व्रत में निष्ठा करना १३ तुलसी लगाना १४ पूजासमय में तुलसी की माला पहनना १५ और भगवान् की मूर्ति स्थापना करना १६ यह सोलह प्रकार की भक्ति संसार के बन्धन छुड़ाने के लिये कही गई है ॥ अब प्रपत्ति को उपायस्वरूप साबित करते हैं ॥ मुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये ॥ श्वेता० अ० ६ मं० १८ ॥ संसार से छूटने की इच्छा करनेवाला मैं श्रीमन्नारायण देव की शरण को प्राप्त करता हूँ ॥ १८ ॥ और भी लिखा है कि—नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन । यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम् ॥ मुण्ड० ३ खं० २ मं० ३ ॥ यह आत्मा व्याख्यान से नहीं प्राप्त होता है न तो मेधा से, न बहुत सुनने से जिसको यह स्वीकार कर लेता है वह उसको प्राप्त कर लेता है और उसके लिये अपने शरीर को विशेष रूप से जना देता है ॥ ३ ॥ पुनः वाल्मीकि रामायण में भी लिखा है कि--सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम ॥ वाल्मी० रा० युद्धकां० स० १८ श्लो० ३३ ॥ एक बार भी मैं आपकी प्रपत्ति

http://acharya.org

करनेवाला प्रपन्न हूँ जो ऐसी याचना करता है उस प्रपन्न जन के लिये सम्पूर्ण जीवों से अभय प्रदान मैं करता हूँ यह मेरा व्रत है ॥ ३३ ॥ और भगवद्गीता में भी भगवान् श्रीकृष्णचन्द्रजी कहते हैं कि — मामेकं शरणं व्रज ॥ गी० अ० १८ श्लो० ६६ । केवल एक मुख्य मेरी शरणागति अर्थात् प्रपत्ति तुम करो ॥ ६६ ॥ अब चरमोपायस्वरूप आचार्याभिमान को देखिये, लिखा है कि—परमगुरूपदेशेन सहस्रारे जलज्योतिर्वा बुद्धिगुहानिहितज्योतिर्वा षोडशान्तस्थतुरीयचैतन्यं वान्तर्लक्ष्यं भवति। तद्दर्शनं सदाचार्यमूलम्। आचार्य्यो वेदसम्पन्नो विष्णुभक्तो विमत्सरः। योगज्ञो योगनिष्ठश्च सदा योगात्मकः शुचिः ॥ गुरुभक्तिसमायुक्तः पुरुषज्ञो विशेषतः। एवं लक्षणसंपन्नो गुरुरित्यभिधीयते ॥ गुशब्दस्त्वन्धकारः स्याद्रुशब्दस्तन्निरोधकः। अन्धकारनिरोधित्वाद्गुरुरित्यभिधीयते ॥ गुरुरेव परंब्रह्म गुरुरेव परा गतिः। गुरुरेव परा विद्या गुरुरेव परायणम् ॥ गुरुरेव परा काष्ठा गुरुरेव परं धनम्। यस्मात्तदुपदेष्टासौ तस्माद्गुरुतरो गुरुः ॥ अद्वयतारकोपनि० ॥ श्रेष्ठ गुरु के उपदेश करके सहस्रार में जलज्योति या बुद्धि गुहा में निहित ज्योति या षोडशान्तस्थ तुरीय चैतन्य अन्तर लक्ष्य होता है। तत्त्वदर्शन आचार्य द्वारा होता है। आचार्य का लक्षण यह है कि आचार्य वेद पढ़ा हो, विष्णुभक्त हो, मत्सररहित हो, योग जाननेवाला हो, योगनिष्ठ हो और सर्वदा योगात्मक तथा पवित्र हो ॥ गुरु की भक्ति से अच्छे प्रकार युक्त हो विशेष रूप से पुरुष को जाननेवाला हो, इन सब लक्षणों से जो संयुक्त हो उसको गुरु कहते हैं ॥ 'गु' कहते हैं अन्धकार को 'रु' कहते हैं

http://acharya.org

प्रकाश को अर्थात् सदुपदेश द्वारा जो अज्ञानरूपी अन्धकार को दूर करे उसको गुरु कहते हैं ।। गुरु ही परब्रह्म हैं तथा गुरु ही परा-गति हैं, गुरु ही पराविद्या हैं और गुरु ही श्रेष्ठ अयन हैं ।। तथा गुरु ही पराकाष्ठा हैं और गुरु ही श्रेष्ठ धन हैं क्योंकि तत्त्वज्ञान को उपदेश देनेवाले वे हैं, इससे गुरु सबसे श्रेष्ठ हैं ।। मुण्डकोपनिषद् में लिखा है कि—तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत् समित्-पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम् ।। मुण्ड० १ खं० २ मं० १२ ।। तत्त्व जानने के लिए समिधा हाथ में लेकर शिष्य वेदपाठी ब्रह्मनिष्ठ गुरु के पास जाये ।। १२ ।। छान्दोग्योपनिषद् में भी लिखा है कि—श्रुतंह्येवमेभगवद्दृशेभ्य आचार्याद्धैव विद्या विदिता साधिष्ठं प्रापयतीति ।।छान्दो० अ० ४ खं० ९ मं० ३।। निश्चय करके आपके तुल्य ऋषियों से ऐसा मैं सुना हूँ कि आचार्य से जानी हुई विद्या निश्चय मोक्ष प्राप्त कराती है ।। ३ ।। आचार्यवान् पुरुषो वेद ।। छा० अ० ६ खं० १४ मं० २ ।। आचार्यवाला पुरुष तत्त्व को जानता है ।। २ ।। और श्वेताश्वतरोपनिषद् में लिखा है कि—यस्य देवे पराभक्तिर्यथादेवे तथा गुरौ । तस्यैते कथिता-ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ।। श्वेताश्व० अ० ६ मं० २३ ।। श्रीमन्नारायणदेव में जिसकी पराभक्ति है, जैसी भक्ति श्रीमन्नारायण-देव में वैसी ही श्रीगुरुदेव में जिसकी हो उसीको निश्चय करके इन कहे हुए तत्वों का उपदेश महात्मा लोग देते हैं ।। २३ ।। और योगशिखोपनिषद् में लिखा है कि—गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवः सदाच्युतः । न गुरोरधिकः कश्चित्त्रिषु लोकेषु विद्यते ।। योग शि० अ० ५ मं० ५६ ।। दिव्यज्ञानोपदेष्टारं देशिकं परमेश्वरम् ।

http://acharya.org

पूजयेत्परया भक्त्या तस्य ज्ञानफलं भवेत् ।। ५७ ।। यथा गुरुस्तथैवेशो यथैवेशस्तथागुरुः । पूजनीयो महाभक्त्या न भेदो विद्यतेऽनयोः ।।५८।। गुरु ब्रह्मा हैं, गुरु विष्णु हैं, गुरुदेव सदा अच्युत हैं तीनों लोकमे गुरु से अधिक कोई नहीं हैं ।।५६।। दिव्य ज्ञान के उपदेश देनेवाले परमेश्वर रूप आचार्य की जो पराभक्ति से पूजा करता है उसको ज्ञान का फल प्राप्त होता है ।। ५७ ।। जैसा गुरु वैसा परमात्मा और जैसा परमात्मा वैसा गुरु अर्थात् गुरु और परमात्मा इन दोनों में भेद नहीं है, इससे बड़ी भक्ति से श्रीगुरुदेवजी की पूजा करनी चाहिए ।। ५८ ।। और भी लिखा है कि—कर्णधारं गुरुं प्राप्य तद्वाक्यं प्लववद्दृढम् । अभ्यासवासनाशक्त्या तरन्तिभवसागरम् ।। योग शि० अध्याय ६ मं० ७६ ।। कर्णधार गुरु को पाकर और गुरु के वाक्य को दृढ़ जहाज करके अभ्यास की वासना की शक्ति से संसार सागर को जीव पार कर जाते हैं ।। ७६ ।। पुनश्च त्रिपाद् विभूति महानारायणोपनिषद् में लिखा है कि—देशिकस्तमेव कथयति । सकलवेदशास्त्रसिद्धान्तरहस्यजन्माभ्यस्तात्यन्तोत्कृष्टसुकृतपरिपाकवशात्सद्भिः सङ्गो जायते । तस्माद्विधिनिषेधविवेको भवति । ततः सदाचारप्रवृत्तिर्जायते । सदाचारादखिलदुरितक्षयो भवति । तस्मादन्तःकरणमतिविमलं भवति । ततः सद्गुरुकटाक्षमन्तःकरणमाकांक्षति । तस्मात्सद्गुरुकटाक्षलेशविशेषेण सर्वसिद्धयः सिद्ध्यन्ति । सर्वबन्धाः प्रविनश्यन्ति । श्रेयोविघ्नाः सर्वे प्रलयं यान्ति । सर्वाणि श्रेयांसि स्वयमेवायान्ति । यथा जात्यन्धस्य रूपज्ञानं न विद्यते तथा गुरूपदेशेन विना कल्पकोटिभिस्तत्त्वज्ञानं न विद्यते । तस्मात्सद्गुरुकटाक्ष-

http://acharya.org

लेशविशेषेणाच्चिरादेवतत्त्वज्ञान भवति ।। त्रिपाद्विभूतिमहानारा० अ० ५ ।। आचार्य उसी को कहते हैं कि समस्त वेदशास्त्र के सिद्धान्त के रहस्य से और अनेक जन्म के किये हुए अच्छे-अच्छे सुकृत के फल से सज्जनों से सङ्ग होता है तथा सज्जनों के सङ्ग से विधि निषेध का विचार होता है। इसके बाद सदाचार के विषय में प्रवृत्ति उत्पन्न होती है। सदाचार से समस्त पाप का क्षय हो जाता है। पाप के क्षय होने से अन्तःकरण अत्यन्त विमल होता है। इसके बाद सद्गुरु का कृपाकटाक्ष अन्तःकरण चाहता है। जिससे सद्गुरु के कृपाकटाक्ष के लेश विशेष से सब सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं और समस्त बन्धन नष्ट हो जाते हैं। कल्याण विघ्न सब नष्ट हो जाते हैं। सम्पूर्ण कल्याण अपने ही प्राप्त हो जाते हैं। जैसे जन्मान्ध का रूप ज्ञान नहीं होता है वैसे ही बिना गुरु के उपदेश के करोड़ कल्प में भी तत्त्व-ज्ञान नहीं होता है। जिससे सद्गुरु के कृपाकटाक्ष का लेश विशेष से शीघ्र ही तत्व का ज्ञान हो जाता है। और नारद परिव्राजकोपनिषद् में लिखा है कि—सत्संप्रदायस्थं श्रद्धावन्तं सत्कुलभवं श्रोत्रिय शास्त्रवात्सल्यं गुणवन्तमकुटिलसद्गुरुमासाद्य ।। नारदप० उपदेश० २ ।। सत्सम्प्रदाय में स्थित, श्रद्धावाले, अच्छे कुल में उत्पन्न, वेदपाठी, शास्त्र-वात्सल्ययुक्त गुणी अकुटिल सद्गुरु को पाकर तत्व ज्ञान प्राप्त करे ।। २ ।। और ब्रह्मविद्योपनिषद् में लिखा है कि—तस्य दास्यं सदा कुर्यात्प्रज्ञया परया सह। शुभवाऽशुभमन्यद्वा यदुक्त गुरुणाभुवि ।। ब्रह्मवि० मं० २७ ।। तत्कुर्यादविचारेण शिष्यः संतोषसंयुतः ॥ २८ ।। गुरुभक्ति सदा कुर्याच्छ्रेयसे भूयसे

http://acharya.org

नरः ।। ३० ।। गुरुरेव हरिः साक्षान्नान्य इत्यब्रवोच्छ्रुतिः ।। ३१ ।। गुरु की सेवकता पराप्रज्ञा के साथ सर्वदा करे पृथ्वी में गुरु जो शुभ या अशुभ कुछ कहें ।। २७ ।। सन्तोष से संयुक्त शिष्य उसको बिना विचारे करे ।। २८ ।। मनुष्य अधिक कल्याण के लिए गुरु की भक्ति सदा करे ।। ३० ।। गुरु ही साक्षात् नारायण हैं अन्य नहीं हैं, ऐसा श्रुति में कहा है ।। ३१ ।। और भी लिखा है कि— आचार्यो ब्रह्मणोमूर्तिः ।। मनु० अ० २ श्लो० २२६ ।। आचार्य परमात्मा की मूर्ति हैं ।। २२६ ।। और भी लिखा है कि— आचार्यं मां विजानीयान् नावमन्येत कर्हिचित् । न मर्त्यबुद्ध्यासूयेत् सर्वदेवमयोगुरुः ।। श्रीमद्भागवत स्कं० ११ अ० १७ श्लो० २७ ।। आचार्य को श्रीमन्नारायण समझे, कभी भी आचार्य का अपमान न करे और मनुष्य बुद्धि से असूया न करे क्योंकि सर्वदेवमय गुरु हैं ।। २७ ।। और त्रिपाद्विभूतिमहानारायणोपनिषद् में लिखा है कि—गुरुः साक्षादादिनारायणः पुरुषः ।। त्रिपा० अ० ८ ।। गुरु साक्षात् आदि नारायण पुरुष हैं ।। ८ ।। इस कथन से कर्म १ ज्ञान २ भक्ति ३ प्रपत्ति ४ आचार्याभिमान ५ इन भेदों से उपायस्वरूप पाँच प्रकार का वर्णन कहते हैं ।। ७ ।।

**मूल—विरोधी[1] च[2] स्वरूपविरोधी[3] परस्वरूपविरोधी[4] पुरुषार्थविरोधी[5] उपायविरोधीति[6] प्राप्तिविरोधी[7] भेदात्पञ्चविधः[8] ।। ८ ।।**

टीका—( विरोधी[1] ) विरोधी स्वरूप ( च[2] ) भी ( स्वस्वरूप-

विरोधी[३]) स्वस्वरूपविरोधी जो जीव को अपने स्वरूप को नहीं जानने देता है १ (परस्वरूपविरोधी[४]) परस्वरूपविरोधी जो परमात्मा का ज्ञान नहीं होने देता है (पुरुषार्थ विरोधी[५]) पुरुषार्थ विरोधी हम सब जिसको चाहते हैं उसको जो हम सबों को नहीं मिलने देता है ३ (उपाय विरोधी[६]) उपाय विरोधी हम सब जो कुछ अपने प्रिय पदार्थों को मिलने का उपाय करते हैं उसको पूरा नहीं होने देता है ४ (प्राप्तिविरोधीतिभेदात्[७]) प्राप्तिविरोधी जो हम सबों के प्रिय पदार्थों को नहीं मिलने देता है इन भेदों से (पञ्चविधः[८]) पाँच प्रकार का है। अर्थात् विरोधीस्वरूप स्वस्वरूप विरोधी १ परस्वरूपविरोधी २ पुरूषार्थस्वरूपविरोधी ३ उपायस्वरूपविरोधी ४ और प्राप्तिस्वरूपविरोधी ५ भेद से पाँच प्रकार का है ॥८॥

मूल-[१]तत्र [२]नित्याः [३]सदा [४]संसारसंबन्धरूपावद्यरहिताः [५]भगवदानुकूल्यैकभोगाः [६]श्रीवैकुण्ठनाथस्य [७]पट्टबन्धनस्यो[८]चिता [९]मंत्रिणः [१०]ईश्वरनियोगात् [११]सृष्टिस्थितिसंहारान् [१२]कर्तुं [१३]शक्ताः [१४]परम्गृहादि[१५]सर्वावस्थास्वप्य[१६]नुसृत्य [१७]कैङ्कर्यकरणशीला [१८]विष्वक्सेन-[१९]प्रभृतयोऽमराः ॥ ९ ॥

टीका—(तत्र[१]) जो नित्य १ मुक्त २ बद्ध ३ केवल ४ मुमुक्षु ५ इन भेदों से पाँच प्रकार के जीव होते हैं जिनमें (नित्याः[२]) नित्य जीव को कहते हैं कि जिनको (सदा[३]) हमेशा (संसारसम्बन्ध-

http://acharya.org

रूपावद्यरहिता:[४] ) संसार का सम्बन्ध रूप दु:ख भोगना नहीं पड़ा हो अर्थात् कभी संसार के दु:ख का सम्बन्ध जिसको न हुआ हो तथा (भगवदानुकूल्यैकभोगा:[५]) जिन्होंने भगवान के अनुकूल रहना ही अपना एक भोग सुख समझा हो और (श्रीवैकुण्ठनाथस्य[६] ) श्रीवैकुण्ठनाथ का (पट्टबन्धनस्य[७] ) पट्टबन्धन के ( उचिता:[८] ) योग्य (मन्त्रिण:[९]) मन्त्री हो और (ईश्वरनियोगात्[१०]) ईश्वर की आज्ञा से (सृष्टिस्थितिसंहारान्[११]) संसार की उत्पत्तिपालनसंहार ( कर्तुं[१२] ) करने के लिए ( शक्ता:[१३] ) समर्थ हो और (परव्यूहादिसर्वावस्थासु[१४] ) भगवान के परव्यूह आदिक सब अवस्थाओं में ( अपि[१५] ) भी ( अनुसृत्य[१६] ) पीछे से प्राप्त होकर ( कैङ्कर्यकरणशीला:[१७] ) अपने स्वामी श्रीमन्नारायण की सेवा करने का स्वभाव है जिनका ( विष्वक्सेनप्रभृतय:[१८]) ऐसे ऐसे श्री विष्वक्सेन जी तथा गरुड़ जी और शेषराज जी इत्यादिक (अमरा:[१९]) अमर नित्य जीव हैं। अब यहाँ पर बहुत लोग यह कहते हैं कि विष्वक्सेन का तो नाम भी प्राचीन ग्रन्थों में नहीं हैं तो कैसे मान लिया जाय कि नित्य जीव विष्वक्सेन प्रभृति हैं। इसका उत्तर यह है कि उन लोगों ने प्राचीन ग्रन्थों का अवलोकन नहीं किया है क्योंकि यदि किये रहते तो ऐसा न कहते। देखिये विष्वक्सेन संहिता में लिखा है कि—अदादिमं मंत्रराजं लक्ष्म्यै स पुरुषोत्तमः। सापि सेनाधिपये कृपया परया ददौ॥ उस श्री पुरुषोत्तम भगवान् ने लक्ष्मीजी के लिए मन्त्रराज को दिया और उस लक्ष्मीजी ने अत्यन्त कृपा करके विष्वक्सेनजी के लिए दिये। और पराशरीय धर्मशास्त्र के उत्तर खण्ड में लिखा है कि—अनन्तसत्वधामाख्यं

http://acharya.org

विष्वक्सेनगजानना: ।। परा० अ० ६ श्लो ५४ ।। इस श्लोक में विष्वक्सेनजी का नाम स्पष्ट आया है। और त्रिपाद्विभूतिमहानारायणोपनिषद् में लिखा है कि—भगवदनन्तविभूतिविधिनिषेधपरिपालकं सर्वप्रवृत्तिसर्वहेतुनिमित्तकं निरतिशयलक्षणं महाविष्णुस्वरूपमखिलापवर्गपरिपालकममितविक्रममेवंविधविष्वक्सेनंध्यात्वा ।। त्रिपाद्विभू० अ० ६ ।। भगवान् की अनन्तविभूति के विधिनिषेध के परिपालक तथा समस्त प्रवृत्ति और सब हेतुओं का निमित्त निरतिशय लक्षण महाविष्णु स्वरूप समस्त अपवर्ग का परिपालक अमित विक्रमवाले श्री विष्वक्सेन जी को इस प्रकार ध्यान कर ।।६।। और श्रीगरुड़जी को भी लिखा है कि—सुपर्णोसि गरुत्मान्पृष्ठे पृथिव्या: सीद ।। यजु: अ० १७ श्लो० ७२ ।। हे गरुड़ तुम सुन्दर पाँखवाले गरुत्मान् हो इससे पृथ्वी के पीठ पर आगे बैठो ।।७२।। और भी लिखा है कि—प्रदक्षिणनमस्कारपूर्वकं प्रणवगरुडमारुह्य ॥ त्रिपाद्विभू० अ० ५ ॥ जीवंप्रदक्षिणा तथा नमस्कार करके प्रणव के समान गरुड़ पर चढ़कर ।।५।। और भगवद्गीता में लिखा है कि—वैनतेयश्च पक्षिणाम् ।। गी०अ० १० श्लो० ३० ।। पक्षियों में विनतासुत गरुड़ मैं ही हूँ ।।३०।। और शेषजी को भी लिखा है कि—अनन्तश्चास्मि नागानाम् ।। गी०अ० १० श्लो० २९ ।। अनेक शिरवाले नागों में अनन्त नामवाला शेषजी मैं हूँ ।।२९।। इस प्रकार से श्रीविष्वक्सेनजी, गरुड़जी और शेषजी को नित्य जीव निरूपण करके अब मुक्त जीव को कहते हैं ।। ९ ।।

http://acharya.org

मूल-मुक्ता[1] नाम[2] भगवत्प्रसादेन[3] निवृत्तप्रकृतिसम्बन्ध-प्रयुक्तक्लेशमलाः[4] भगवत्स्वरूपगुणविभवान्[5] अनुभूय[6] अनुभवजनित[7] प्रीतेरुत्कूलत्वात्[8] वाचा[9] यथा[10] पर्याप्तिः[11] स्तुत्वा[12] तृप्तिं[13] विना[14] वैकुण्ठमहानगरे[15] वर्तमानाः[16] संतोषानन्दप्रयुक्ता[17] मुनयः[18] ॥१०॥

टीका—( मुक्ताः[1] ) मुक्तजीव ( नाम[2] ) वे कहलाते हैं कि ( भगवत्प्रसादेन[3] ) भगवान् की कृपा से ( निवृत्तप्रकृतिसम्बन्ध-प्रयुक्तक्लेशमलाः[4] ) दूर हो गये हैं प्रकृति के सम्बन्ध से पैदा हुये अनेक प्रकार के क्लेशमल जिनके, प्रकृति किसको कहते हैं यह लिखा है कि—सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः ॥ सां० अ० १ सू० ६१ ॥ सत्त्वगुण, रजोगुण, तमोगुण की साम्यावस्था को प्रकृति कहते हैं ॥६१॥ और भी लिखा है कि—मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनन्तु महेश्वरम् ॥ श्वेताश्व० अ० ४ मं० १० ॥ मायाप्रकृति को और मायी परमात्मा को जाने ॥ १० ॥ प्रकृति का भेद भी लिखा है कि—भूमिरापोऽनलो वायुः खं मनो बुद्धिरेव च । अहंकार इतोयं मे भिन्ना प्रकृतिरष्टधा ॥ गी० अ० ७ श्लो० ४ ॥ पृथ्वी १ जल २ अग्नि ३ हवा ४ आकाश ५ मन ६ बुद्धि ७ और अहंकार ८ ये आठ प्रकार के प्रकृति के भेद हैं ॥४॥ क्लेश पाँच प्रकार का पातञ्जल योगदर्शन में लिखा है-अविद्याऽस्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः ( पञ्च ) क्लेशाः ॥ योगद० अ० १ पा० २ सू० ३ ॥ अविद्या १ अस्मिता २ राग ३ द्वेष ४ अभिनिवेश ५ ये पाँच प्रकार के क्लेश

http://acharya.org

हैं ।३।। इन पाँचों का लक्षण लिखा है कि—अनित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्या ।। यो० अ० १ पा० २ सू० ५ ।। दृग्दर्शनशक्त्योरेकात्मतेवास्मिता ।। सू० ६ ।। सुखानुशयी रागः ।। ७ ।। दुःखानुशयीद्वेषः ।। ८ ।। स्वरसवाही विदुषोऽपि तथारूढोऽभिनिवेशः ।। ९ ।। अनित्य में नित्य तथा अपवित्र में पवित्र दुःख में सुख और अनात्म वस्तु में आत्म ख्याति को अविद्या कहते हैं ।। ५ ।। दृग् और दर्शन शक्ति की एकता के समान को अस्मिता कहते हैं ।। ६ ।। सुखानुशयी को राग कहते हैं ।। ७ ।। दुःखानुशयी को द्वेष कहते हैं ।। ८ ।। विद्वान का भी अपने रस को वहन करनेवाला जो अत्यन्त आग्रह है उसको अभिनिवेश कहते हैं ।। ९ ।। ये पांच प्रकार के क्लेश जिनके दूर हो गये हैं और (भगवत्स्वरूपगुणविभवान्[५]) भगवान् के अचिन्त्य दिव्य अद्भुत नित्य निरवद्य निरतिशयौज्ज्वल्य सौन्दर्य सौगन्ध्य सौकुमार्य लावण्य यौवनादि तथा दिव्य आयुध वसन भूषणस्रक्चन्दनादि से भूषित दिव्य विग्रह तथा अपार कारुण्य सौशील्य वात्सल्य औदार्य सौलभ्य सत्यकाम सत्यसंकल्प आदिक दिव्य गुण और नित्य निरूपम दिव्य विभवों को (अनुभूय[६]) अनुभवकर (अनुभवजनितप्रीतेः[७]) अनुभव से उत्पन्न प्रीति को (उत्कूलत्वात्[८]) प्रवाह उत्पन्न होने से (वाचा[९]) अपनी वाणी करके (यथा[१०]) यथा (पर्याप्तिः[११]) शक्ति (स्तुत्वा[१२]) श्रीमन्नारायणदेव को स्तुति कर (तृप्तिः[१३]) प्रभु की स्तुति करने से कभी तृप्ति को (विना[१४]) न प्राप्त होते हुए (वैकुण्ठमहानगरे[१५]) श्री वैकुण्ठ महानगर में (वर्त्तमानाः[१६]) निवास करते हैं, और भगवान् के

http://acharya.org

गुण का अनुभव करने से ही ( सन्तोषानन्दप्रयुक्ता[१७] ) अच्छी प्रकार से सन्तुष्ट करनेवाले परमानन्द को प्राप्त कर लेते हैं। वे मुक्त हैं। जैसे कि (मुनयः[१८]) तत्वों को मनन करनेवाले मनन-शील मुनि सब अर्थात् पराशरजी, भूतयोगीजी, सरोयोगीजी, महायोगीजी इत्यादि। इस प्रकार से मुक्तजीव का निरूपण करके अब वद्ध जीव को कहते हैं ।। १० ।।

**मूल—[१]वद्धा [२]नाम [३]पाञ्चभौतिकेऽ[४]नित्ये [५]सुखदुःखानु-भवपरिकर [६]आत्मविश्लेषे [७]दर्शनस्पर्शनायोग्योऽ[८]शुद्धास्पदो-[९]ऽज्ञानान्यथाज्ञानविपरीतज्ञानजनको[१०]देह [११]एवा[१२]त्मे[१३]ति [१४]शब्दादि-विषयानुभवजनितस्वदेहपोषणमेव [१५]पुरुषार्थ[१६]इति [१७]शब्दादिविष-[१८]यत्नाभौपयिकतया [१९]वर्णाश्रमधर्मान् [२०]विनाश्या[२१]सेव्यसेवां [२२]कृत्वा [२३]भूतहिंसां [२४]कृत्वा [२५]परदार-परद्रव्यापहारं [२६]कृत्वा [२७]संसारवर्धका [२८]भगवद्विमुखा[२९]श्चेतनाः ।११।।**

टीका—( बद्धाः[१] ) बद्धजीव ( नाम[२] ) वे कहलाते हैं कि ( पाञ्चभौतिक[३] ) पृथ्वी जल तेज वायु आकाश इन पाँच भूतों से बना हुआ यह देह ( अनित्ये[४] ) अनित्य तथा ( सुखदुःखानुभवपरिकरे[५] ) सुख दुःख के अनुभव का साधन है। सुख-दुःख का लक्षण भी लिखा है कि—सर्वं परवशं दुःखं सर्वमात्मवशं सुखम्।

http://acharya.org

एतद्विद्यात्समासेन लक्षणं सुखदुःखयोः ।। मनु० अ० ४ श्लो० १६० ।। पराधीनता सब दुःख है और स्वाधीनता सब सुख है संक्षेप से सुखदुःख का यही लक्षण जानना ।। १६० ।। ( आत्मविश्लेषे[६] ) जब इसमें से जीवात्मा निकल जाती है ( दर्शनस्पर्शनायोग्यः[७] ) तब यह देखने और छूने के योग्य नहीं रहता है ( अशुद्धास्पदः[८] ) अशुद्धि का स्थान हो जाता है ( अज्ञानान्यथाज्ञानविपरीतज्ञानजनकः[९] ) और अज्ञान अन्यथाज्ञान विपरीत ज्ञान को पैदा करता है (देहः[१०]) शरीर (एव[११]) ही (आत्मा[१२]) आत्मा है ( इति[१३] ) ऐसा मानते हैं और ( शब्दादिविषयानुभवजनितस्वदेहपोषणम्[१४] ) शब्दादिक विषयों के अनुभव जनित अपने शरीर का पोषण करना, भगवद्गीता में शरीर को क्षेत्र लिखा है— इदं शरीरं कौन्तेय क्षेत्रमित्यभिधीयते ।। गी० अ० १३ श्लो० १ ।। हे कुन्तीपुत्र यह शरीर क्षेत्र ऐसा कहा जाता है ।। १३ ।। महाभूतान्यहंकारो बुद्धिरव्यक्तमेव च इन्द्रियाणि दशैकं च पञ्च चेन्द्रियगोचराः ।। गी० अ० १३ श्लो० ५ ।। इच्छाद्वेषः सुखं दुखं संघातश्चेतनाधृतिः । एतत्क्षेत्रं समासेन सविकारमुदाहृतम् ।। ६ ।। पृथ्वी १ जल २ तेज ३ वायु ४ आकाश ५ अहङ्कार ६ बुद्धि ७ और सूक्ष्मरूप प्रकृति ८ ये क्षेत्र के उत्पत्ति कारक हैं और आँख १ नाक २ जीभ ३ कान ४ त्वचा ५ ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ और वाणी १ हाथ २ पैर ३ गुदा ४ लिङ्ग ५ ये पाँच कर्मइन्द्रियाँ और एक मन तथा शब्द स्पर्श रूप रस गन्ध ये पाँच इन्द्रियों के विषय ये सोलह विकार हैं ।। ५ ।। और इच्छा द्वेष सुखदुःख संघात चेतन ज्ञानशक्ति धीरज इन सबों को विकार

http://acharya.org

के साथ यह देह संक्षेप से कहा गया है ।। ६ ।। ऐसे देह का पालन करना ( एव[१५] ) ही ( पुरुषार्थः[१६] ) पुरुषार्थ ( इति[१७] ) ऐसा जिन्होंने समझ रखा है और ( शाब्दादि विषयलाभौपयिकतया[१८] ) शब्द आदिक विषयों के लाभ होने के वास्ते, जिन शब्दादिकों के विषय में लिखा है कि—कुरङ्गमातङ्गपतङ्गभृङ्गमीना हताः पञ्चभिरेव पञ्च । एकः प्रमादी स कथं न हन्यते यः सेवते पञ्चभिरेव पञ्च ।। एक शब्द के विषय से हरिण मारा जाता है तथा स्पर्श के विषय से हाथी मारा जाता है और एक रूप के विषय से पिल्लू मारा जाता है तथा गन्ध के विषय से भँवरा मारा जाता है और रस के विषय से मत्स्य मारा जाता है। एक ही बिषय प्रमत्त करनेवाला है, तो जो बद्धजीव पाँचों इन्द्रियों से पाँचों विषयों को सेवन करते हैं वे क्यों नहीं मारे जायेंगे । ऐसे तुच्छ विषयों के लिए ( वर्णाश्रमधर्मान् [१९] ) अपने वर्ण और आश्रम के धर्मों को । वर्ण और आश्रम चारहैं यह लिखा है कि—चातुर्वर्ण्यं त्रयोलोकाश्चत्वारश्चाश्रमाः पृथक् ।। मनु० अ० १२ श्लो० ९७ ।। ब्राह्मण क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण, स्वर्ग पाताल तथा मृत्युलोक ये तीन लोक और ब्रह्मचर्याश्रम, गृहस्थाश्रम, वाणाप्रस्थाश्रम तथा संन्यासाश्रम ये चारो आश्रम वेद पुरुष से पृथक्-पृथक् प्रसिद्ध हुए हैं ।। ९७ ।। चारो वर्णों का धर्म लिखा है कि अध्यापनमध्ययनं यजनं याजनं तथा। दानं प्रतिग्रहं चैव ब्राह्मणानामकल्पयत् ।। मनु० अ० १ श्लो० ८८ ।। पढ़ना-पढ़ाना, यजन करना, यजन कराना, दान देना और दान लेना ये छः कर्म ब्रह्मा ने ब्राह्मणों के लिए बनाया ।। ८८ ।। और भी लिखा है कि शमो दमस्तपः शौचं क्षान्तिरार्जवमेव च ।

http://acharya.org

ज्ञानं विज्ञानमास्तिक्यं ब्रह्म कर्म स्वभावजम्।। गी० अ० १८ श्लो० ४२ ।। बाह्येन्द्रियों का संयम १ अन्तःकरण का संयम २ शास्त्रोक्त व्रतादिक ३ वाह्य और अभ्यन्तर की पवित्रता ४ क्षमा ५ सरलता ६ ज्ञान ७ विज्ञान ८ आस्तिकता ९ ये ब्राह्मण के कर्म स्वभाव ही से हैं।। ४२ ।। प्रजानां रक्षणं दानमिज्याध्ययनमेव च। विषयेष्वप्रसक्तिश्च क्षत्रियस्य समासतः।। मनु० अ० १ श्लो० ८९ ।। प्रजा की रक्षा करना १ दान देना २ यज्ञ करना ३ पढ़ना ४ और नाच, गान, बाजा, स्त्री आदिक विषयों में आसक्ति न करना ५ ये पाँच कर्म संक्षेप से क्षत्रियों के हैं।। ८९ ।। और भी लिखा है कि—शौर्यं तेजो धृतिर्दाक्ष्यं युद्धे चाप्यपलायनम्। दानमीश्वरभावश्च क्षात्रं कर्म स्वभावजम्।। गी० अध्याय १८ श्लो० ४३ ।। शूरपना १ तेज २ धीरज ३ चतुराई ४ और युद्ध में नहीं भागना ५ दान ६ तथा प्रजा को स्वाधीन रखना ७ ये क्षत्रिय के कर्म स्वभाव ही से हैं।। ४३ ।। पशूनां रक्षणं दानमिज्याध्ययनमेव च। वणिक्पथं कुसीदं च वैश्यस्य कृषिमेव च।। मनु० अ० १ श्लो० ९० ।। पशु की रक्षा करना १ दान देना २ यज्ञ करना ३ पढ़ना ४ और व्यापार करना ५ सूद से धन बढ़ाना ६ तथा खेती करना ७ ये वैश्य के कर्म हैं।। ९० ।। और भी लिखा है कि—कृषिगौरक्ष्यवाणिज्यं वैश्यकर्म स्वभावजम्।। गीता अध्याय १८ श्लो० ४४ ।। खेती करना, गौ पालन २ व्यापार करना ३ ये वैश्य के कर्म स्वभाव से ही हैं।। ४४ ।। एकमेव तु शूद्रस्य प्रभुः कर्म समादिशत्। एतेषामेव वर्णानां शुश्रूषामनसूयया।। मनु० अ० १ श्लो० ९१ ।। ब्रह्माने शूद्र का एक ही मुख्य कर्म कहा है कि असूया रहित ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य इन

http://acharya.org

तीनों वर्णो की सेवा करना ।। ६१ ।। और भी लिखा है कि— परिचर्यात्मकं कर्म शूद्रस्याऽपिस्वभावजम् ।। गी० अ० १८ श्लो० ४४ ।। तीनों वर्णों की सेवा करना शूद्र का कर्म स्वभाव हो से है ।। ४४ ।। और आश्रम धर्म पराशरीय धर्मशास्त्र के उत्तर खण्ड में लिखा है कि— मौंज्याद्यजिनदण्डांस्तु ब्रह्मचारी धरेत्सदा ।। परा० अ० ५ श्लो० १० ।। ब्राह्मण ब्रह्मचारी मुञ्ज के तिगुनी हुई सुन्दर मेखला तथा कृष्ण मृग चर्म, एक कपास का बना हुआ जनेऊ खड़ाऊँ और केशान्त बेल या पलाश का अंगुलि इतना मोटा दण्ड को तथा कमण्डलु को सदा धारण करे और क्षत्रिय ब्रह्मचारी मौर्वी धनुष के गुण के समान वाली मेखला, रुरुमृग का चर्म तथा एक सन का बना हुआ जनेऊ और ललाट पर्यन्त वट या खैर का अंगुलि इतना मोटा दण्ड और कमण्डल्लु को सदा धारण करे। और वैश्य ब्रह्मचारी सन के सूत के तिगुनी हुई सुन्दर चिक्कन मेखला तथा बकरा के चर्म और भेंड़ के बालके बने हुए एक जनेऊ तथा नासिकान्त गुलर या पाकड़ का छिलका सहित अंगुलि इतना मोटे दण्ड को और कमण्डलु को सदा धारण करे ।। १० ।। कटिसूत्रं च कौपीनं शुक्लवस्त्रद्वयं शुभम् । वलयांगुलिकादीनां गृहस्थानां विधार्य्यते ।। पारा० अ० ५ श्लो० ११ ।। कटि सूत्र कौपीन और सफा सुन्दर धोती चादर दो तथा जनेऊ दो और सोना का बेरा अंगूठी कुण्डल आदिक गृहस्थ सर्वदा धारण करे ।। ११ ।। श्मश्रु लोमजटा चैव यथा वल्कलधारिणाम् । चीराजिनतपोऽरण्यं वनस्थस्य विधीयते ।। १२ ।। दाढ़ीमूछ लोम तथा जटा और पेड़ का छिलका चीराजिन दो

http://acharya.org

जनेऊ तपस्या और वन को वाणप्रस्थी सर्वदा धारण करे ॥ १२ ॥ त्रिदण्डमुपवीतं च शिखाकाषायमम्बरम् । कमण्डलुश्च भिन्नं हि यतीनां तु विधीयते ॥ परा० अ० ५ श्लो० १३ ॥ पृथ्वी में स्वयं उत्पन्न सुन्दर अंगुलि इतना मोटा केशान्त तीन बाँस का दण्ड और सफेद एकठो जनेऊ शिखा काषायवस्त्र और तितलौकी या काठ का या बांस का या मिट्टी का कमण्डलु तथा अकेलापना से सब संन्यासियों के लिए कहे गये हैं अर्थात् इन सबों को संन्यासी सर्वदा ग्रहण करे ॥ १३ ॥ सायं प्रातः समिद्धोमं स्वाध्यायाध्ययनं जपः । उपस्थितं गृहे भैक्ष्यं विधिस्तु ब्रह्मचारिणः ॥ परा अ० श्लो० १८ ॥ साँझ सुबह अग्नि में हवन करना १ वेद पढ़ना २ जप करना ३ उपस्थित घर में भिक्षा करना ४ ये ब्रह्मचारियों के लिए विधान हैं ॥ १८ ॥ सायं प्रातश्च जुहुयादग्निहोत्रं सदा गृही । तथैव पञ्चयज्ञादि यज्ञहोमं समाचरेत् ॥ १९ ॥ गृहस्थ रोज साँझ सुबह अग्निहोत्र करे तथा इसी प्रकार से पञ्चमहायज्ञ आदि तथा अन्य यज्ञ होम सर्वदा करे ॥ २० ॥ स्नानं त्रिसन्ध्यामपि हि यतीनां तुविधीयते । जपं मौनं तथा योगं ब्रह्मचर्यं हुतिस्तथा ॥ परा० अ० श्लो० २० ॥ कामक्रोधौ तथा लोभमोहमानमदांस्त्यजेत् । मत्सरद्वेषरोषोक्तिनिद्रालस्यादि वर्जयेत् ॥ २१ ॥ प्रातःकाल, मध्याह्नकाल एवं सायंकाल इन तीनों कालों में स्नान और सन्ध्या-वन्दन करना संन्यासियों के लिए विधान है तथा जप मौन योग ब्रह्मचर्य और दान ये भी विधान हैं ॥ २० ॥ काम क्रोध लोभ मोह मान मद मत्सर द्वेष रोषोक्ति निद्रा आलस्य आदिक को परित्याग कर दे ॥ २१ ॥ धर्म के विषय में ग्रंथ के विस्तार के भय से अधिक मैं नहीं लिखता हूँ जिसको अधिक जानना हो वह मेरा बनाया

http://acharya.org

हुआ 'यतींद्र धर्ममार्तण्ड" नाम के ग्रन्थ को देख ले । इन पूर्वोक्त वर्णाश्रम धर्मों को (विनाश्य[२०]) बिनाश करके (असेव्य सेवाम्[२१]) जो ईसाई मुसलमान आदिक कभी भी सेवा करने योग्य नहीं हैं उनकी सेवा को (कृत्वा[२२]) करके (भूतहिंसाम्[२३]) अनेक प्राणियों की हिंसा को, हिंसा किसको कहते हैं यह लिखा है कि—तत्र हिंसा नाम मनोवाक्कायकर्मभिः सर्वभूतेषु सर्वदा क्लेशजननम् ॥ शांडिल्योप० अ० १ मं० १ ॥ सर्वदा मन वाणी और शरीर के कर्म से सब जीवों को दुःख देना इसको हिंसा कहते हैं ॥ १ ॥ जिसको (कृत्वा[२४]) करके (परदारपरद्रव्यापहारम्[२५]) पराई स्त्री या पराये धन के अपहार को (कृत्वा[२६]) करके, वे लोग (संसारवर्द्धकाः[२७]) अपने आप ही जन्ममरण रूप संसार को बढ़ानेवाले (भगवद्विमुखाः[२८]) श्रीमन्नारायण भगवान् से विमुख (चतनाः[२९]) बद्धजीव हैं । जैसे कि आजकल विषयी हैं ॥ ११ ॥

१ २ ३ ४
मूल—केवलो नाम एकाकी अत्यन्तक्षुत्पिपासाभ्यां
५ ६ ७ ८ ९ १०
पीडितो भक्ष्याभक्ष्यविवेकं कर्तुमशक्तः स्वदेहं स्वयमेव
११ १२ १३ १४ १५ १६ १७
भक्षित्वा प्रसन्नोभवति तथा संसारदावाग्निना तप्तः सन्
१८ १९ २०
संसारदुःखनिवृत्त्यर्थं शास्त्रजन्यज्ञानेन प्रकृत्यात्मविवेकं
२१ २२ २३ २४ २५
कृत्वा प्रकृतेर्दुःखाश्रयत्वं हेयपदार्थसमूहत्वं रूपाकार-
२६ २७ २८ २९ ३० ३१ ३२
मात्मनः प्रकृतेः परत्वं स्वयं प्रकाशत्वं स्वतः सुखित्व-
३३ ३४ ३५ ३६ ३७ ३८
नित्यत्वाप्राकृतत्वस्वरूपमाकारं चानुसन्ध्याय पूर्वं स्वेनानु

http://acharya.org

३९ ४० ४१
भूतदुःखाधिक्येनैतदल्परस आसक्तो ज्ञानानन्दमयपर-
४२ ४३ ४४
मात्मविवेकं कर्तुमशक्त एतदात्मप्राप्तिसाधनभूतज्ञानयोग-
४५ ४६ ४७ ४८ ४९
निष्ठो योगफलमात्मानुभवमात्रमेव पुरुषार्थत्वेनानुभूय
५० ५१ ५२ ५३
पश्चात्संसारसम्बन्धभगवत्प्राप्तिरहितः यावदात्मभाव्यश-
५४ ५५ ५६
रीरी सञ्चरन् कश्चित् ॥ १२ ॥

टीका — ( केवलः[१] ) केवल जीव ( नाम[२] ) किसको कहते हैं कि ( एकाकी[३] ) जैसे कि कोई अकेला रहनेवाला ( अत्यन्तक्षुत्पिपासाभ्याम्[४] ) बहुत भूख और प्यास से ( पीडितः[५] ) पिडित होकर ( भक्ष्याभक्ष्यविवेकं कर्तुम्[६] ) भक्ष्य तथा अभक्ष्य के विचार करने के लिये ( अशक्तः[७] ) असमर्थ होकर ( स्वदेहम्[८] ) अपने देह को ( स्वयम्[९] ) आप ही ( एव[१०] ) निश्चय करके ( भक्षित्वा[११] ) खाकर ( प्रसन्नः[१२] ) प्रसन्न ( भवति[१३] ) होता है (तथा[१४]) वैसे ही (संसारदावाग्निना[१५]) संसाररूप दावानल से (तप्त[१६]) अत्यन्त संतप्त (सन्[१७]) भया हुआ जीव (संसारदुःखनिवृत्यर्थम्[१८]) संसार के दुःख की निवृत्ति के लिये (शास्त्रजन्य ज्ञानेन[१९]) शास्त्र से उत्पन्न हुए ज्ञान से (प्रकृत्यात्मविवेकम्[२०]) प्रकृति और आत्मा के विवेक को (कृत्वा[२१]) करके (प्रकृतेः[२२]) प्रकृति के (दुःखाश्रयत्वम्[२३]) दुःखों का आश्रय और (हेयपदार्थसमूहत्वम्[२४]) त्याग करने योग्य जितने पदार्थ हैं उन सबों के समूह (रूपाकारम[२५]) रूप आकार है और (आत्मनः[२६]) आत्मा का (प्रकृतेः[२७]) प्रकृति से (परत्वम्[२८]) परे (स्वयम्[२९]) स्वयं

http://acharya.org

(प्रकाशत्वम्[३०]) प्रकाश (स्वतः[३१]) स्वयं ही (सुखित्वनित्यत्वाप्राकृतत्वस्वरूपम्[३२]) सुखानन्द नित्य और अप्राकृतस्वरूप (आकारम्[३३]) आकार को (च[३४]) और (अनुसन्धाय[३५]) अनुसन्धान करके (पूर्वम्[३६]) पहले (स्वेन[३७]) अपने से (अनुभूतदुःखाधिक्येन[३८]) अपरिमित दुःख का अनुभव करने से (एतदल्परसे[३९]) इस जीवस्वरूप के अनुभव रूप अल्प सुख में (आसक्तः[४०]) आसक्त होकर (ज्ञानानन्दमयपरमात्मविवेकम्[४१]) ज्ञान और आनन्दमय परमात्मा के विवेक, परमात्मा ज्ञान और आनन्दमय हैं यह लिखा है कि—सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म ॥ तैत्तिरी० ब्रह्मानन्दव० २ अनु० १ ॥ सत्य ज्ञान और अनन्त ब्रह्म हैं ॥ १ ॥ आनन्दमयोऽभ्यासात् ॥ वेदा० अ० १ पा० १ सू० १२ ॥ आनन्दमय ब्रह्म है अभ्यास से ॥ १२ ॥ जिस ज्ञान और आनन्दमय परमात्मा का स्वरूप के विवेक (कर्तुम्[४२]) करने के लिये (अशक्तः[४३]) अत्यन्त असमर्थ हो जाता है, और यह जानलेता है कि (एतदात्मप्राप्ति साधनभूतज्ञानयोगनिष्ठः[४४]) इस जीवात्मा की प्राप्ति रूप सुख में साधन ज्ञान योग की निष्ठा है अर्थात् मुझको ज्ञान से ही आत्म सुख मिला है और (योगफलम्[४५]) सांख्य योग का फल (आत्मानुभवमात्रम्[४६]) जीवात्मा का केवल अनुभव करना (एव[४७]) ही है (पुरुषार्थत्वेन[४८]) पुरुषार्थ ऐसा (अनुभूय[४९]) अनुभव करके (पश्चात्[५०]) तब पीछे (संसारसम्बन्धभगवत्प्राप्तिरहितः[५१]) संसार के सम्बन्ध से रहित हो जाता है और उसको भगवत्स्वरूप की प्राप्ति नहीं होती है (यावत्[५२]) और सर्वदा (आत्मभावी[५३]) केवल अपनी आत्मा के अनुभव में लगा रहता है और

http://acharya.org

(अशरीरी[४४]) बिना शरीर के यह अधिकारी (सञ्चरन्[४५]) रहता हुआ (कश्चित्[४६]) कोई जीव है उसीको केवल कहते हैं ॥ यह सब विषय सांख्य शास्त्र में स्पष्ट लिखा है कि—अथ त्रिविधदुःखात्यन्तनिवृत्तिरत्यन्तपुरुषार्थः ॥ सां० १ । १ ॥ नदृष्टात्तत्सिद्धिर्निवृत्तेऽप्यनुवृत्तिदर्शनात् ॥ २ ॥ आध्यात्मिक आधिभौतिक आधिदैविक इन तीनों दुःखों की अत्यन्त निवृत्ति को अत्यन्त पुरुषार्थ कहते हैं ॥ १ ॥ वह दुःख निवृत्ति दृष्ट पदार्थों से हो सकती है क्योंकि निवृत्ति होने पर भी फिर दुःख देखा जाता है ॥ २ ॥ इत्यादि सूत्रों में शास्त्र जन्य ज्ञान से दुःख निवृत्ति स्पष्ट साबित किये हैं और —असंगोऽयं पुरुष इति ॥ सां० अ० १ सू० १५ ॥ असङ्ग यह जीवात्मा है ॥ १५ ॥ इस सूत्र से प्रकृति से अलग जीवात्मा साबित होती है और ईश्वरासिद्धेः ॥ सां० अ० १ सू० ९२ ॥ ईश्वर के सिद्ध न होने से ॥ ९२ ॥ इस सूत्र से प्रकृति तथा पुरुष से अलग ईश्वर सांख्य शास्त्र में नहीं सिद्ध होता है और— विवेकान्निश्शेष दुःखनिवृत्तौ कृतकृत्योनेतरान्नेतरात् ॥ सां० अ० ३ सू० ८४ ॥ विवेक से समस्त दुःख निवृत्त होने पर कृतकृत्य होता है अन्य उपायों से नहीं ॥ ८४ ॥ प्रकृतिपुरुषयोरन्यत्सवमनित्यम् ॥ सां० अ० ५ सू० ७२ ॥ प्रकृति पुरुष इन दोनों से अन्य सब अनित्य हैं ॥ ७२ ॥ अत्यन्तदुःखनिवृत्याकृतकृत्यता ॥ सां० अध्याय ६ सू० ५ ॥ तथा दुःखात्क्लेशः पुरुषस्य न तथा सुखादभिलाषः ॥ ६ ॥ अत्यन्त दुःख की निवृत्ति से कृतकृत्य जीवात्मा हो जाती है ॥ ५ ॥ जैसे दुःख से पुरुष को क्लेश होता है वैसे सुख से अभिलाषा नहीं होती है ॥ ६ ॥ यद्वा तद्वा तदु-

http://acharya.org

च्छित्तिः पुरुषार्थस्तदुच्छित्तिः पुरुषार्थः ।। सां० अ० ६ सू० ७० ।। इन पूर्वोक्त सांख्य सूत्रों से यह स्पष्ट सावित होता है कि केवल जीव तीनों दुःखों से रहित बिना शरीर भगवत्स्वरूप प्राप्ति रहित केवल अपनी आत्मा के अनुभव में लगा रहता है ।। १२ ।।

मूल मोक्षेच्छूनां[1] मुमुक्षव[2] इति[3] नाम[4] एते[5] च[6] मुमुक्षव[7] उपासका[8]मुमुक्षवः[9] प्रपन्ना[10]श्च[11] द्विधा[12] ॥ १३ ॥

टीका – (मोक्षेच्छूनाम्[1]) जो जीव यह चाहते हैं कि हमारा मोक्ष हो जाय उन सब जीवों का (मुमुक्षवः[2]) मुमुक्षु (इति[3]) ऐसा (नाम[4]) नाम है (एते[5]) ये मुमुक्षु जीव (च[6]) भी (मुमुक्षवः[7]) एक मुमुक्षु (उपासकाः[8]) उपासक होते हैं और दूसरे (मुमुक्षवः[9]) मुमुक्षु (प्रपन्नाः[10]) प्रपन्न (च[11]) भी होते हैं इस प्रकार से उपासक और प्रपन्न इस भेद से मुमुक्षु जीव (द्विधा[12]) दो प्रकार के होते हैं और प्रपन्न में भी दो भेद हैं एक तो आर्तप्रपन्न होते हैं और दूसरे दृप्तप्रपन्न होते हैं। इन दोनों का लक्षण भी लिखा है कि—श्रीशानुभवप्रत्यूहं देहस्थिति दुरावहाम्। त्वरया प्राप्तिमीशाननिरवद्यतया पुनः। हेयमिदं शरीरं तु तव कैङ्कर्यरोधिनम्। शीघ्रमेव जहि स्वामिन्प्रार्थनाऽर्तेति कथ्यते ।। ।। श्रीमन्नारायणभगवान् के अनुभव करने में विघ्नरूप तथा दुःख से ढोने योग्य इस देह की स्थिति को जो कि आपके नित्य कैङ्कर्य को रोकनेवाला है ऐसे हेय इस शरीर को शीघ्र ही हे भगवन्! आप दूर कीजिए और हे स्वामिन्! शीघ्र ही निरवद्य आपकी प्राप्ति मुझे होवे ऐसी प्रार्थना को आर्त कहते हैं। ये लक्षण जिसमें हों

http://acharya.org

उसको आर्तप्रपन्न कहते हैं ।। और— कृत्याकृत्यविवेकं च परलोकस्य चिन्तनम् । तत्प्राप्तिसाधनं विष्णोः स्वरूपज्ञानमेव च । उपायभावे संत्यज्य कर्मज्ञानादिकं नरः । कुर्वन्भगवतः प्रीत्यै महाभागवतोत्तमः ।। जो पुरुष कृत्य और अकृत्य के विचार को तथा परलोक के चिन्तन को और परलोक की प्रप्ति के साधनों को तथा विष्णुभगवान् के स्वरूप ज्ञान को और कर्म ज्ञान आदिक को उपाय भाव में परित्याग करके भगवान की प्रीति के लिए जो करता है वह महाभागवतों में उत्तम अर्थात् दृप्तप्रपन्न है ।। और भी लिखा है कि—त्वमेवोपासभूतो मे ह्यन्यर्त्किचिन्न विद्यते । इत्थं स्वभारमारोप्य सिद्धोपाये श्रियः पतौ ।। निवृत्त्य निर्भरतया स्वप्नयत्नेषु सर्वतः । यावद्देहमवस्थानं दृप्ता प्रपत्तिरीर्यते । हे भगवन्! केवल एक आप ही मेरा उपाय और उपये दोनों है और अन्य कोई नहीं है इस प्रकार से अपने भार को सिद्धोपाय श्रीमन्नारायण भगवान् में समर्पण करके अपने समस्त उपायों से रहित होकर शरीरपातपर्यन्त निर्भर रहना इसको दृप्तप्रति कहते हैं । पूर्वोक्त प्रकार से स्वस्वरूप के जो नित्य १ मुक्त २ बद्ध ३ केवल ४ मुमुक्षु ५ ये पाँच प्रकार के भेद हैं इन सबों का लक्षण स्वरूप निरूपण हो गया ।। १३ ।।

मूल—ईश्वरविषये[१] परत्वं[२] नाम[३] परमपदेऽवाक्यानादर[४] इति[५] वर्तमानः[६] आदिज्योतीरूपः[७] परवासुदेवः[८] ।। १४ ।।

टीका—( ईश्वरविषये[१] ) परस्वरूप जो पर १ व्यूह २ विभव ३ अन्तर्यामी ४ अर्चावतार ५ ये पाँच प्रकार के कहे हैं

http://acharya.org

जिस ईश्वर के विषय में, ईश्वर का लक्षण यह लिखा है कि—क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः ।। योग० अ० पा० १ सू० २४ ।। क्लेश तथा कर्म के विपाकों के आशयों से अपरामृष्ट पुरुष विशेष को ईश्वर कहते हैं ।। २४ ।। उस ईश्वर के विषय में ( परत्वम् [२] ) पर ईश्वर ( नाम [३] ) किसको कहते हैं कि ( परमपदे [४] ) जो परमपद वैकुण्ठ में ( अवाक्यानादरः [५] ) अवाक्य तथा अनादर हैं अर्थात् जिसके वैभव को वर्णन करने के लिए वेद के वाक्य भी असमर्थ हैं और जिनसे अधिक आदर करने योग्य भी और कोई नहीं है । (इति [६]) इस प्रकार (वर्तमानः [७]) सदा वर्तमान है और ( आदिज्योतिरूपः [८] ) आदि ज्योतिस्वरूप है और (परवासुदेवः [९]) परवासुदेव है उसको पर कहते हैं। यह पराशरीय धर्मशास्त्र के उत्तरखण्ड में लिखा है कि—एवं वैकुण्ठनाथोऽसौ राजते परमे पदे । सेव्यमानः सदा नित्यैर्मुक्तैर्भोगपरायणः ।। परा० अ० ६ श्लो० ४६ ।।इस प्रकार सर्वदा भोग परायण नित्य और मुक्त जीवों से सेव्यमान वैकुण्ठनाथ परमपद वैकुण्ठलोक में विराजमान हैं ।। ४६ ।। और तैत्तरीयोपनिषद् में लिखा है कि—यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह ।। तैत्ति० वल्ली० २ अनु० ४ ।। मन के साथ वाणी नहीं प्राप्त करके जहाँ से निवृत्त हो जाती है ।। ४ ।। उसको परब्रह्म कहते हैं। यहाँ पर बहुत से लोग यह कहते हैं कि ईश्वर परब्रह्म केवल निराकार है। उसका उत्तर स्पष्ट वेद भगवान् ने दिया है कि साकार ब्रह्म है। चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत । श्रोत्राद्वायुश्च प्राणश्च मुखादग्निरजायत ।। यजु० अ० ३१ मं० १२ ।।

http://acharya.org

नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत । पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकानकल्पयन् ॥१३॥ परमात्मा के मन से चन्द्रमा उत्पन्न हुआ, और नेत्र से सूर्य उत्पन्न हुआ, कान से वायु और प्राण उत्पन्न हुए और मुख से अग्नि उत्पन्न हुई ॥१२॥ और नाभि से अन्तरिक्ष हुआ शिर से दिवलोक हुआ और पैरों से भूमि तथा कान से दिशा हुईं और इसी प्रकार से लोकों को भी परमेश्वर ने बनाया ॥१३॥ इससे साबित हो गया कि परब्रह्म का मन, नेत्र, कान, मुख नाभि, शिर, पैर आदिक दिव्य इन्द्रियाँ हैं और भी लिखा है कि—तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः सम्भूतः ॥ तैत्ति० ब्रह्मानन्द व० २ अनु० १ ॥ उस अदृश्य ब्रह्म तथा इस दृश्य ब्रह्म से आकाश उत्पन्न हुआ ॥१॥ और भी लिखा है कि—उभयं वा एतत्प्रजापतिर्निरुक्तश्चानिरुक्तश्च परिमितश्चापरिमितश्च तद्यद्यजुषा करोति यदेवास्य निरुक्तं परिमितं रूपं तदस्य तेन संस्करोत्यथ यत्तूष्णीं यदेवास्यानिरुक्तमपरिमितं रूपं तदस्य तेन संस्करोति ॥ शत० का १४ अ० १ ब्रा० २ श्रु० १८ ॥ परब्रह्म दो प्रकार का है निरुक्त और अनिरुक्त, परिमित और अपरिमित इस कारण जो यज्ञ उपासनादि कर्म यजुर्वेद से करता है उसके द्वारा परब्रह्म के निरुक्त और परिमित रूप का संस्कार करता है और जो तूष्णी भाव से अध्यात्म का मननादि करता है उसके द्वारा परब्रह्म के अनिरुक्त और अपरिमित रूप का संस्कार करता है ॥१८॥ इससे साबित हो गया साकार परब्रह्म, निराकार केवल मनाने पर दोष भी है, यह लिखा है कि—केवलनिराकारस्य गगनस्यैव परब्रह्मणोऽपि जडत्वमापद्येत ॥ त्रिपाद्वि० अ० २ ॥

http://acharya.org

केवल निराकार परब्रह्म को मानने पर आकाश के समान जड़ मानना पड़ेगा ।। २ ।। इससे साकार ब्रह्म है । और भी यजुर्वेद का शतपथ ब्राह्मण ने परब्रह्म का शरीर बताया है कि—यस्य पृथिवी शरीरम् ।। यस्यापः शरीरम् । यस्याग्निः शरीरम् । यस्याकाशः शरीरम् । यस्य वायुः शरीरम् ।। श० का० १४ ।। जिस परब्रह्म का पृथ्वी शरीर है । जिसका जल शरीर है । जिसका अग्नि शरीर है । जिसका आकाश शरीर है । और जिस परब्रह्म का वायु शरीर है ।। इन प्रमाणों से साकार परब्रह्म का स्वरूप सिद्ध होता है वही परवासुदेव हैं ।।१४।।

मूल—व्यूहो[१] नाम[२] सृष्टिस्थितिसंहारकर्तारः[३] संकर्षण-प्रद्युम्नानिरुद्धाः[४] ।।१५।।

टीका—( व्यूहः[१] ) व्यूह ईश्वर ( नाम[२] ) किसको कहते हैं कि (सृष्टि-स्थिति-संहार-कर्तारः[३] ) जो समस्त संसार की उत्पत्ति पालन संहार के करने वाले हों जो कि ( संकर्षणप्रद्युम्नानिरुद्धाः[४]) संकर्षण प्रद्युम्न अनिरुद्ध नाम से विख्यात हों । अर्थात् प्रद्युम्न रूप से पालन करते हैं और संकर्षण रूप से संसार का संहार करते हैं—व्यूहावतार को स्पष्ट वेद भी वर्णन करता है कि—ब्रह्म ज्येष्ठा संभृता वीर्याणि ब्रह्माग्रे ज्येष्ठदिवमाततान । भूतानां ब्रह्मा प्रथमोऽत जज्ञे तेनार्हति ब्रह्मणा स्पर्धितुं कः ।। अथर्व० १६ । २३ । ३० ।। ब्रह्म श्रीमन्नारायणदेव ने बड़े बल धारण किये हैं । ब्रह्म श्रीमन्नारायणदेव ने ही सृष्टि के आरम्भ में प्रद्युम्न रूप से बड़े द्युलोक का विस्तार किया है/सब प्राणियों में पहले वह ब्रह्म प्रद्युम्न

http://acharya.org

रूप से प्रकट हुआ है उस ब्रह्म श्रीमन्नारायण से स्पर्धा करने को कौन समर्थ है ॥ ३० ॥ नारायणोपनिषद् में लिखा है कि—अथ नित्यो नारायणः ब्रह्मा नारायणः ॥ नारा० मं० २ ॥ नित्य नारायण हैं और ब्रह्मानारायण हैं ॥२॥ इससे यह सिद्ध होता है कि ब्रह्मा नारायण है। और भी लिखा है कि ब्रह्मा देवानां प्रथमः संबभूव विश्वस्य कर्ता भुवनस्य गोप्ता ॥ मुण्ड० १ ख० १ मं० १ ॥ ब्रह्मा श्रीमन्नारायणजी सब देवों के पहले हुए, वही प्रद्युम्न रूप से विश्व के बनाने वाले हैं और अनिरुद्ध रूप से संसार के पालन करने वाले हैं ॥ १ ॥ और पराशरीय धर्मशास्त्र के उतर खण्ड में लिखा है कि—जगत्सृष्टिस्थितिलयान्कुर्वाणो गुणभेदतः। ऐश्वर्यवीर्यवान्सर्वे प्रद्युम्नः प्रत्यपद्यत ॥ पराश० अ० श्लो० ६९ ॥ तेजःशक्ती समाविश्य ह्यनिरुद्धोऽप्यपालयत्। ज्ञानवान्बलवाँल्लोकानग्रसत्संकर्षणोऽव्ययः ॥ ७० ॥ तीनों गुणों के भेद से संसार की उत्पत्ति पालन संहार को करते हैं—ऐश्वर्य और वीर्यवाला प्रद्युम्न रूप समस्त संसार को उत्पन्न करता है ॥ ६९ ॥ और तेजः शक्तिवाला अनिरुद्ध रूप निश्चय करके पालन करता है और ज्ञानवाला तथा बलवाला विकार रहित संकर्षण रूप संपूर्ण संसार का संहार करता है ॥ ७० ॥ भगवद्गीता में भी लिखा है कि—सर्गाणामादिरन्तश्च मध्यं चैवाहमर्जुन ॥ गी० अ० १० श्लो० ३२ ॥ हे अर्जुन सर्ग के आदि में प्रद्युम्न रूप से उत्पत्ति करने वाला मध्य में अनिरुद्ध रूप से पालन करनेवाला और अन्त में संकर्षण रूप से संहार करनेवाला मैं ही हूँ ॥ ३२ ॥ इससे यह सिद्ध हो गया कि जो संकर्षण १ प्रद्युम्न २ और अनिरुद्ध ३ नाम

http://acharya.org

से विख्यात है, उसको व्यूहईश्वर कहते हैं ।। १५ ।।

मूल विभवो[1] नाम[2] रामकृष्णाद्यवताराः[3] ।। १६ ।।

टीका—( विभव[1] ) विभव ईश्वर ( नाम[2] ) किसको कहते हैं कि जो ( रामकृष्णाद्यवताराः[3] ) श्रीराम, श्रीकृष्ण आदि के अवतार हैं। यहाँ पर बहुत से लोग यह कहते हैं—अदतार के विषय में कोई प्रमाण नहीं है। परन्तु उनका कथन ठीक नहीं है क्योंकि अवतार के विषय में स्पष्ट ये प्रमाण हैं कि—प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तरजायमानो बहुधा विजायते। तस्य योनिं परिपश्यन्ति धीरास्तस्मिन्ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा ॥ यजु० अ० ३१ मं० १९ ॥ प्रजापति ईश्वर गर्भ में भीतर आता है। अजन्मा होकर भी वह बहुत प्रकार से जन्म लेता है। उसके उत्पत्ति स्थान को धीर भक्तजन देखते हैं। उसी प्रकार में ये समस्त ब्रह्माण्ड ठहरे हैं ।। १९ ।। और भी लिखा है कि— पूर्वो यो देवेभ्यो जातः ॥ यजु० अ० ३१ मं० २० ।। जिस ईश्वर ने सब देवों से पहले जन्म लिया ।। २० ।। और भी लिखा है कि - हंसः शुचिषद्वसुरन्तरिक्षसद्धोता वेदिषदतिथिर्दुरोणसत्। नृषद्वरसदृतसद्व्योमसदब्जा गोजा ऋतजा अद्रिजा ऋतं बृहत् ॥ यजु० अ० १० मं० २४ ।। इस मन्त्र में स्पष्ट ।। अब्जा ।। इस पद से जल से उत्पन्न मत्स्य और कच्छप अवतार का तथा ।। गोजा ।। इस पद से इन्द्रियों से उत्पन्न वाराह और वामन तथा परशुराम और श्रीराम आदिक अवतार का और "अद्रिजा" इस पद से पाषाण से उत्पन्न श्रीबदरीनारायण तथा शालग्राम और वेङ्कटेश, वरदराज, श्रीरंगनाथ

http://acharya.org

आदिक अर्चावतार का वर्णन है ॥ २४ ॥ और भी लिखा है कि—एषो ह देवः प्रदिशोनु सर्वाः पूर्वो ह जातः स उ गर्भ अन्तः। स एव जातः स जनिष्यमाणः प्रत्यङ् जनास्तिष्ठति सर्वतोमुखः ॥ यजु० अ० ३२ मं० ४ ॥ यह ईश्वर देव सब दिशा और विदिशाओं में व्याप्त होकर प्रथम कल्प में गर्भस्थ होकर जन्म लेता है। उस ईश्वर ने जन्म लिया है। वह फिर भी जन्म लेगा सर्वतोमुख होने के कारण वह ईश्वर प्रत्येक मनुष्य के साथ अदृश्य रूप से रहता है ॥ ४ ॥ और भी लिखा है कि—वराहेण पृथिवी संविदाना सूकराय विजहीते मृगाय ॥ अथर्व० कां० १२ अनु० १ मं० ४८ ॥ सूकररूपधारी बराह ने यह पृथ्वी उद्धृत की है ॥ ४८ ॥ वराह उज्जघान सोऽस्याः पतिः ॥ शत० १४। १। २। ११ ॥ श्रीवराहजी ने इस पृथ्वी का उद्धार किया है, इससे इस पृथ्वी के पति हैं ॥ ११ ॥ उद्धृतासि वराहेण कृष्णेन शतबाहुना ॥ तैत्ति० अ० प्र० १ अनु० १ मं० ३० ॥ हे भूमि तुमको अनन्तभुजावाले कृष्ण वराह ने उद्धार किया है ॥ ३० ॥ और भी लिखा है कि—इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रिधा निदधे पदम्। समूढमस्य पांसुरे स्वाहा ॥ यजु० अ० ५ मं० १५ ॥ विष्णु ने इस दृश्यमान ब्रह्माण्ड को नापा और तीन प्रकार के पैर रखा, उस पद में समस्त संसार अन्तर्भूत हो गया ॥ १५ ॥ यह मन्त्र ऋग्यजुः साम इन तीनों वेदों में हैं ॥ मध्ये वामनमासीनं विश्वेदेवा उपासते ॥ कठो० अ० २ वल्लो ५ मं० ३ ॥ बीच में बैठे हुए वामन की विश्वेदेव उपासना करते हैं ॥ ३ ॥ और भी लिखा है कि रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव तदस्य रूपं प्रतिचक्षणाय। इन्द्रो मायाभिः पुरुरूप ईयते युक्ता

http://acharya.org

ह्यस्य हरयः शतादश ॥ ऋ० मं० ६ अ० ४ सू० ४७ मं० १८ ॥ परमेश्वर अपनी माया से अनेक रूपवाला होता है सो इस अपने रूप को सब भक्तों के विख्यात करने के लिए जैसे-जैसे रूप की इच्छा हुई तैसे-तैसे हुआ निश्चय इस प्रमेश्वर के रूप सैकड़ों हैं दश मुख्य हैं ॥ १८ ॥ इन पूर्वोक्त प्रमाणों से विभवावतार सिद्ध होने पर जिनके चित्त में वेद का गौरव नहीं है वे लोग यह कहते हैं कि यदि आप युक्ति से हमारी शङ्काओं को दूर कर दीजिये तो हम ईश्वरावतार को मान लेंगे पहली शङ्का कि (१) ईश्वर को अवतार धारण करने की क्या आवश्यकता है ? इस प्रश्न का उत्तर श्रीकृष्ण भगवान् ने दिया है कि—परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् । धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥ गी० अ० ४ श्लो० ८ ॥ साधुओं की रक्षा के निमित्त तथा दुष्टों के विनाश के लिए और धर्म की स्थापना के लिये हम समय समय पर अवतार लेते हैं ॥ ८ ॥ पहले प्रश्न का उत्तर पाने पर दूसरा प्रश्न होता है कि (२) यदि ईश्वर अवतार धारण करेगा तो कर्मबन्धन के बिना किस प्रकार शरीर ग्रहण कर लेगा ? इस प्रश्न का यह उत्तर है कि—जैसे राजा जेल में बिना अपराध के जाता है उसके वहाँ जाने में कानून तोड़ने का अपराध हेतु नहीं है किन्तु कैदियों के ऊपर जो दया है वही हेतु है। इसी प्रकार परमेश्वर दया को हेतु बनाकर अवतार लेता है। उसके शरीर धारण का हेतु कर्मबन्धन नहीं है इस प्रकार दूसरे प्रश्न का उत्तर पाने पर तो तीसरा प्रश्न होता है कि (३) जब ईश्वर अजन्मा है तो फिर उसका जन्म कैसा ? इस प्रश्न का यह उत्तर है कि जैसे

http://acharya.org

अजन्मा जीव का जन्म होता है वैसे ही अजन्मा ईश्वर का भी जन्म होता है। इसमें प्रमाण देखिये— अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्। प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय सम्भवाम्यात्ममायया ॥ गी० अ० ४ श्लो० ६ ॥ मैं अजन्मा अविनाशी और सब जीवों का मालिक हूँ तोभी अपना स्वभाव जो सौशील्य वात्सल्य शरणागत-रक्षकत्व है, इससे बारम्बार अवतार लेता हूँ ॥ ६ ॥ इस प्रकार अजन्मा का जन्म साबित होने पर चौथा प्रश्न होता है कि– (४) निराकार ईश्वर साकार किस प्रकार होगा? इस प्रश्न का यह उत्तर है कि जैसे दो अरणियों में व्याप्त निराकार अग्नि रगड़ने से साकार बनकर हविष्य को जलाती है और जैसे दियासलाई में व्याप्त निराकार अग्नि घसने से साकार बनकर उससे दिया जलता है और जैसे निराकार बिजली गिर जाने से वृक्ष में आग लगकर साकार अग्नि दिखाई पड़ती है वैसे ही निराकार ईश्वर साकार हो जाता है। इस प्रकार चौथे प्रश्न का उत्तर होने पर पाँचवाँ प्रश्न होता है कि—(५) एक रस ईश्वर का अवतार कैसा? इस प्रश्न का यह उत्तर है कि– जसे दूध में एक रस रहनेवाला घृत साकार होकर हलुआ पूड़ी बना देता है और ईख में एक रस रहनेवाला रस साकार होकर शक्कर मिश्री तैयार हो जाती है। और जैसे सांभर झील मे एक रस रहनेवाला क्षार नमक बन जाता है वैसे ही एकरस ईश्वर भी अवतार धारण कर लेते हैं। इस प्रकार पाँचवें प्रश्न का उत्तर होने पर तो छठवाँ प्रश्न होता है कि—(६) जब ईश्वर शरीर धारण करके वृन्दावन में आ गये तो वृन्दावन को छोड़कर बाकी जगह तो

http://acharya.org

बिना ईश्वर का हो गया। इस प्रश्न का यह उत्तर है कि—जैसे एक निराकार अग्नि जो समस्त ब्रह्माण्ड में व्यापक है वही सायंकाल बक्सर में साकार बनकर सैकड़ों दीपों से प्रकाश करने लगी। और वही अग्नि अयोध्या में हजारों रूप धारण करके प्रकाश कर बैठी। प्रयाग में इसने लाखों स्वरूपों से प्रकाश किया और काञ्ची तथा भूतपुरी में करोड़ों रूपों से अग्नि ने रात्रि को दिन बना दिया। अग्नि के बक्सर आदिक स्थानों में करोड़ों रूप धारण करने पर भी जैसे संसार में व्यापक अग्नि का अभाव नहीं होता है वैसे ही ईश्वर अवतार धारण करके जब वृन्दावन में आ गये तब भी व्यापक ईश्वर का संसार में अभाव नहीं होता है। इस प्रकार छठवें प्रश्न का उत्तर होने पर अन्तिम सातवाँ प्रश्न होता है कि—(१) एक ही समय में ईश्वर के आठ आठ अवतार (इतना अन्धेर)? इस सातवें प्रश्न का उत्तर यह है कि जैसे एक व्यापक अग्नि ने छोटे बड़े सब प्रकार के करोड़ों रूप धारण किये और एक रूप ने दूसरे रूप का अवरोध नहीं किया वैसे ही ईश्वर भी एक समय में मत्स्य आदिक अनेक रूप धारण करते हैं और एक रूप दूसरे रूप का अवरोध नहीं करता है। बस इन पूर्वोक्त युक्तिया से भी राम-कृष्ण इत्यादि अवतार होना साबित होता है, इन्हीं को ईश्वर का विभव अवतार कहते हैं॥ १६॥

१ २ ३ ४ ५ ६
मूल—अन्तर्यामित्वमुभयविधं दासस्यान्तर्वर्तमान इति
७ ८ ९ १० ११ १२ १३ १४ १५
मम प्राण इति चोक्तप्रकारेण आत्मनोऽन्तः कमले प्रविष्ट
१६ १७ १८ १९ २० २१ २२ २३ २४
इति कमलवासिनी स्वयमप्यागत्य प्रविश्येति अन्तः प्रविश्य

http://acharya.org

२५ २६ २७ २८ २९ ३० ३१
स्वस्मिन्नादरवर्द्धकः सुन्दर इति विचारवतां विचारं सर्वं
३२ ३३ ३४ ३५ ३६ ३७ ३८ ३९
सह स्थित्वा जानासीति चोक्तप्रकारेण लक्ष्म्या सहितो
४० ४१ ४२
विलक्षणविग्रहयुक्तो हृदयकमले सकलप्रवृत्ति---निवृत्ती
४३ ४४ ४५
सदावलोकयन् वर्तमानः ॥ १७ ॥

टीका—(अन्तर्यामित्वम् ) ईश्वर के अन्तर्यामी स्वरूप (उभयविधम् २) दो प्रकार का है (दासस्य ३) जो दासों के (अन्तः४) हृदय के भीतर (वर्तमानः५) वतमान रहते हैं (इति६) ऐसा और (मम७) मेरे (प्राणः८) प्राण हैं (इति९) ऐसा (च१०) और उक्तप्रकारेण११) श्री पूर्वाचार्यों से कथित मधुर श्रीसूक्तियों के प्रकार से (आत्मनः१२) जीवात्मा के (अन्तः१३) अन्तःकरण (कमले१४) कमल में (प्रविष्टः१५) प्रवेश कर गये हों (इति१६) ऐसा और (कमलवासनी१७) लक्ष्मीदेवीजी (स्वयम् १८) अपने आप (अपि१९) भी (आगत्य२०) आकर (प्रविश्य२१) प्रवेश करके (इति२२) स्थिति किया है और (अन्तः२३) हम सबों के भीतर (प्रविश्य२४) प्रवेश करके (स्वस्मिन्२५) अपने में (आदरवर्द्धकः२६) आदर के बढ़ाने वाले (सुन्दर२७) हे सुन्दर भगवन् ! (इति२८) ऐसा (विचारवताम् २९) विचार वालों के (विचारम् ३०) विचार (सर्वम् ३१) सम्पूर्ण (सह३२) साथ (स्थित्वा३३) रहकर (जानासि३४) आप जानते हैं (इति३५) ऐसा (च३६) और (उक्तप्रकारेण३७) पूर्वाचार्यों से कथित श्रीसूक्तियों के प्रकार से

http://acharya.org

(लक्ष्या३८) श्रीलक्ष्मीदेवी करके ( सहितः३६) सहित (विलक्षणविग्रहयुक्तः४०) विलक्षण दिव्यमङ्गलविग्रह से युक्त (हृदयकमले४१) हृदय कमल में (सकलप्रवृत्तिनिवृत्ती४२) समस्तप्रवृत्तिनिवृत्तिरूप कर्मों को (सदा४३) सर्वदा (अवलोकयन्४४) देखते हुए (वर्तमानः४५) वर्तमान रहते हैं। इस अन्तर्यामी ईश्वर का वर्णन पराशरीय धर्मशास्त्र के उत्तरखण्ड में भी है कि—तदन्तर्याम्यवस्थाभिर्विष्णोः सर्वगतस्य वै। यो यो हृत्पुण्डरीकस्थे वेश्मनीडे सविग्रहः॥ परा० अ० ६ श्लो० ६५॥ सर्वव्यापक वह विष्णु भगवान अन्तर्यामी होकर प्राप्त होते हैं वह अन्तर्यामी हृदय कमल में स्थिर जो दिव्य मङ्गल विग्रह है वही है ॥ ६५ ॥ और वृहदारण्यकोपनिषद् के तीसरे अध्याय के सातवें ब्राह्मण में वृहद् रूप से वर्णन है कि—एष त आत्मान्तर्याम्यमृतः॥ बृहदा० अ० ३ ब्रह्म० ७ मं० ४॥ यह तेरी आत्मा अन्तर्यामी अमृत है॥ ४॥ अब यहाँ पर कुछ लोग यह कहते हैं कि मूल के तीसरे पद में (दासस्य) यह पद आया है और दास शूद्रों की पदवी है, ब्राह्मण आदि को नहीं है। इसका यह उत्तर है कि समस्त जीव ब्रह्म का दास है, देखिये धर्मशास्त्र में लिखा है कि— योजयेन्नामदासान्तं भगवन्नामपूर्वकम्॥ परा० अ० २ श्लो० ४६॥ भगवान् के नामों को पूर्व में कहकर अन्त में दास को लगाना चाहिये॥ ४६॥ इसीसे महावीरजी कहते हैं कि—दासोऽहं कोशलेन्द्रस्य रामस्याक्लिष्टकर्मणः॥ वाल्मी० रा० सु० सर्ग० ४३ श्लो० ६॥ मैं शुद्ध कर्म करनेवाले कोशलेन्द्र श्रीरामचन्द्र जी का दास हूँ॥ ६॥ और भी लिखा है कि—अहं तु नारायणदासदा-

http://acharya.org

सदासस्य दासस्य च दासदासः ।। पां० गी० श्लो० २० ।। मैं श्रीमन्नारायण भगवान् के दासों के दास के दास के दास का अन्तिम दास हूँ ॥ २० ॥ और श्रुति भी कहती है कि—ब्रह्मदासाः ब्रह्मदासा ब्रह्मेमे कितवाः ॥ ये जीव ब्रह्म के दास हैं ।। और भी लिखा है कि—दासकितवादित्वमधीयत एके ॥ वेदा० अ० २ पा० ३ सू० ४३ ।। इस सूत्र से भी साबित होता है कि ब्रह्म का जीव दास है। और पद्मपुराण में लिखा है कि—यः परः पुरुषो विष्णुर्नारायण उदाहृतः । दासभूतमिदं तस्य ब्रह्माद्यं सकलं जगत् ॥ जो परम पुरुष विष्णु नारायण कहे हैं उनके ब्रह्मा आदिक समस्त संसार दास हैं। इससे सिद्ध हो गया कि जीव ब्रह्म का दास है। जो हृदयकमल में श्रीलक्ष्मीसहित विचित्र दिव्य मङ्गल विग्रहयुक्त रहता है और प्रवृत्ति निवृत्तिरूप कर्मों को सदा देखता रहता है उसीको अन्तर्यामी ईश्वर कहते हैं ।। १७ ।।

**मूल—अर्चावतारो नाम दासानां यदभिमतं तद्रूपवान् तदभिमतं यन्नामतन्नामवानित्युक्तप्रकारेण स्वार्थरूपनामरहितः आश्रिताभिमतरूपस्तत्कृतनामसर्वज्ञोऽप्यज्ञ इव सर्वशक्तिरप्यशक्त इवाप्तसमस्तकामोऽपि सापेक्ष इव रक्षकोऽपि रक्ष्य इव स्वस्वामिभावं विपरीतं कृत्वा नेत्रविषयतया सर्वसुलभः आलयेषु गृहेषु च वर्तमानः ।। १८ ।।**

http://acharya.org

टीका—( अर्चावतार:[१] ) अर्चावतार ईश्वर ( नाम[२] ) किसको कहते हैं कि ( दासानाम्[३] ) भगवान् के दास जनों के ( यत्[४] ) जैसे स्वरूप का ( अभिमतम्[५] ) ध्यान करने का अभिमत होता है ( तद्[६] ) वैसे ( रूपवान्[७] ) स्वरूपवाले भगवान् अर्चावतार में हो जाते हैं। यह निरुक्त में लिखा है कि—यद्यद्रूपं कामयते तत्तद्देवता भवति। रूपं रूपं मघवा बोभवीति। इत्यपि निगमो भवति॥ निरु० अ० १० खंड १७॥ भक्तजन जिस-जिस रूप को चाहते हैं श्रीमन्नारायण देवता वही वही रुप में हो जाते हैं। धनवान् परमात्मा हरएक रूप फिर फिर होता है यह भी निगम होता है॥१७॥ और भक्तजनों के ( यद्[८] ) जिस ( नाम[९] ) नाम में अभिमत होता है ( तद्[१०] ) वैसे ही ( नामवान्[११] ) नामवाले भगवान् अर्चावतार में हो जाते हैं(इति[१२]) इस ( उक्तप्रकारेण[१३]) उक्त प्रकार करके ( स्वार्थरूपनामरहित:[१४] ) रूप और नाम से अपना प्रयोजन ईश्वर को कुछ नहीं है तौभी ( आश्रिताभिमत-रूप:[१५] ) अपने भक्तों के अभिमत रूप अर्चावतार में धारण करने-वाले और ( तत्कृत[१६] ) भक्तजनों के रखा हुआ ( नाम[१७] ) नाम ग्रहण करनेवाले अर्चावतार में ईश्वर ( सर्वज्ञ:[१८] ) सर्वज्ञ हैं ( अपि[१९] ) तौभी ( यज्ञ:[२०] ) यज्ञ के ( इव[२१] ) समान और ( सर्वशक्ति:[२२] ) सर्वशक्तिमान् हैं ( अपि[२३]) तौभी अशक्त:[२४]) अशक्त के ( इव[२५] ) सामान और ( आप्तसमस्तकाम:[२६]) अवाप्त-समस्त काम हैं ( अपि[२७] ) तौभी ( सापेक्ष:[२८] ) अपेक्षा करनेवाले के ( इव[२९] ) समान और ( रक्षक:[३०] ) रक्षक हैं (अपि[३१]) तौभी (रक्ष्य:[३२]) रक्षा करने के योग्य के ( इव[३३]) समान मालूम होते हैं

http://acharya.org

( स्वस्वामिभ वम्[३४] ) अपने स्वामी भाव को ( विपरीतम्[३५] ) विपरीत ( कृत्वा[३६] ) करके अर्थात् यद्यपि आप सबके स्वामी हैं परन्तु अर्चावतार में तो अपने भक्तों के अधीन अपने स्वरूप को कर दिये हैं इसीसे आप ( नेत्रविषयतया[३७] ) सबके नेत्रों के विषय होने से ( सर्वसुलभः[३८]) सब जीवों के सुलभ हो गये हैं और किसी किसी भक्त के प्रेम से आप ( आलयेषु[३९] ) विचित्र मन्दिरों में और भक्त के प्रेम से आप ( गृहेषु[४०] ) छोटे छोटे घरों में (च[४१] ) भी ( वर्तमानः[४२] ) वर्तमान हैं। जिसको मूर्ति कहते हैं वही अर्चावतार ईश्वर हैं। अब यहाँ पर बहुत से हुज्जतबाज लोग यह कहते हैं कि मूर्तिपूजा जैनियों से चली है। परन्तु यह बात नहीं माननी चाहिए क्योंकि इतिहास देखने से मालूम होता है मूर्तिपूजा अनादिकाल से चली आती है। देखिये सत्ययुग में चक्रवर्ती महाराज अम्बरीष के विषय में लिखा है कि – करौ हरेर्मन्दिर-मार्जनादिषु श्रुतिं चकाराच्युतसत्कथोदये ।। श्रीमद्भा०.स्कं० ९ अ० ४ श्लो० १८ ।। मुकुंदलिंगालयदर्शने दृशौ ।।१९।। चक्रवर्ती अम्बरीष महाराज अपने दोनों हाथों का भगवान् के मन्दिर झाड़ने में और अपने कानों को हरि की कथा सुनने में ।।१८।। और अपने दोनों नेत्रों को भगवान् की मूर्ति और मन्दिर देखने में लगा दिये ।।१९।। इससे सिद्ध हो गया कि सत्ययुग में मूर्तिपूजा होती थी। और त्रेतायुग में सगर, दिलीप दशरथ, प्रभु रामचन्द्र आदि ने अश्वमेधादिक यज्ञ किये हैं और उन यज्ञों में महावीर की मूर्ति का पूजन आवश्यक है जिसको यजुर्वेद माध्यन्दिनी शाखा और शतपथ ब्राह्मण कात्यायन सूत्र ने कहा है इससे मानना पड़ेगा कि

http://acharya.org

त्रेतायुग में मूर्तिपूजन होता था। और द्वापरयुग में विदुरजी के विषयमें लिखा है कि—

अन्यानि चेह द्विजदेवदेवैः कृतानि नानायतनानि विष्णोः।
प्रत्यंगमुख्याङ्कितमन्दिराणि यद्दर्शनात्कृष्णमनुस्मरन्ति ॥
श्रीमद्भा० स्कं० ३ अ० १ श्लो० २३ ॥

और तहाँ अन्य ऋषि तथा देवताओं के बनाये हुए जिनके शिखरों पर के सोने के कलशों पर चक्रों की मूर्तियाँ शोभा दे रही हैं, ऐसे अनेकों विष्णु भगवान् के मन्दिर विदुरजी ने देखे। जिन मन्दिरों के शिखरों पर विराजमान चक्रों के दर्शन से दूर रहनेवाले पुरुषों को भी बारम्बार श्रीकृष्ण भगवान का स्मरण होता है ॥२३॥ इससे सिद्ध हो गया कि द्वापरयुग में मूर्तिपूजा होती थी और कलियुग में स्पष्ट शालग्रामक्षेत्र, जगन्नाथ श्रीरंगनाथ आदिक की पूजा देखी जाती है। इससे यह साबित हो गया कि मूर्तिपूजा जैनियों से नहीं चली है, बल्कि सृष्टि के आदि से है। जब अनादिकाल से मूर्तिपूजन सिद्ध हो जाता है तब वे लोग यह कहते हैं कि वेद में मूर्तिपूजन का खण्डन है क्योंकि—

अन्धं तमः प्रविशन्ति येऽसम्भूतिमुपासते।
ततो भूय इव ते तमो य उ सम्भूत्यां रताः ॥
यजु० अ० ४० मं० ९ ॥

जो अनादि प्रकृति की उपासना करते हैं वे दुःखसागर में डूबते हैं और जो लोग पत्थर आदि की पूजा करते हैं वे चिरकाल घोर नरक में फिर करके महाक्लेश भोगते हैं ॥९॥ इसका उत्तर यह है कि जो इस मन्त्र में असम्भूति पद का पत्थर आदिक अर्थ करता

http://acharya.org

है यह वेद से विरुद्ध है क्योंकि – सम्भूतिं च विनाशं च यस्तद्वेदो-
भयं सह। विनाशेन मृत्युं तीर्त्वा सम्भूत्यामृतमश्नुते ॥ यजु०अ०४०
मं० ११ ॥ सम्पूर्ण ससार की उत्पत्ति का हेतु जो एक ब्रह्म है
उसको सम्भूति कहते हैं और नश्वर शरीर को विनाश कहा है, जो
योगो इन दोनों को इकट्ठे शरीर में जानता है वह शरीर से मृत्यु
के पार उतरकर आत्मविज्ञान से मोक्ष को प्राप्त होता है ॥ ११ ॥
इस मन्त्र में ही स्पष्ट जब सम्भूति का अर्थ आत्मा किया है और
असम्भूति का अर्थ शरीर किया है तो जो लोग अपने मनमानी
असम्भूति का अर्थ अनादि प्रकृति और सम्भूति अर्थ पत्थर आदिक
करते हैं वह कोई भी विचारशील मनुष्य किसी प्रकार मान नहीं
सकता है। अब यजुर्वेद के चालीसवे अध्याय के नवम मन्त्र का
यथार्थ अर्थ यह है कि जो मनुष्य अपने शरीर की उपासना करते
हैं कि शरीर से भिन्न दूसरी कोई आत्मा नहीं है इससे ऋण भी
लेना पड़े किन्तु शरीर सुख में बाधा न पहुँचे ऐसे ज्ञान का ग्रहण
करता है वह पुरुष नरक को जाता है। और जो मनुष्य हम ही
ब्रह्म हैं ऐसा मानकर कर्मकाण्ड का लोप कर देता है वह मनुष्य
उससे भी अधिक घोर नरक को प्राप्त होता है ॥९॥ बस अब यहां
यह साबित हो गया कि इस मन्त्र के पूर्वार्ध में नास्तिक चार्वाक
मत का खण्डन है और उत्तरार्ध में मायावादी लोग जो कर्म त्याग
करते हैं उस कर्मत्याग का खण्डन है। इस मन्त्र में मूर्तिपूजा का
खण्डन नहीं है। जब "अन्धंतमः" इस मंत्र से मूर्तिपूजा का खण्डन
नहीं होता है तब वे लोग यह कहते हैं कि देखिये लिखा है कि –

http://acharya.org

न तस्य प्रतिमा अस्ति ॥ यजु० अ० ३२ मं० ३ ॥ जो सब संसार में व्यापक है उस निराकार परमात्मा की प्रतिमा परिमाण सादृश्य या मूर्ति नहीं है ॥३॥ इससे मूर्तिपूजा नहीं करनी चाहिए। इस प्रश्न का उत्तर है कि इस मन्त्र में प्रतिमा शब्द का मूर्ति अर्थ नहीं है क्योंकि इस मन्त्र के आगे के सब पद ईश्वर की मूर्ति सिद्ध करते हैं। इस प्रथम समस्त इस मन्त्र को लिखकर इसका अर्थ दिखाते हैं—नतस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नाम महद्यशः। हिरण्यगर्भ इत्येषः मामाहिंसोदित्येषा यस्मान्न जात इत्येषः ॥ यजु० अ० ३२ मं० ३॥ उस परमात्मा की तुल्यता नहीं है जिसका नाम यश महान् है और जो "हिरण्यगर्भः" इस मन्त्र में वर्णित हुआ तथा जिस परमात्मा का वर्णन 'मामाहिंसीत्' यह मन्त्र कर रहा है और जो "यस्मान्न जातः" इस मन्त्र में वर्णन किया गया है ॥ ३ ॥ इस मन्त्र के उत्तरार्ध में तीन मन्त्रों के प्रतीक हैं उन तीनों में ईश्वर कैसा कहा गया है कि—हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्। सदाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥ यजु० अ० १३ मं० ४ ॥ हिरण्यगर्भ प्रजापति सर्व प्राणिजाति की उत्पत्ति से पहले स्वयं ब्रह्माण्ड शरीरी हुआ और उत्पन्न होनेवाले जगत् का स्वामी हुआ। वह प्रजापति अन्तरिक्ष द्यु लोक और भूमि को धारण किए हुए है, उस प्रजापति की हम हविष्य से परिचर्या करते हैं ॥४॥ मामा हिंसज्जनिता य पृथिव्या यो वा दिवं सत्यधर्माव्यानट्। यश्चापश्चन्द्राः प्रथमो जजान कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥ यजु० अ० १२ मं० १०२ ॥ जो० प्रजापति पृथ्वी को

http://acharya.org

उत्पन्न करनेवाला जो सत्य धारण करनेवाला द्युलोक को सृजन कर व्याप्त है और जिसने आदिपुरुष प्रथम शरीर जगत् का तृप्ति-साधक जल है और जिसने आदिपुरुष प्रथम शरीर जगत् का तृप्ति-साधक जल को और आह्लादक चन्द्रमा को उत्पन्न किया वह प्रजापति मुझे मत मारे; उस प्रजापति के लिए हम हविष्य देते हैं ॥१२०॥ यस्मान्न जातः परो अन्यो अस्ति य आविवेश भुवनानि विश्वा। प्रजापतिः प्रजया संरराणस्त्रीणि ज्योतींषि सचते स षोडशी ॥ यजु० अ० ८ मं० ३६ ॥ जिससे दूसरा कोई उत्कृष्ट नहीं उत्पन्न हुआ, जिसने सम्पूर्ण भुवनों में अन्तर्यामीरूप से प्रवेश किया है, वह षोडश कलात्मक प्रजापति प्रजारूप से सम्यक् रमण करता हुआ प्रजापालन के निमित्त अग्नि चन्द्र और सूर्य रूपी तीन ज्योतियों को अपने तेज से उज्जीवित करता है ॥ ३६ ॥ इससे सिद्ध हो गया कि वेदों में मूर्तिपूजा का खण्डन नहीं है। जब वेद के मन्त्रों से मूर्तिपूजा का खण्डन नहीं सिद्ध होता है तब वे लोग यह कहते हैं कि जिस श्रीमद्भागवत महापुराण को आप लोग मानते हैं उसीके दशम स्कंध उत्तरार्ध के चौरासिवें अध्याय के तेरहवें श्लोक में लिखा है कि "भौम इज्यधीः" अर्थात् पत्थर आदिक मूर्ति में जो पूज्य बुद्धि करता है 'स एव गोखरः" वही पशुओं में गदहा है। इस प्रश्न का उत्तर यह है कि पूर्वोक्त कथन करनेवाले इस श्लोक के अर्थ को नहीं समझे हैं इससे मैं सम्पूर्ण श्लोक दिखा कर अर्थ करता हूँ ॥ यस्यात्मबुद्धिः कुणपे त्रिधातुके स्वधीः कलत्रादिषु भौम इज्यधीः। यत्तीर्थबुद्धिः सलिले न कर्हिचिज्जनेष्वभिज्ञेषु स एव गोखरः ॥ श्रीमद्भा० स्कं० १० अ० ८४ श्लो० १३ ॥ जो कफ पित्त वात प्रकृतिवाले शरीर में आत्मबुद्धि करता है और स्त्री

http://acharya.org

आदिकों में ये मेरे हैं—ऐसी बुद्धि करता है और जो भूमि के बिकारों में पूज्य बुद्धि मानता है यथा जल में तीर्थ बुद्धि समझता है और ज्ञानी पुरुषों में आत्मबुद्धि और स्वकीय बुद्धि तथा तीर्थ बुद्धि नहीं मानता है वह अत्यन्त दुष्ट बैल या गदहा है ॥ १३ ॥ यहाँ पर आस्तिक लोग भूमि के विकार की पूजा नहीं करते और भूमि के पदार्थों में उनकी पूज्य बुद्धि नहीं है किन्तु भौम पदार्थों में व्यापक जो श्रीमन्नारायण हैं उन्हों में पूज्य बुद्धि रखकर उन्हीं व्यापक की पूजा करते हैं ऐसे पुरुष निन्दनीय नहीं हो सकते हैं। निन्दनीय वे हो सकते हैं जो व्यापक को छोड़कर केवल भूविकार में पूज्य बुद्धि रखते हैं। इससे साबित हो गया कि श्रीमद्भागवत में मूर्तिपूजा का खण्डन नहीं है। तब वे लोग यह कहते हैं कि वेद में मूर्तिपूजा नहीं लिखी हुई है। इस प्रश्न का उत्तर यह है कि जो लोग वेद नहीं पढ़े हैं वे जो चाहें सो कह दें परन्तु जो लोग वेद पढ़े हैं वे जानते हैं कि मूर्ति का पूजन वेदों में ठसाठस भरा हुआ है; देखिये—लिखा है कि—नमस्ते अस्तु विद्युते नमस्ते स्तन-यित्नवे। नमस्ते अस्त्वश्मने येनादूडासे [अस्यसि ॥ अथर्व कां० १ अ० ३ मं० १ ॥ मैं बिजलीरूप ब्रह्म को प्रमाण करता हूँ, मैं,गर्जना रूप ब्रह्म को प्रणाम करता हूँ, मैं पाषाण रूप ब्रह्म को प्रणाम करता हूँ जिस पाषाण से चोट लगती है ॥ १ ॥ और भी लिखा है कि—स वै भूमेरजायत ॥ अथर्व कां० १३ अ० ४ मं० ३५ ॥ वह अर्चावतार निश्चय करके भूमि से उत्पन्न हुआ ॥ ३५ ॥ और भी लिखा है कि—योऽर्चयेत्प्रतिमां मां च स मे प्रियतरो भुवि ॥ गोपालोत्तर ता० उप० मं० ३ ॥ और जो मनुष्य मेरी मूर्ति पूजा

http://acharya.org

कराता है वह पृथ्वी में मुझको अत्यन्त प्रिय है ॥ ३ ॥ और भी लिखा है—नित्यमभ्यर्चयेद्विष्णुं पुराणं पुरुषोत्तमम् । अप्सु व्योम्नि तथार्चायां वह्नौ हृदि तथा गुरौ ॥ परा० उत्तर खं० अ० ५ श्लो० १ ॥ त्रिकालमर्चयेद्देवं प्रीतिमान्सुविशेषतः ॥ २ ॥ प्रतिमास्वर्चयेद्देवम् ॥ ३ ॥ जल में या आकाश में या मूर्ति में या अग्नि में या हृदय में या गुरु में सर्वदा पुराण पुरुषोत्तम श्रीविष्णु भगवान् की पूजा करे। अत्यन्त प्रेम से सुबह दुपहरिया सांझ इन तीनों कालों में श्रीविष्णु की पूजा करे ॥ २ ॥ मूर्ति में श्रीविष्णु की पूजा करे ॥ ३ ॥ वेदों में मूर्तिपूजा बिधायक हजारों प्रमाण विद्यमान हैं, ग्रन्थ विस्तार के भय से अधिक मैं नहीं लिखता हूँ जिसको विशेष जानने की इच्छा हो वह मेरा बनाया हुआ "वैदिक मूर्तिपूजादर्श" नाम की पुस्तक को देख ले। इस प्रकार श्रुति इतिहास से मूर्तिपूजा जब सिद्ध हो जाती है तो आजकल के दलालबाज लोग यह कहते हैं कि यदि युक्ति से आप हमारी शङ्काओं को दूर कर दीजिए तो हम मूर्तिपूजा को मान लेंगे। पहली शङ्का (१) क्या मूर्ति में ईश्वर घँस बैठा जो मूर्ति में ईश्वर की पूजा करते हो? पहली शंका का यह उत्तर है कि क्या फोटो में फोटोवाले मनुष्य धँस बैठते हैं, क्या नोट में रुपये घँसे हुए हैं? अव्यापक होने पर भी संसार फोटो और नोट प्रतिकृति मानता है तो फिर मूर्ति में ईश्वर के व्यापक होने में क्या सन्देह है। एक मूर्ति ही में नहीं बल्कि समस्त संसार में ब्रह्म ओत-प्रोत है। इस प्रकार पहली शङ्का के समाधान होने पर तो दूसरी शङ्का होती है कि (२) मूर्ति तो मनुष्य की बनाई हुई है।

http://acharya.org

इसका उत्तर यह है कि मनुष्य की बनाई हुई स्याही और मनुष्य का बनाया हुआ कागज, मनुष्य का बनाया हुआ टाइप, मनुष्य का छापा हुआ वेद' 'कुरानशरीफ', 'बाईबल', 'गुरुग्रन्थसाहब', 'जिन्दावस्था' ये धर्मग्रन्थ जिन-जिन लोगों के हैं उन सबकी इनमें पूज्यबुद्धि है तो नहीं मालूम कि मूर्ति में मनुष्य के बनाने से क्यों शङ्का होती है। इस प्रकार दूसरी शङ्का के समाधान होने पर तो तीसरी शङ्का होती है कि (३) मूर्ति की पूजा से ईश्वर की प्रसन्नता कैसे होगी ? उत्तर—जैसे शरीर में चन्दन, तेल और माला लगाया जाता है और प्रसन्न होती है शरीर में रहनेवाली आत्मा, वैसे ही मूर्ति की पूजा करने से मूर्ति में व्यापक परमेश्वर प्रसन्न होते हैं। इस प्रकार तीसरी शङ्का के समाधान होने पर चौथी शङ्का होती है कि (४) निराकार ईश्वर की मूर्ति कैसे बनेगी ? इसका उत्तर यह है कि जैसे गणित करनेवाले लोग जिसका कुछ भी आकार नहीं ऐसा जो अभाव है उसकी शून्यमूर्ति बनाते हैं वैसे ही सर्वस्वरूप ईश्वर की भी मूर्ति बन जाती है। इस प्रकार चौथी शङ्का के समाधान होने पर पाँचवीं शङ्का होती है कि (५) मूर्ति के टूटने से ईश्वर नष्ट हो जायेगा। इसका उत्तर यह है कि जैसे शरीर के नष्ट होने पर भी शरीरव्यापक आत्मा का नाश नहीं होता है वैसे ही मूर्ति के टूटने पर भी मूर्ति में व्यापक परमेश्वर का नाश नहीं होता है। इस प्रकार पाँचवीं शङ्का के समाधान होने पर छठवीं शङ्का होती है कि (६) नकली मूर्ति के पूजन करने से असली ईश्वर का ज्ञान कैसे होगा ? इसका उत्तर यह है कि जैसे नकशो में नकली हिमालय, गंगा, समुद्र आदिक की मूर्तियों से असली हिमालय, असलो गंगा,

http://acharya.org

असली समुद्र आदिक का ज्ञान हो जाता है वैसे ही नकली मूर्तियों से असली ईश्वर का ज्ञान हो जाता है। इस प्रकार छठवीं शङ्का के समाधान होने पर सातवीं शङ्का होती है कि (७) सब संसार का मालिक थोड़े से भोग लगाने से कैसे प्रसन्न हो जायेगा? इसका उत्तर यह है कि जैसे बादशाह के यहाँ बहुत द्रव्य रहने पर भी उसकी प्रसन्नता के लिए रईस लोग कुछ न कुछ भेंट देते हैं और बादशाह प्रसन्न होता है, वैसे ही सबका मालिक ईश्वर है तो भी भक्तों के थोड़े से भोग लगाने से वे प्रसन्न हो जाते हैं। इस प्रकार सातवीं शङ्का के समाधान होने पर तो आठवीं शङ्का होती है कि (८) ईश्वर तो अखण्ड है अखण्ड की मूर्ति कैसे बनेगी? इसका उत्तर यह है कि जैसे अखण्ड मूर्तिरहित काल (समय) के गणितज्ञों ने सत्ययुग, त्रेत, द्वापर, कलियुग ये चार स्थूल खण्ड किये और वर्ष, अयन ऋतु, मास, पक्ष ये माध्यमिक खण्ड किये इसके बाद अखण्ड काल के दिन, रात्रि प्रहर, घटी आदिक खण्ड बनाकर भव्यमूर्ति घडी बनाई वैसे ही अखण्ड ईश्वर की अनन्त मूर्तियाँ बनती हैं और ईश्वर की अखण्डता में कोई विकार नहीं होता। इस प्रकार आठवीं शङ्का के समाधान होने पर नौवीं शङ्का होती है कि (९) मूर्ति में ईश्वर की भावना कैसी? इसका उत्तर यह है कि जैसे शक्कर में मीठे की भावना सच्ची भावना है क्योंकि शक्कर के अणु-अणु में मीठा व्यापक है वैसे ही मूर्ति में ईश्वर की भावना सच्ची भावना है, क्योंकि ईश्वर सर्वव्यापक हैं। इस प्रकार नौवीं शङ्का के समाधान होने पर दशवीं शङ्का होती है कि (१०) जो मूर्तियाँ औरङ्गज़ेब का अनिष्ट नहीं कर

http://acharya.org

यजु० अ० १६ मं० १४ ।। हे भगवन ! आपके आयुध के लिये नमस्कार करता हूँ ।। १४ ।। इस मन्त्र से जब परमात्मा का आयुध साबित होता है तब यह प्रश्न करते हैं कि क्या परमात्मा को स्त्री भी है कि आपलोग मूर्ति के साथ स्त्री की प्रतिमा रखते हैं। इसका उत्तर यह है कि यजुर्वेद परमात्मा की स्त्री का वर्णन करता है कि—श्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यौ ।। यजु० अ० ३१ मं० २२ ।। हे श्रीमन्नारायणदेव ! श्रीदेवी और लक्ष्मीदेवी ये दोनों आपकी पत्नी हैं ।। २२ ।। इस मन्त्र से यह सिद्ध हो गया कि ईश्वर की पत्नी है। बस अब पूर्वोक्त प्रकार से परस्वरूप के जो पर १, व्यूह २, विभव ३, अन्तर्यामी ४ और अर्चावतार ५ ये पाँच प्रकार के भेद हैं इन सबों के लक्षणस्वरूप का निरूपण हो गया ।। १८ ।।

मूल—पुरुषार्थेषु[1] धर्मो[2] नाम[3] प्राणिरक्षणौपयिकतया[4] क्रियमाणा[5] वृत्तिविशेषाः[6] ।। १९ ।।

टीका—(पुरुषार्थेषु१) पुरुषार्थस्वरूप जो धर्म १, अर्थ २, काम ३, आत्मानुभव ४, भगवदनुभव ५ ये पांच प्रकार के कहे हैं इन पुरुषार्थों में (धर्मः२) धर्म (नाम३) किसको कहते हैं कि (प्राणिरक्षणौपयिकतया४) जीवों की रक्षा के निमित्त (क्रियमाणाः५) क्रियमाण जो (वृत्तिविशेषाः) वृत्तिविशेष हैं। अर्थात् जिसके करने से जीव की रक्षा होवे उसको धर्म कहते हैं। इसी से लिखा है कि—धर्मं चर। धर्मान्न प्रमदितव्यम् ।। तैत्तिरो० शिक्षाध्या० १ वल्ली १ अनुवा० ११ मं० १ ।। धर्म को करो। धर्म से प्रमाद

http://acharya.org

असली समुद्र आदिक का ज्ञान हो जाता है वैसे ही नकली मूर्तियों से असली ईश्वर का ज्ञान हो जाता है। इस प्रकार छठवीं शङ्का के समाधान होने पर सातवीं शङ्का होती है कि (७) सब संसार का मालिक थोड़े से भोग लगाने से कैसे प्रसन्न हो जायेगा? इसका उत्तर यह है कि जैसे बादशाह के यहाँ बहुत द्रव्य रहने पर भी उसकी प्रसन्नता के लिए रईस लोग कुछ न कुछ भेंट देते हैं और बादशाह प्रसन्न होता है, वैसे ही सबका मालिक ईश्वर है तो भी भक्तों के थोड़े से भोग लगाने से वे प्रसन्न हो जाते हैं। इस प्रकार सातवीं शङ्का के समाधान होने पर तो आठवीं शङ्का होती है कि (८) ईश्वर तो अखण्ड है अखण्ड की मूर्ति कैसे बनेगी? इसका उत्तर यह है कि जैसे अखण्ड मूर्तिरहित काल (समय) के गणितज्ञों ने सत्ययुग, त्रेत, द्वापर, कलियुग ये चार स्थूल खण्ड किये और वर्ष, अयन ऋतु, मास, पक्ष ये माध्यमिक खण्ड किये इसके बाद अखण्ड काल के दिन, रात्रि प्रंहर, घटी आदिक खण्ड बनाकर भव्यमूर्ति घडी बनाई वैसे ही अखण्ड ईश्वर की अनन्त मूर्तियाँ बनती हैं और ईश्वर की अखण्डता में कोई विकार नहीं होता। इस प्रकार आठवीं शङ्का के समाधान होने पर नौवीं शङ्का होती है कि (९) मूर्ति में ईश्वर की भावना कैसी? इसका उत्तर यह है कि जैसे शक्कर में मीठे की भावना सच्ची भावना है क्योंकि शक्कर के अणु-अणु में मीठा व्यापक है वैसे ही मूर्ति में ईश्वर की भावना सच्ची भावना है, क्योंकि ईश्वर सर्वव्यापक हैं। इस प्रकार नौवीं शङ्का के समाधान होने पर दशवीं शङ्का होती है कि (१०) जो मूर्तियां औरङ्गजेब का अनिष्ट नहीं कर

http://acharya.org

नहीं करना ॥ १ ॥ और नीतिज्ञों ने भी कहा है कि—आहारनिद्राभयमैथुनं च समानमेतत्पशुभिर्नराणाम्। धर्मो हि तेषामधिको विशेषो धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः ॥ खाना, सोना, डरना, स्त्रीप्रसङ्ग करना ये सब पशु और मनुष्य के समान हैं। निश्चय करके मनुष्यों में एक धर्म अधिक विशेष है। धर्म से रहित मनुष्य पशु के तुल्य हैं ॥ और भी लिखा है—अर्थाः पादरजोपमा गिरिनदीवेगोपमं यौवनम् आयुष्यं जललोलबिन्दुचपलं फेनोपमं जीवनम्। धर्मं यो न करोति निन्दितमतिः स्वर्गार्गलोद्धाटनं पश्चात्तापयुतो जरापरिगतः शोकाग्निना दह्यते ॥ धन पैर को धूलि के समान है और यौवन पहाड़ी नदी के वेग के समान है। आयु जल के बुल्ला के समान है और जीवन गाज के समान है। जो निन्दितमति स्वर्ग के अर्गल खोलनेवाले धर्म को नहीं करता है, वह पीछे वृद्धावस्था आने पर ताप से युक्त शोकरूपी अग्नि से जलता है ॥ एक एव सुहृद्धर्मो निधनेऽप्यनुयाति यः ॥ एक सुहृद् धर्म ही है जो मरने पर भी साथ जाता है ॥ और मनुस्मृति में लिखा है कि—श्रुतिस्मृत्युदितं धर्ममनुतिष्ठन्हि मानवः। इह कीर्तिमवाप्नोति प्रेत्य चानुत्तमं सुखम् ॥ मनु० अ० २ श्लो० ९ ॥ जो मनुष्य श्रुति स्मृति में कहे हुए धर्म को करता है वह मनुष्य इस लोक में कीर्ति को पाता है और परलोक में अनुत्तम सुख को पाता है ॥ ९ ॥ इससे अपने-अपने धर्म का अवश्य पालन करना चाहिए ॥ १९ ॥

**मूल—अर्थो**[१] **नाम**[२] **वर्णाश्रमानुरूपं**[३] **धनधान्ये**[४] **संगृह्य**[५]

http://acharya.org

देवताविषयेषु[६] पित्र्येषु[७] च[८] कर्मसु[९] प्राणिविषयेषु[१०] च[११] उत्कृष्टदेश-[१२]
कालपात्राणि ज्ञात्वा[१३] धर्मबुद्ध्या[१४] व्ययकरणम्[१५] ॥ २० ॥

टीका—( अर्थ[१] ) अर्थ (नाम[२]) किसको कहते हैं कि (वर्णाश्रमानुरूपम्[३] ) जो अपने वर्ण और आश्रम के योग्य ( धनधान्ये[४] ) धन और धान आदिक अन्न को ( संगृह्य[५] ) संग्रह करके ( देवताविषयेषु[६] ) देवताओं के कार्य में ( पित्र्येषु[७] ) पितरों के ( च[८] ) और ( कर्मसु[९] ) कार्यों में ( प्राणिविषयेषु[१०] ) जीवों के कार्यों में ( च[११] ) और ( उत्कृष्टदेशकालपात्राणि[१२] ) अच्छे देश काल पात्र को ( ज्ञात्वा[१३] ) जानकर ( धर्मबुद्ध्या[१४] ) धर्म की बुद्धि से ( व्ययकरणम्[१५] ) खर्चा करना । क्योंकि लिखा है कि—उपार्जितानां वित्तानां त्याग हि रक्षणम् । तडागोदरसंस्थानां परिवाह इवाम्भसाम् । उपार्जन किये हुए धन को रक्षा त्याग ही है जैसे तडाग के उदर में स्थित जल के लिये मोरी बनाई जाती है । अर्थात् जिस कूप या तालाब का जल खर्च नहीं होता है उसमें कृमि पड़ जाते हैं और दुर्गन्धि आने लगती है वैसे ही जिस धन में से धर्म के लिए खर्च नहीं होता है वह धन थोड़े दिनों में नष्ट हो जाता है । और भी लिखा है कि-यदधोऽधः क्षितौ वित्तं निचखान मितंपचः । तदधोनिलयं गन्तुं चक्रे पन्थानमग्रतः ॥ कृपण लोग जो धन नीचे पृथ्वी में खनकर गाड़ देते हैं वह धन नीचे पाताल में जाने के लिये पहले से मार्ग कर लेता है ॥ और भी लिखा है कि–धनेन किं यो न ददाति नाश्नुते ॥ धन होने से क्या जो न दान

http://acharya.org

देता है न भोग करता है। इससे सिद्ध हो गया कि जिस अर्थ में से देव, पितर और जीवों के कार्य में धर्म बुद्धि से खर्च होता है वही अर्थ है ॥ २० ॥

मूल—कामो[१] नाम[२] ऐहलौकिकः[३] पारलौकिकश्च[४] [५] द्विविधः[६] ॥ २१ ॥

टीका – ( कामः[१] ) काम ( नाम[२] ) किसको कहते हैं कि जो विषय ( ऐहलौकिकः[३]) इस लोक में भोगा जाता है तथा (पारलौकिकः[४] ) जो विषय परलोक में भोगा जाता है ( च[५] ) और वह काम ऐहलौकिक १, पारलौकिक २ इस भेद से ( द्विविधः[६] ) दो प्रकार का है ॥ २१ ॥

मूल—तत्र[१]ैहलौकिकः[२] पितृमातृरत्नधनधान्यान्नपानीयदारपुत्रमित्रपशुगृहक्षेत्रचन्दनकुसुमताम्बूलवस्त्रादिपदार्थेषु[३] शब्दादिविषयानुभवप्रयुक्तसुखविशेषाः[४] ॥ २२ ॥

टीका—( तत्र[१] ) जो ऐहलौकिक १ और पारलौकिक २ ये दो प्रकार के काम कहे हैं इसमें ( ऐहलौकिकः[२] ) ऐहलौकिक काम उसको कहते हैं कि जो इस लोक में ( पितृमातृरत्नधनधान्यान्नपानीयदारपुत्रमित्र पशुगृहक्षेत्रचन्दनकुसुमताम्बूलवस्त्रादिपदार्थेषु[३]) पिता माता, रत्न, धन, धान्य, अन्न, जल, स्त्री, पुत्र, मित्र, पशु, घर, भूमि, चन्दन, फूल, पान, वस्त्र, भूषण आदिक पदार्थों में

http://acharya.org

( शब्दादिविषयानुभवप्रयुक्तसुखविशेषाः[४] ) शब्द आदिक विषयों के अनुभव करने से उत्पन्न सुख विशेष हैं ॥ २२ ॥

**मूल--पारलौकिको[१] नाम[२] एतद्विलक्षणेषु[३]तेजोरूपेषु[४] स्वर्गादिलोकेषु[५] गत्वा[६] क्षुत्पिपासाशोकमोहजरामरणादिकं[७] विना[८]र्जितपुण्या[९]नुरूपममृतपानं[१०] कृत्वा[११]ऽप्सरोभिः[१२] सह[१३] शब्दादि-[१४]विषयानुभवकरणम् ॥ २३ ॥**

टीका (पारलौकिकः[१]) पारलौकिक काम ( नाम[२] ) किसको कहते हैं कि जो (एतद्विलक्षणेषु[३] ) इस लोक से विलक्षण ( तेजोरूपेषु[४] ) तेजोमय ( स्वर्गादिलोकेषु[५] ) स्वग आदिक लोकों में ( गत्वा[६] ) जा करके ( क्षुत्पिपासाशोकमोहजरामरणादिकम्[७] ) भूख, प्यास, शोक, मोह बुढ़ापन, मरण आदिक से ( विना[८] ) रहित होकर स्वर्ग लाक में भूख प्यास आदिक नहीं लगते हैं। यह कठोपनिषद् में लिखा है कि स्वर्गे लोके न भयं किंचनास्ति न तत्र त्वं न जरया बिभेति। उभे तीर्त्वाशनायापिपासे शोकातिगो मादते स्वर्गलोके ॥ कठोपनिषद् अ० १ वल्ली १ मं १२ ॥ स्वर्गलोक में मरणादिक किसी को भय नहीं और वहाँ पर बुढ़ापा भी नहीं होता और भूख और प्यास इन दोनों को पार करके शोक से रहित पुरुष स्वर्गलोक मे हर्ष को प्राप्त करता है ॥ १२ ॥ ( अर्जितपुण्यानुरुपम्[९] ) पहले के किए हुए पुण्यकर्म के अनुरूप ( अमृतपानं[१०] ) अमृतपान को ( कृत्वा[११] ) करके (अप्सरोभिः[१२])

http://acharya.org

अप्सराओं के ( सह[२३] ) साथ ( शब्दादिविषयानुभवकरणम्[२४] ) शब्द आदिक विषयों का अनुभव करना। इसको पारलौकिक काम कहते हैं। इन दोनों ऐहलौकिक १ और पारलौकिक २ कामों को कठोपनिषद् में लिखा है कि—शतायुषः पुत्रपौत्रान्वृणीष्व बहून्पशून्हस्तिहिरण्यमश्वान्। भूमेर्महदायतनं वृणीष्व स्वयं च जीव शरदो यावदिच्छसि ॥ कठ० अ० १ वल्ली० १ मं० २३ ॥ एतत्तुल्य यदि मन्यसे वरं वृणीष्व वित्तं चिरजीविकां च। महाभूमौ नचिकेतस्त्वमेधि कामानां त्वा कामभाजं करोमि ॥ २४ ॥ ये ये कामा दुर्लभा मर्त्यलोके सर्वान्कामांश्छन्दतः प्रार्थयस्व। इमा रामाः सरथाः सतूर्या न हीदृशा लम्भनीया मनुष्यैः। आभिर्मत्प्रत्ताभिः परिचारयस्व, नचिकेतो मरणं मानुप्राक्षीः ॥ २५ ॥ यमराज नचिकेता से कहता है कि तू सौ वर्ष वाले बेटा और नाती को मुझसे वर माँग लो और बहुत से पशु, हाथी, घोड़ा, सोना पृथ्वी का बड़ा भारी राज्य मुझसे माँग लो और तुमको जितने वर्ष जीने को इच्छा हो उतने वर्ष जीवो ॥२२॥ और हे नचिकेता! यदि तुम धन और चिर जीविका को अपने वर के तुल्य मानते हो तो उसको माँग लो इस महाभूमि में मैं तुमको समस्त कामों का भाजन करता हूं। २४॥ मनुष्य लोक में जो-जो काम दुर्लभ हैं उन सबों को अपनी इच्छा के अनुसार मुझसे माँग लो और इन सुन्दर स्त्रियों को रथ के सहित तथा नृत्यवाद्य के सहित मुझसे माँग लो। ऐसी चीजें मनुष्यों को नहीं मिलती हैं। ऐ नचिकेता! मुझसे दी हुई इन सुन्दर स्त्रियों के साथ तुम आनन्द करो मरण को मत

http://acharya.org

पूछो। इन पूर्वोक्त मन्त्रों से स्पष्ट ऐहलौकिक और पारलौकि दो प्रकार का काम सिद्ध होता है ॥ २३ ॥

मूल—केवलो[1] नाम[2] दुःखनिवृत्तिमात्ररूपं[3] केवलात्मानुभवं[4] च[5] मोक्ष[6] इति[7] वदन्ति[8] ॥ २४ ॥

टीका—(केवलः) पुरुषार्थ स्वरूप में केवल (नाम[2]) किसको कहते हैं कि जिससे (दुःखनिवृत्तिमात्ररूपम्[3]) समस्त दुःखों के केवल निवृत्तिमात्र हो जाय तथा (केवलात्मानुभवम्[4]) केवल अपनी आत्मा का ही अनुभव होवे (च[5]) और इसी केवल को ही आत्मानुभव कहते हैं तथा इसी केवल आत्मा के अनुभव को (मोक्ष[6]) मोक्ष (इति[7]) ऐसा कोई-कोई सांख्य शास्त्रानुयायी लोग (वदन्ति[8]) कहते हैं ॥ २४ ॥

मूल—अथ[1] परमपुरुषार्थलक्षणमोक्षो[2] नाम[3] प्रारब्धकर्म-[4]विशेषाणामवश्यानुभाव्यानां[5] पुण्यपापानां[6] नाशो[7]ऽस्ति[8] जायते[9] परिणमते[10] विवर्द्धते[11]ऽपक्षीयते[12] विनश्यती[13]त्युक्त[14]प्रकारेण[15] षड्भावविकारास्पदं[16] तापत्रयाश्रयं[17] भगवत्स्वरूपं[18] चा[19]वृत्य[20] विपरीतज्ञानोत्पादकं[21] संसारवर्द्धकं[22] स्थूलशरीर[23]मुपेक्षया[24] त्यक्त्वा[25]

http://acharya.org

२६ २७ २८ २९ ३० ३१
सुषुम्ना नाड्या शिरःकपालं भित्त्वा निर्गत्य सूक्ष्मशरीरेणा-
३२ ३३ ३४ ३५ ३६ ३७ ३८
काशं गन्तुं मार्गं प्राप्योष्णकिरणमण्डलान्तगत्वा सूक्ष्मशरीरं
३९ ४० ४१ ४२ ४३
वासनारेणुं च विरजास्नानेन दूरीकृत्य सकलतापनिवर्तका-
४४ ४५ ४६ ४७
मानवकरस्पर्शं च प्राप्य शुद्धसत्त्वात्मकं पञ्चोपनिषन्मयं
४८ ४९ ५० ५१
ज्ञानानन्दजनकं भगवदनुभवैकपरं तेजोमयमप्राकृतविग्रहं
५२ ५३ ५४ ५५ ५६
लब्ध्वा किरीटयुक्तेष्वमरेषु प्रत्युद्गच्छत्सु श्रीमहामणि-
५७ ५८ ५९ ६०
मण्डपं प्राप्य लक्ष्मीसहितं भूमिनीलानायकं देवसमूहेषु
६१ ६२ ६३ ६४
सेवमानेषु ज्योतिः प्रवाहे आविर्भवद्रूपं श्रीवैकुण्ठनाथं
६५ ६६ ६७ ६८
नित्यमनुभूय नित्यकैङ्कर्य्यस्वभावविशिष्टतया स्थितिः ॥२५॥

टीका—(अर्थ[१]) जैसे पाणिनि मुनि अपने बनाये हुए व्याकरण सूत्र में 'आदैच वृद्धिः" ऐसा पाठ न करके "वृद्धिरादैच" ॥ अ० १ पा० १ सू० १ ॥ यहाँ पर वृद्धि शब्द को आदि में मङ्गलार्थ पाठ करके फिर भी—भूवादयो धातवः ॥ अ० १ पा० ३ सू० १ ॥ इस सूत्र में मकार मङ्गलार्थ किये हैं, यह इसी सूत्र के भाष्य में श्रीपतञ्जलि महर्षि ने कहा है । वैसे ही ग्रन्थ के

http://acharya.org

आदि में अथशब्दात्मक मङ्गल करने पर भी श्रीलोकाचार्य स्वामीजी ने फिर से अर्थपञ्चक ग्रन्थ के मध्य में अथशब्दात्मक मङ्गल किया है। इसके बाद (परमपुषार्थ-लक्षणमोक्षः[२]) परम-पुरुषार्थलक्षणमोक्ष (नाम[३]) किसको कहते हैं कि जो (प्रारब्धक-र्मविशेषाणाम्[४]) प्रारब्ध कर्म विशेष के (अवश्यानुभाव्यानाम्[५]) अवश्य पीछे होनेवाले (पुण्यपापानाम्[६]) पुण्य और पाप के (नाशे[७]) नाश होने पर (अस्ति[८]) है (जायते[९]) उत्पन्न होता है (परिणमते[१०]) परिणाम होता है (विवर्द्धते[११]) बढ़ता है (अप-क्षीयते[१२]) क्षीण होता है (विनश्यति[१३]) विनष्ट होता है (इति[१४]) इस (उक्तप्रकारेण[१५]) उक्त प्रकार से (षड्भावविका-रास्पदम्[१६]) छः भावविकार का स्थान यह शरीर, श्रीमद्भागवत दशमस्कन्ध पूर्वार्धं के दूसरे अध्याय के सत्ताईसवें श्लोक में भी यह लिखा है कि – षडात्मा ॥ श्रीमद्भा० स्कं० १० पूर्वा० अ० २ श्लोक २७ ॥ इस शरीर के छः स्वभाव हैं ॥ २७ ॥ और (तापत्रयाश्र-यम्[१७]) आध्यात्मिक १ आधिभौतिक २ आधिदैविक ३ इन तीन प्रकार के दुःख का आश्रय यह शरीर है। यह लिखा है कि— तापत्रयमहाज्वालावह्निभिः परिवेष्टितम् ॥ परा० उत्तर खं० अ० ६ श्लो० ५ ॥ तीन तापरूप अग्नि की ज्वाला से यह शरीर परिवेष्टित है ॥ ५ ॥ और (भगवत्स्वरूपम्[१८]) भगवान् के स्वरूप को (च[१९]) भी (आवृत्य[२०]) आवरण करके (विपरीतज्ञा-नोत्पादकम्[२१]) विपरीत ज्ञान को उत्पन्न करनेवाल और (संसार-वर्द्धकम्[२२]) जन्ममरणरूप संसार को बढ़ानेवाला (स्थूल शरीरम्[२३]) यह स्थूल शरीर है, इस देह को जीव (उपेक्षया[२४])

http://acharya.org

उपेक्षा करके (त्यक्त्वा[२५]) छोड़कर (सुषुम्ना[२६]) सुषुम्ना (नाड्या[२७]) नाडी के द्वारा, सुषुम्ना नाडी के विषय में लिखा है कि—मूलाधारत्रिकोणस्था सुषुम्ना द्वादशांगुला। मूलार्धच्छिन्नवंशाभा ब्रह्मनाडीति सा स्मृता ॥ योगशि० अ ५ मं० १७ ॥ मूलाधार चक्र जो गुदा मार्ग में रहता है वहाँ त्रिकोण में स्थित बारह अंगुली की आधी, मूलच्छिन्न बाँस की आभा के समान सुषुम्ना है उसीको ब्रह्मनाडी कहते हैं ॥ १७ ॥ योगाभ्यास से जिस सुषुम्ना नाडी करके (शिरःकपालम्[२८]) शिर के कपाल ब्रह्मरन्ध्र को, जिसका वर्णन है कि—सहस्रदलसंख्यातं ब्रह्मरन्ध्रे महापथि ॥ योगचू० मं० ६ ॥ दोनों भौंहों के ऊपर मस्तक में दशवाँ द्वार जो ब्रह्मरन्ध्र महामार्ग है वहाँ पर हजार दलवाला कमल है ॥ ६ ॥ उस ब्रह्मरन्ध्र को (भित्त्वा[२९]) सद्गुरु के उपदेश से भेद करके (निर्गत्य[३०]) उसी छेद से निकलकर (सूक्ष्मशरीरेण[३१]) सूक्ष्म शरीर से (आकाशम्[३२]) आकाश में (गन्तुम्[३३]) जाने के लिए (मार्गम्[३४]) मार्ग को (प्राप्य[३५]) पा करके (उष्णकिरणमण्डलान्तः[३६]) सूर्य के मण्डल के भीतर (गत्वा[३७]) जाकर (सूक्ष्मशरीरम्[३८]) सूक्ष्म शरीर को (वासनारेणुम्[३९]) और अनादिकाल के संसार की वासनारूप रेणु को (च[४०]) भी (विरजास्नानेन[४१]) श्रीविरजा नदी के स्नान से (दूरीकृत्य[४२]) दूर करके (सकलतापनिवर्त्तकामानवकरस्पर्शम्[४३]) समस्त दैहिक दैविक भौतिक तापों के दूर करनेवाले अमानव पुरुष के हाथ के स्पर्श को (च[४४]) और (प्राप्य[४५]) पा करके (शुद्धसत्त्वात्मकम्[४६]) निर्मल सत्वगुणात्मक (पञ्चोपनिषन्मयम्[४७]) पञ्चोपनिषन्मय (ज्ञानानन्दज-

नकम् ४८) ज्ञान और आनन्द को उत्पन्न करने वाला ( भगवदनुभवैकपरम् ४९ ) केवल एक भगवान केअनुभव में तत्पर ( तेजोमयम् ५० ) तेजोमय ( अप्राकृतविग्रहम् ५१ ) अप्राकृत दिव्य शरीर को (लब्ध्वा ५२) पाकर (किरीटयुक्तेषु ५३) किरीट कुण्डल आदिक भूषणों को धारण किये हुए (अमरेषु ५४) श्रीवैकुण्ठनिवासी देवों के (प्रत्युद्गच्छत्सु ५५) आगे आकर मिलने पर वह जीव (श्रीमहामणिमण्डपम् ५६) श्रीमहामणिवाले मण्डप को (प्राप्य ५७) पा करके (लक्ष्मीसहितम् ५८) देवी लक्ष्मीजी सहित (भूमिनीलानायकम् ५९) भूदेवी और नीलादेवी के नायक को (देवसमूहेषु ६०) समस्त देवगण (सेवमानेषु ६१) जिनकी सेवा कर रहे हैं और (ज्योतिःप्रवाहे ६२) तेज के प्रवाह में (आविर्भवद्रूपम् ६३) प्रकट होरहा है रूप जिनका ऐसे (श्रीवैकुण्ठनाथम् ६४) श्रीवैकुण्ठनाथ भगवान् को (नित्यम् ६५) सर्वदा (अनुभूय ६६) अनुभव करके (नित्यकैङ्कर्यस्वभावविशिष्टतया ६७) नित्यकैङ्कर्यभगवान् के करने को स्वभाव विशेष से (स्थितिः ६८) स्थिति करना— इसी को मोक्ष और भगवदनुभव कहते हैं यही परम पुरुषार्थ है। इसी को यामुनाचार्य स्वामीजी ने आलवन्दारस्तोत्र में वर्णन किया है कि—

कदाहमैकान्तिकनित्यकिङ्करः प्रहर्षयिष्यामि सनाथजीवितम्॥

आलव० श्लो० ४६॥ इस श्लोक का भाव जिसको जानना हो वह मेरी बनाई हुई स्तोत्र रत्न की "भावप्रकाशिका" नाम की टीका को देख ले। यहाँ पर बहुत से लोग यह कहते हैं; इसमें कोई प्रमाण नहीं है कि यहाँ पर मोक्षस्थान न्यारा है और मार्ग में विरजा नदी है तथा किरण के द्वारा जीव जाता है और मोक्ष को पाकर फिर जन्म-मरण में नहीं पड़ता है। इस विषय में बहुत से

http://acharya.org

प्रमाण हैं परन्तु ग्रन्थ के विस्तार के भय से अधिक न लिखकर एक-दो प्रमाण मैं देता हूँ। देखिये—लिखा है कि- त्रिपादस्यामृतं दिवि ॥ यजु० अ० ३१ मं० ३ ॥ दिवलोक में श्रीमन्नारायणदेव के त्रिपाद्विभूति नाम का मोक्षस्थान है ॥ ३ ॥ और भी लिखा है कि—तत्र संवाहिनीं दिव्यां विरजां वेदसम्भवाम् ॥ पराश० उत्तर खं० अ० ६ श्लो० १६ ॥ वहाँ पर वेद से उत्पन्न होनेवाली दिव्य विरजा नाम की नदी है ॥ १६ ॥ और भी लिखा है कि—उपर्युपरि गत्वा विरजां नदीं प्राप्य तत्रस्नात्वा भगवद्ध्यानपूर्वकं पुनर्निमज्ज्य तत्रापञ्चीकृतभूतोत्थं सूक्ष्माङ्गभोगसाधनं सूक्ष्मशरीरमुत्सृज्य ॥ त्रिपाद्विभूति महाना० अ० ५ ॥ ब्रह्मादिक लोकों से ऊपर-ऊपर जाकर विरजा नदी को प्राप्त करके, उस नदी में स्नान करके, भगवान् के ध्यानपूर्वक फिर से स्नान करके वहाँ पर अपञ्चीकृत भूत से उत्पन्न सूक्ष्माङ्ग के भोग का साधन सूक्ष्य शरीर को छोड़कर यह जीव जाता है ॥ ५ ॥ और भी लिखा है कि—ते य एवमेतद्विदुर्ये चामी अरण्ये श्रद्धां सत्यमुपासते तेऽर्चिरभिसम्भवन्त्यर्चिषोऽहरह्न आपूर्यमाणपक्षमापूर्यमाणपक्षाद्यान्षण्मासानुदङ्ङादित्य एति मासेभ्यो देवलोकादादित्यमादित्याद्वैद्युतं तान्वैद्युतान्पुरुषोऽमानुष एत्य ब्रह्मलोकान् गमयति तेषु ब्रह्मलोकेषु परा परावतो वसन्ति तेषां न पुनरावृतिः ॥ बृहदार० अ० ६ ब्रा० २ मं० १५ ॥ वे जो लोग इसको जानते हैं और जो ये लोग वन में श्रद्धा और सत्य की उपासना करते हैं वे लोग शरीर छूटने पर सूर्य की किरण को प्राप्त करते हैं और सूर्य की किरण से दिन को और दिन से आपूर्यमाण पक्ष को तथा आपूर्यमाण पक्ष

http://acharya.org

से जो कि मकर की संक्रान्ति से छः मास उत्तरायण सूर्य रहते हैं उन माघ, फाल्गुन चैत, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ इन महीनों को और इन महीनों से देवलोक को तथा देवलोक से आदित्य को और आदित्य से वैद्युत को और वैद्युत से अमानव पुरुष पाते हैं और अमानव पुरुष मिल करके उन जीवों को ब्रह्मलोक में प्राप्त कराता है जिस ब्रह्मलोक में नित्य और मुक्त जीव बसते हैं। इन सब जीवों की पुनरावृत्ति नहीं होती है ॥ १५ ॥ वेदान्तसूत्र में भी लिखा है कि—अर्चिरादिना तत्प्रथितेः ॥ वेदा० अ० ४ पा० ३ सू० १ ॥ तडितोऽधिवरुणसम्बन्धात् ॥ वेदा० अ० ४ पा० ३ सू० ३ ॥ आतिवाहिकस्तल्लिङ्गात् ॥ वेदा० अ० ४ पा० ३ सू० ४ ॥ वैद्युतेनैव ततस्तच्छ्रुतेः ॥ वेदान्त अ० ४ पा० ३ सू० ६ ॥ अनावृत्तिश्शब्दादनावृत्तिश्शब्दात् ॥ वेदा० अ० ४ पा० ४ सू० २२ ॥ अर्चिरादिमार्ग से जाना जीव का उपनिषदों में प्रसिद्ध होने से ॥ १ ॥ और तडित् का अधिवरुण से सम्बन्ध होने से ॥ ३ ॥ वहाँ अतिवाहकों के चिह्न होने से ॥ ४ ॥ वैद्युत करके अमानव पुरुष का संयोग होता है क्योंकि ऐसी ही श्रुति कहती है ॥ ६ ॥ मुक्त जीव का फिर से जन्म-मरण नहीं होता है, शब्द प्रमाण होने से ॥ २२ ॥ इन प्रमाणों से स्पष्ट सिद्ध होता है कि मृत्यु लोक से अलग मोक्षस्थान है और अर्चिरादि मार्ग से जीव जाता है तथा बीच में विरजा नाम की नदी मिलती है और मुक्तजीव का फिर से जन्म-मरण नहीं होता है। इस प्रकार के पूर्वोक्त प्रमाणों से पुरुषार्थ स्वरूप के जो धर्म १ अर्थ २ काम ३ आत्मानुभव ४ भगवदनुभव ५ ये पाँच प्रकार के भेद हैं इन सबों के लक्षण स्वरूप

http://acharya.org

संक्षेप से निरूपण हो गया ॥ २५ ॥

मूल—उपायेषु[1] कर्मयोगो[2] नाम[3] यज्ञदानतपोध्यान[4]-सन्ध्यावन्दन - पञ्चमहायज्ञाद्यग्निहोत्र-तीर्थयात्रा - पुण्य-क्षेत्रवास - कृच्छ्रचान्द्रायण-पुण्यनदीस्नानव्रत-चातुर्मास्य-फलमूलाशन-शास्त्राभ्यास-भगवत्समाराधन-तपतर्पणादिकर्मा-नुष्ठानप्रयुक्तकायशोषणेन पापनाशोत्पत्तौ[5] तत्त[6]दि[7]न्द्रिय[8]-द्वारा प्रसरतो धर्मभूतज्ञानस्य[9] शब्दादीनाम[10]विषयत्वेन[11] विषया[12]-पेक्षायां यमनियमासनप्राणायामप्रत्याहारधारणाध्यानसमा[13]-धिरूपाष्टाङ्गयोगक्रमेण योगाभ्यासकालपर्यन्तं[14] ज्ञानस्या[15]-त्मनो[16] विषयताकरणम्[17] ॥ २६ ॥

टीका—(उपायेषु[1]) उपायस्वरूप जो कर्म १, ज्ञान२, भक्ति ३, प्रपत्ति ४, आचार्याभिमान ५ ये पाँच प्रकार के कहे हैं, उन उपायों में (कर्मयोगः[2]) कर्मयोग (नाम[3]) किसको कहते हैं कि (यज्ञदानतपो ध्यानसन्ध्याबन्दनपञ्चमहायज्ञाद्यग्निहोत्रतीर्थयात्रा - पुण्यक्षेत्रवास कृच्छ्रचान्द्रायण-पुण्यनदीस्नानव्रतचातुर्मास्य फल-मूलाशन-शास्त्रा-भ्यासभगवत्समाराधनजपतर्पणादिकर्मानुष्ठानप्रयुक्तकायशोषणेन[4]) पहला कर्म यज्ञ है जिसको कि यजुर्वेद में लिखा है कि—यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् ॥ यजु० अ० ३१

मं० १६ ॥ देवता सब यज्ञ से श्रीविष्णु भगवान् की पूजा किये यही प्राचीन धर्म था ॥ १६ ॥ और भी लिखा है— दर्शपूर्णमासाभ्यां यजेत् ॥ अर्थात् दर्श और पूर्णमास से यजन करे। और भी लिखा है कि स्वराज्यकामो राजसूयेन यजेत् ॥ स्वराज्य की कामना वाला राजसूय यज्ञ करे। और भगवद्गीता में तीन प्रकार के यज्ञ लिखे हैं कि—अफलाकाङ्क्षिभिर्यज्ञो विधिदृष्टो य इज्यते ॥ यष्टव्यमेवेति मनः समाधाय स सात्त्विकः ॥ गी० अ० १७ श्लो० ११ ॥ यज्ञ करना ही योग्य है—ऐसे मन को समाधान करके फल की इच्छा स रहित जो विधिपूर्वक यज्ञ किया जाता है वह सात्त्विक यज्ञ है ॥ ११ ॥ और— अभिसन्धाय तु फलं दम्भार्थमपि चैव यत्। इज्यते भारतश्रेष्ठ तं यज्ञं विद्धि राजसम् ॥ गी० अ० १७ श्लो० १२ ॥ हे भारतश्रेष्ठ ! जो फल की इच्छा करके और दम्भ के वास्ते भी यज्ञ करे उस यज्ञ को राजस जानो ॥ १२ ॥ और—विधिहीनमसृष्टान्नं मंत्रहीनमदक्षिणम् ॥ श्रद्धाविरहितं यज्ञं तामसं परिचक्षते ॥ १३ ॥ वेद की विधि से हीन और उचित अन्न के त्यागरहित तथा मन्त्रहीन बिना दक्षिणा के और श्रद्धा से रहित यज्ञ तामस कहा है ॥ १३ ॥ यहाँ पर बहुत से लोग यह कहते हैं कि ज्ञानियों को यज्ञ नहीं करना चाहिए। लेकिन उनलोगों का कथन ठीक नहीं है क्योंकि लिखा है कि— यज्ञदानतपःकर्म न त्याज्यं कार्यमेव तत्। यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम् ॥ गी० अ० १८ श्लो० ५ ॥ एतान्यपि तु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा फलानि च। कर्तव्यानीति मे पार्थ निश्चितं मतमुत्तमम् ॥ गी० अ० १८ श्लो० ६ ॥ यज्ञदानतपरूपकर्म का

http://acharya.org

त्याग नहीं करना ही योग्य है, क्योंकि यज्ञ दान और तप ये कर्म ज्ञानियों को भी पवित्र करनेवाले हैं ॥ ५ ॥ हे पार्थ ! संग और फलों को छोड़ करके ये यज्ञादिक भी कर्म करने योग्य हैं ऐसा निश्चित मेरा उत्तम मत है ॥ ६ ॥ इससे सिद्ध हो गया कि ज्ञानियों को भी यज्ञ करना चाहिए। और भी लिखा है कि—अग्नौ प्रास्ताहुतिः सम्यगादित्यमुपतिष्ठते। आदित्याज्जायते वृष्टिर्वृष्टेरन्नं ततः प्रजाः ॥ मनु० अ० ३ श्लो० ७६ ॥ यजमान से अग्नि में सम्यक् प्रकार से दी हुई आहुति सूर्य को प्राप्त करती है तथा सूर्य से वर्षा होती है और वर्षा से अन्न होता है तथा अन्न के उपभोग से लड़का-लड़की उत्पन्न होते हैं ॥ ७६ ॥ इससे यह सिद्ध होता है कि बिना यज्ञ के सृष्टि नहीं हो सकती है, इससे यज्ञ अवश्य करना चाहिए। दूसरा कर्म दान है। दान किसको कहते हैं यह लिखा है कि न्यायार्जितं धनं श्रान्ते श्रद्धया वैदिके जने। अन्यद्वा यत्प्रदीयेत तद्दानं प्रोच्यते मया ॥ ॥ जाबालदर्शनोपनिषद् खं० २ मं० ७ ॥ श्रान्त वैदिक जन के लिए न्याय से अर्जित धन या अन्य जो कुछ श्रद्धा से दिया जाता है उसको दान मैं कहता हूँ ॥ ७ ॥ वह दान तीन प्रकार का भगवद्गीता में लिखा है कि—दातव्यमिति यद्दानं दीयतेऽनुपकारिणे। देशे काले च पात्रे च तद्दानं सात्त्विकं स्मृतम् ॥ गी० अ० १७ श्लो० २० ॥ जो दान देना ही चाहिए ऐसी बुद्धि करके अच्छे देश में और अच्छे समय में तथा जिससे अपना कुछ उपकार न हो और सुपात्र हो ऐसे को दिया जाता है वह दान सात्त्विक कहा गया है ॥ २० ॥ यत्तु प्रत्युपकारार्थं फलमुद्दिश्य वा पुनः। दीयते च परिक्लिष्टं

http://acharya.org

तद्राजसमुदाहृतम् ॥ । गी० अ० १७ श्लो० २१ ॥ जो प्रत्युपकार के लिए अथवा फल के निमित करके या किसी प्रकार के क्लेश से दान दिया जाय वह राजस कहा है ॥ १२ ॥ और—अदेशकाले यद्दानमपात्रभ्यश्च दीयते । असत्कृतमवज्ञातं तत्तामसामुदाहृतम ॥ गी० अ० १७ श्लो० २२ ॥ जो दान तिरस्कार और अवज्ञापूर्वक बिना देश में तथा बिना समय में और कुपात्रों के लिए दिया जाता है वह दान तामस कहा है ॥ १२ ॥ और दान के विषय में तैत्तिरीयोपनिषद् में भी लिखा है कि - श्रद्धया देयम् । श्रिया देयम् । ह्रिया देयम् । भिया देयम् । संविदा देयम् ॥ तैत्ति० शिक्षाध्या० व० १ अनु० ११ मं० ३ ॥ श्रद्धा से दान देने योग्य है । बिना श्रद्धा से भी दने योग्य है । श्री से दने योग्य है । लज्जा से देने योग्य है । भय से देने योग्य है और संविद् से देने योग्य है ॥ ३ ॥ इससे यह साबित हो गया कि किसी प्रकार से दान अवश्य देना चाहिए । तीसरा कर्म तप है । तप किसको कहते हैं यह लिखा है कि - वेदोक्तेन प्रकारेण कृच्छ्रचान्द्रायणादिभिः । शरीरशोषणं यत्तत्तप इत्युच्यते ॥ जाबाल० खं० मं० ३ ॥ वेदोक्त प्रकार के द्वारा कृच्छ्र चन्द्रायणादिकों करके शरीर को जो सुखा दिया जाता है उसको तप कहते हैं ॥ ३ ॥ वह तप भगवद्गीता में तीन प्रकार का लिखा है कि देवद्विजगुरुप्राज्ञपूजनं शौचमार्जवम् । ब्रह्मचर्यमहिंसा च शारीरं तप उच्यते ॥ गी० अ० १७ श्लो० १४ ॥ देव, ब्राह्मण, गुरु और विद्वानों का पूजन पवित्रता सरलता ब्रह्मचर्य और अहिंसा यह शरीर सम्बन्धी तप कहा है ॥ १४ ॥ अनुद्वेगकरं वाक्यं सत्यं प्रियहितं च यत् । स्वाध्यायाभ्यसनं चैव

http://acharya.org

वाङ्मयं तप उच्यते ॥ गी० अ० १७ श्लो० १५ ॥ जो वचन उद्वेगकारक न होने और सत्य तथा प्रिय और हित हो तथा वेद का अभ्यास करना यह वाणीमय तप कहा है ॥ १५ ॥ और मनःप्रसादः सौम्यत्वं मौनमात्मविनिग्रहः । भावसंशुद्धिरित्येतत्तपो मानसमुच्यते ॥ गी० अ० १७ श्लो० १६ ॥ मन की प्रसन्नता कोमलता मौन तथा मन को वश करना और अन्तःकरण की शुद्धता यह तप मानस कहलाता है ॥ १६ ॥ और लिखा है कि— श्रद्धया परया तप्तं तपस्तत्त्रिविधं नरैः । अफलाकांक्षिभिर्युक्तैः सात्त्विकं परिचक्षते ॥ गी० अ० १७ श्लो० १७ ॥ फल की इच्छा न करनेवाले योग्य पुरुष करके परम श्रद्धा से जो कायिक वाचिक और मानसिक ये तीन प्रकार के तप किये जाते हैं वे तप सात्त्विक कहे जाते हैं ॥ १७ ॥ और सत्कारमानपूजार्थं तपो दम्भेन चैव यत् । क्रियते तदिह प्रोक्तं राजसं चलमध्रुवम् ॥ गी० अ० १७ श्लो० १८ ॥ जो तप सत्कार मान और पूजा के लिये दम्भ करके किया जाता है, वह यहाँ शास्त्र में राजस चल और नाशवान् कहा है ॥ १८ ॥ और मूढग्राहेणात्मनो यत्पीडया क्रियते तपः । परस्योत्सादनार्थं वा तत्तामसमुदाहृतम् ॥ गी० अ० १७ श्लो० १९ ॥ जो तप दुराग्रह करके अपनी आत्मा को पीड़ा दे, दूसरे के बिगाड़ने के लिये किया जाय वह तामस कहा है ॥ १९ ॥ और चौथा कर्म ध्यान है ध्यान कैसे स्वरूप का करना चाहिये यह लिखा है कि—श्रीवत्सकौस्तुभोरस्कं मुक्तामणिविभूषितम् । शुद्धस्फटिकसंकाशं चन्द्रकोटिसमप्रभम् । एवं ध्यायेन्महाविष्णुं सर्वदा विनयान्वितः ॥ ध्यानबिन्दू० मं० २९ ॥ श्रीवत्स तथा कौस्तुभ और

http://acharya.org

मुक्तामणि से जिनका वक्षस्थल सुशोभित है तथा शुद्धस्फटिक के समान और करोड़ों चन्द्रमा की प्रभा के तुल्य प्रभावाले श्रीविष्णु भगवान् हैं उनका विनययुक्त सर्वदा ध्यान करे। ध्यान चिन्ता का अपरपर्यायवाचक है। पाचवाँ सन्ध्यावन्दन कर्म है। जिसके विषय में लिखा है कि—अहरहः सन्ध्यामुपासीत् ॥ रोज-रोज सन्ध्यावन्दन कर्म करना चाहिए। सन्ध्यावन्दन का काल लिखा है—पूर्वां सन्ध्यां जपंस्तिष्ठेत्सावित्रीमर्कदर्शनात्। पश्चिमां तु समासीनः सम्यगृक्षविभावनात् ॥ मनु० अ० २ श्लो० १०१ ॥ प्रातःकाल ब्राह्म मुहुर्त से प्रारम्भ करके सूर्यदर्शन पर्यन्त साबित्री को जपे और सायंकाल सूर्यास्त से पहले ही प्रारम्भ करके अच्छे प्रकार से जब तारे दिखाई देने लगें तब तक सावित्री को जपे ॥ १०१ ॥ सन्ध्यावन्दन विधि जिसको जानना हो वह मेरा बनाया हुआ "यतीन्द्रधर्ममार्तण्ड" नाम के ग्रन्थ को देख ले। छठवाँ पञ्च महायज्ञादिक कर्म है। क्योंकि मनुस्मृति में लिखा है कि – पञ्च-सूनागृहस्थस्य चुल्लीपेषण्युपस्करः। कण्डनी चोदकुम्भश्च बध्यते यास्तु वाहयन्। मनु० अ० ३ श्लो० ६८ ॥ गृहस्थों के पाँच हिंसा के स्थान हैं चूल्हा १, चक्की २, झाड़ू ३, ओखर मूसल ४ और जल के कलश ५ क्योंकि इन सबको अपने कार्य में लाते हैं। इससे पाप से सम्बन्ध होता है ॥६८॥ तासां क्रमेण सर्वासां निष्कृत्यर्थं महर्षिभिः। पञ्च कॢप्ता महायज्ञाः प्रत्यहं गृहमेधिनाम् ॥ मनु० अ० ३ श्लो० ६९ ॥ उन चुल्ही आदिक पाँच से उत्पन्न हत्याओं को दूर करने के लिए क्रम से महर्षियों ने पञ्चमहायज्ञ गृहस्थों के लिए कहा है ॥ ६९ ॥ वे महायज्ञ कौन हैं यह लिखा है कि—

http://acharya.org

अध्यापनं ब्रह्मयज्ञः पितृयज्ञस्तु तर्पणम्। होमो दैवो बलिर्भौतो नृयज्ञोऽतिथिपूजनम् ।। मनु अ० ३ श्लो ७४ ।। पढ़ना-पढ़ाना इसको ब्रह्मयज्ञ कहते हैं और तर्पण को पितृयज्ञ कहते हैं अग्नि में जो हवन होता है उसको देवयज्ञ कहते हैं तथा भूतबलि को भूत यज्ञ कहते हैं और अतिथि की पूजा को नृयज्ञ कहते हैं ।। ७० ।। इन पूर्वोक्त पञ्चमहायज्ञों को नित्य प्रति गृहस्थ को करना चाहिये। ग्रन्थ विस्तार के भय से पञ्चमहायज्ञ करने की विधि मैं नहीं लिखता हूँ। यहाँ पर पञ्चमहायज्ञ में जो पितृयज्ञ है उसके विषय में बहुत से लोग यह कहते हैं कि मरे हुए का पितर नाम नहीं है क्योंकि वेद में मरे पितरों का श्राद्ध तर्पण नहीं लिखा है। इसका उत्तर यह है कि जिन लोगों ने वेदाध्ययन नहीं किया है वे जो चाहें सो कहें, परन्तु जिन्होंने वेद पढ़ा है वे जानते हैं कि मरे पितरों का श्राद्ध वेदविहित है। देखिये लिखा है कि-यो ममार प्रथमो मर्त्यानां यः प्रयाय प्रथमो लोकमेतम्। वैवस्वतं संगमनं जनानां यमं राजानं हविषा सपर्यत्।। अथर्व० कां० १८ अ० ३ मं० १३ ।। अथर्ववेद में लिखा है कि मनुष्यों में सबसे पहले जो जन्म लेकर मरा तथा यमलोक में सबसे पहले मरकर आया उस विवस्वान् के वंश में प्रथम उत्पन्न हुए मनुष्यों को इस लोक से लोकान्तर में मिलने वाले यमराज का हविष्य से सत्कार करो ।। १३ ।। और भी लिखा है कि यद्वो अग्निरदहादेकमंगं पितृलोकं रायंयज्जातवेदः। तद्व एतत्पुनरा प्याययामि सांगाः सर्वे पितरो मादयध्वम्।। अथर्व० कां० १८ अ० ४ मं० ६४ ।। हे पितरों! जातवेद नामक अग्नि ने आपके पितृलोक ले जाने के समय आपका जो

http://acharya.org

एक पाँचभौतिक शरीर जलाकर भष्म कर दिया है उस शरीर को मैं फिर आप्यायित करता हूँ। आप इस दूसरे शरीर से स-शरीर होकर स्वर्ग में आनन्द करें।' ६४॥ उदन्वती द्यौरवमा पीलुमतीति मध्यमा तृतीयाह प्रद्यौरिति यस्यां पितर आसते॥ अथर्व० कां० १ अ० २ मं० ४८॥ उदन्वती नामक आकाश की प्रथम कक्षा है जहां तक जल की गति है, पीलुमति आकाश की दूसरी मध्यम कक्षा है और तीसरी उत्तम कक्षा का नाम प्रद्यौ है जिसमें पितर रहते हैं॥४८॥ और भी लिखा है कि ये च जीवा ये च मृता ये जाता ये च यज्ञियाः। तेभ्यो घृतस्य कुल्यैषा मधुधारा व्युन्दती॥ अथर्व० कां० १८ अ० ४ मं० ५७॥ जो हमारे पितर जीवस्वरूप हैं तथा जो जन्म लेकर मर चुके हैं और मरने के बाद जो अन्यत्र जन्म ले चुके हैं तथा जो यज्ञ भगवान के गर्भ में हैं, उन सबको हमारी दी हुई टपकती मधुधारां घृत की कुल्या प्राप्त हो॥५७॥ और भी लिखा है कि-ये अग्निदग्धा ये अनग्निदग्धा मध्ये दिवः स्वधया मादयन्ते॥ अथर्व कां०१८व०१मं०३५॥ जो पितर अग्नि में दग्ध हुए हैं या जो नहीं दग्ध हुए हैं। द्युलोक के मध्य भाग में स्वधा से जो तृप्त होते हैं॥ ३५॥ और भी लिखा है कि—ये निखाता ये परोप्ता ये दग्धा ये चोद्धिताः। सर्वांस्तानग्न आवह पितॄन्हविषे अत्तवे॥ अथर्व कां १७ अ० १ मं० ३४॥ हे अग्ने! जो पितर जमीन में गाड़ गए हैं तथा जो जल में बहाये गए हैं और जो अग्नि में जलाये गए तथा जो स्वर्ग में चले गए हैं उन सब पितरों को आप हविष्य खाने के लिए लिवा आइए॥३४॥ और भी लिखा है कि—आयन्तु नः पितरः सोम्यासो अग्निष्वात्ताः पथिभिर्देवयानैः॥

http://acharya.org

यजु० अ० १९ मं० ५८ ।। देवयान मार्ग से गए हुए अग्नि के द्वारा जलाये हुए सोम के ऊपर रहनेवाले हे पितृगण ! हमारे इस पितृ-यज्ञ में आवें ।। ५८ ।। और मासिक श्राद्ध का भी वर्णन है कि—सोदक्रामत् सा पितृनागच्छत् तां पितरोऽघ्नत सामासिसमभवत् तस्मात्पितृभ्यो मास्युपगास्यं ददति प्रपितृयाणं पन्थां जानाति य एवं वेद ।। अथर्व० कां० ८ अ० १० मं० ३ ।। विराट्रूप ब्रह्म की एक शक्ति पितरों में पहुँची पितरों में उसका प्रवेश हुआ पितरों से वह चन्द्रमास में पहुँची इस कारण पितरों का मास-मास में श्राद्ध किया जाता है, जो इस बात को समझता है वही पितृयान मार्ग से पितृलोक में जाता है ।।३।। इन पूर्वोक्त वेद प्रमाणों से जब मृतक पितरों का श्राद्ध साबित हो जाता है तब वे लोग यह कहते हैं कि तीन पितामह प्रपितामह जो मरे हैं उन्हीं के लिए पिण्ड तीन हो आपलोग देते हैं और जो आपलोगों के मरे पितर हैं उनके लिए क्यों पिण्डदान नहीं देते हैं ? इसका उत्तर यह है कि यजुर्वेद में तीन ही का नाम लिखा है इससे हमलोग तीन ही पिण्डदान देते हैं, यह लिखा है कि-पितृभ्यः स्वधा नमः पितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधानमः प्रपितामहेभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधानमः ।। यजु० अ० १९ मं० ३६।। स्वधा के अन्न से तृप्त होनेवाले पिता पितामह प्रपितामह के लिए स्वधायुक्त अन्न और नमस्कार प्राप्त हो ।। ३६ । इस प्रकार से जब पिता पितामह प्रपितामह के लिए पिण्डदान साबित हो जाता है तब वे लोग यह कहते हैं कि ब्राह्मण खिलाने को वेद में नहीं लिखा हुआ है । इसका उत्तर यह है कि स्पष्ट अथर्वबेद ने ब्राह्मण भोजन के बिषय में कहा है कि-इदमोदनं निदधे ब्राह्मणेषु विष्टारिणं

http://acharya.org

लोकजितं स्वर्गम् ॥ अथर्व० कां० ४ अ० ३४ मं० ८ ॥ पुत्र कहता है कि मैं अपने पिता के निमित्त ब्राह्मणों में इस पक्वान ओदन को रखता हूँ। वह ओदन विस्तृत है मध्य में आये हुए लोगों को जीतनेवाला है और स्वर्ग में जानेवाला है ॥८। और मनुस्मृति में लिखा है कि—निमन्त्रितान्हि पितर उपतिष्ठन्ति तान्द्विजान्। वायुवच्चानुगच्छन्ति तथासीनानुपासते ॥ मनु० अ० ३ श्लो० १८९ ॥ निमन्त्रित ब्राह्मणों के पास में पितर सब अदृश्य रूप से ठहरते हैं और वायु के समान पीछे-पीछे चलते हैं तथा बैठ जाने पर पास में बैठ जाते हैं ॥१८९॥ इस प्रकार से श्रुति-स्मृति में मृतक श्राद्ध के विषय में हजारों प्रमाण विद्यमान हैं। ग्रन्थ विस्तार के भय से अधिक मैं नहीं लिखता हूँ, जिसको विशेष जानने की इच्छा हो वह मेरे बनाए हुए "वैदिक श्राद्ध दर्पण" नाम के पुस्तक को देख ले। वेद से मृतक-श्राद्ध सिद्ध होने पर भी आजकल के दलीलबाज लोग यह कहते हैं कि यदि युक्ति से आप हमारी शङ्काओं को दूर कर दीजिये तो हम मृतक श्राद्ध को मान लेंगे। पहली शङ्का (१) क्या यहाँ से कोई तार लगा है जो दिया हुआ पदार्थ पितरों के पास पहुँचा देता है। पहली शङ्का का यह उत्तर है कि आजकल तो बिना तार का भी तार निकला है यह सब लोग प्राय: जानते हैं, परन्तु यदि तार ही में आग्रह है तो देखिये सूर्यनारायण की जो मध्याह्न कालीन किरण है वही तार है उसी के द्वारा पितरों के पास पहुँचता है, इसी से मध्याह्न काल में पितृयज्ञ किया जाता है। इस प्रकार पहली शङ्का के समाधान होने पर तो दूसरी शङ्का होती है कि (२) आपलोग सबके लिए हविष्यादिक

http://acharya.org

से पिण्ड बनाते हैं, परन्तु यदि पितर मरकर साँप या बिच्छू या सिंह या पिल्लू हुए हों तो उनके लिए हविष्य क्या होगा ? इसका उत्तर यह है कि जैसे मनीआर्डर छपरा के पोस्ट में यदि किया जायेगा तो भी यदि इङ्गलैण्ड में जायेगा तो वहाँ उतने ही का सोना बनकर मिलेगा और यदि हैदराबाद निजाम में जायेगा तो उतने ही का वहाँ की सूरती रूपया बनकर मिलेगा और सिङ्गापुर टापू में भेजा जायेगा तो उतना ही का वहाँ का रूपया मिलेगा वैसे ही यहाँ पर यद्यपि हविष्य आदिक का पिण्डदान दिया जाता है तो भी जिस-जिस योनि में सब पितर जन्म लेते हैं, उस-उस योनि के खाद्य पदार्थ जितना दिया जाता है उतने ही का तैयार होकर मिलता है । इस प्रकार दूसरी शङ्का के समाधान होने पर तो तीसरी शङ्का होती हैं कि [३] पिण्डा तो जैसे का तैसे बना रहता है, कैसे माना जाय कि पितरों को मिल गया ? उत्तर जैसे मधु-मक्खियाँ या भँवरे प्रति फूल से रस को लेते हैं, यदि न लेते तो मधु कैसे तैयार होता परन्तु फूल जैसे का तैसा बना रहता है वैसे ही अदृश्य रूप से पितर आते हैं और पिण्डा के रस को ले लेते हैं तो भी पिण्डा जैसे के तैसे बना रहता है। इस प्रकार तीसरी शङ्का के समाधान होने पर तो चौथी शङ्का होती है कि [४] गौ, लोटा, धोती रुपया, आदिक तो ब्राह्मणों के घर में रहता है तो कैसे माना जाय कि दी हुई चीज पितरों को मिल गयी ? जैसे पोस्ट में जो रुपया मनिआडर किया जाता है वह वहाँ ही रह जाता है तो भी जिसके पास भेजा जाता है उसको मिल जाता है वैसे ही यद्यपि जो चीज दी जाती है वह ब्राह्मणों के घर में रहती

http://acharya.org

है तो भी पितरों को मिल जाती है। इस प्रकार चौथी शङ्का के समाधान होने पर तो अन्तिम पाँचवीं शङ्का होती है कि [५] क्या पितरों के पास चीज मिलने की किसी दूत या पत्र के द्वारा खबर आजतक कभी भी मिली है कि माना जाय कि मरे पितरों के लिए जो दिया जाता है वह मिलता है ? हाँ अग्नि दूत है जो सर्वदा साथ रहता है और वेद के द्वारा यह खबर मिलती है कि जो दिया जाता है वह पितरों को अवश्य मिलता है और यजुर्वेद में अग्निदत्त का जाना पितरों के पास साबित होता है कि—त्वमग्न ईडितः कव्यवाहना वाढव्यानि सुरभाणि कृत्वी प्रादाः पितृभ्यः स्वधया॥ यजु० अ० १९ मं० ६६॥ हे कव्य के ढोनेवाले अग्निदेव! स्तुति किया हुआ तुम ढोने योग्य हविष्य को सुगन्धिदार करके स्वधा के द्वारा पितरों के लिये दिये हो ।:६६॥ इस मन्त्र से स्पष्ट अग्नि का देना साबित होता है। त्रेतायुग में श्रीदशरथ जी के मरने पर भरतजी ने श्राद्ध किया है यह वाल्मीकि रामायण में लिखा है। द्वापर में महाभारत होने पर कौरवों की स्त्रियों ने अपने पति के निमित्त जलदान दिया है। यह महाभारत के स्त्रीपर्व में स्पष्ट लिखा है, इससे वैदिक मतवालों को मृतक श्राद्ध अवश्य करना चाहिए। सातवाँ अग्निहोत्र कर्म है क्योंकि लिखा है कि—यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्॥ जबतक जीए तब तक अग्निहोत्र करे। यहाँ पर बहुत से लोग यह कहते हैं कि—अग्निहोत्रं गवालम्भं सन्यासं पलपैतृकम्। देवराच्च सुतोत्पत्तिः कलौ पञ्च विवर्जयेत्॥ अग्निहोत्र १ तथा गोमेधयज्ञ २ संन्यास ३ मांस से श्राद्ध ४ और देवर से पुत्रोत्पन्न करना ५ ये पांच कर्म कलियुग

http://acharya.org

में मना है। इससे कलियुग में अग्निहोत्र नहीं करना चाहिए। इसका उत्तर वहाँ ही लिखा है कि—यावद्वर्णविभागोऽस्ति यावद्वेद प्रवर्तते। तावन्न्यासोऽग्निहोत्र च कर्तव्यं हि कलौ युगे। जबतक वर्ण का विभाग रहे और वेद का प्रचार रहे तबतक सन्यास और अग्निहोत्र कलियुग में भी अवश्य करना चाहिए। इस प्रमाण से साबित होता है कि अभी कलियुग में भी अग्निहोत्र अवश्य करना चाहिए। आठवाँ तीर्थयात्रा धर्म है। श्री रङ्गम् १, काञ्ची, २, पन्ना नृसिंह ३, वेंकटेश ४, तोताद्रि ५, आल्वारतिरुगरी ६, श्रीकूर्म ७, भूतपुरी ८, संपत्कुमार ९, पद्मनाभजनार्दन १० जगन्नाथ ११, कुमारी कन्या १२, पक्षीतीर्थ १३, कुम्भकोण १४, सेतुबन्ध १५ बदरीनारायण १६, नैमिषारण्य १७, द्वारिका १८ प्रयाग १९, मथुरा, वृन्दावन २०, अयोध्या २१, गया २२ पुष्करराज २३, पञ्चवटी नासिक २४, मुक्तिनारायण २५ जनकपुर २६, काशी २७. सिद्धाश्रम (बक्सर) २८, आदिक तीर्थों में भ्रमण करना। नौवाँ पुण्यक्षेत्र में वास करनाकर्म है। कुरुक्षेत्र १, भृगुक्षेत्र २, नृसिंहक्षेत्र ३, हरिहरक्षेत्र ४ वराहक्षेत्र ५ आदिक पवित्रक्षेत्रोंमें निवास करना दशवाँ तप्तकृच्छ्र कर्म है इसको पराशरस्मृति में लिखा है कि-त्र्यहमुष्णं पिबेद्वारि त्र्यहमुष्णं पयःपिबेत्। त्र्यहमुष्णं पिबेत्सर्पिर्वायुभक्षेद्दिनत्रयम्॥ परा० अ० ४ श्लो० ७॥ षट्पलं तु पिबेदम्भस्त्रिपलं तु पयः पिबेत्। पलमेकं पिबेत्सर्पिस्तप्तकृच्छ्रं विधीयते॥ परा० अ० ४ श्लो० ८॥ तप्तकृच्छ्र पुरुष पहले तीन दिन तक छः पल गरम जल को पीवे, इसके बाद तीन दिन तीन तीन पल गरम दुग्ध पान करे इसके पीछे तीन दिन एक एक पल गरम घी का

http://acharya.org

पान करे इसके बाद तीन दिन तक केवल वायु भक्षण करके रहें यह तप्तकृच्छ्र का विधान है ॥ ७ ॥ ८ ॥ ग्यारहवां चान्द्रायण कर्म है। इसको मनुस्मृति में लिखा है कि—एकैकं ह्रासयेत्पिण्डं कृष्णे शुक्ले च वर्धयेत्। उपस्पृशं त्रिषवणमेतच्चान्द्रायणं स्मृतम् ॥ मनु० अ० ११ श्लोक २१६ ॥ प्रातःकाल सायंकाल मध्याह्नकाल में स्नान करता हुआ पूर्णमासी के दिन पन्द्रह ग्रासों को खाकर कृष्णपक्ष की प्रतिपदा के क्रम से एक एक ग्रास घटावै ऐसे चतुर्दशी को एक ग्रास भोजन करके अमावश्या को व्रत करे फिर शुक्लपक्ष की प्रति पदा से लगाके एक एक ग्रास बढाता जाय, ऐसे पूर्णमासी को पुनःपन्द्रह ग्रास भोजन करे तो इसको पिपीलिकामध्य नाम का चान्द्रायण कहते हैं ॥ २१६ ॥ एतमेव विधिं कृत्स्नमाचरेद्यवमध्यमे। शुक्लपक्षादिनियतश्चरंश्चान्द्रायणं व्रतम्। मनु० अ० ११ श्लो० २१७ ॥ और यवमध्य नाम के चन्द्रायण में भी शुक्लपक्ष की प्रति पदा से एक एक ग्रास को बढ़ाकर पूर्णमासी को पन्द्रह ग्रास उसके पीछे कृष्णपक्ष की प्रतिपदा से एक एक ग्रास घटा करके अमावस्या को उपवास करे तो इसको यवमध्य नाम का चन्द्रायण कहते हैं ॥ २१७ ॥ अष्टावष्टौ समश्नीयात्पिडान्मध्यंदिने स्थिते। नियतात्मा हविष्याशी यतिश्चान्द्रायणं चरन् ॥ मनु० अ० ११ श्लो० २१८ ॥ और एक महीने तक जो मध्याह्न के समय प्रति-दिन आठ आठ ग्रास भोजन करके दिन रात बिताता है उसको यतिचान्द्रायण कहते हैं ॥ २१८ ॥ चतुरः प्रातरश्नीयात्पिण्डान्विप्रः समाहितः। चतुरोऽस्तमिते सूर्ये शिशुचान्द्रायणं स्मृतम् ॥ मनु०

http://acharya.org

अ० ११ श्लो० २१९ ॥ और प्रातः एवं सायंकाल चार ग्रास भोजन तो इसको शिशुचान्द्रायण मुनियों ने कहा है ॥ ३१९ ॥ बारहवाँ पुण्यनदी स्नान कर्म है। गङ्गा १, यमुना २, सरस्वती ३ गोमती ४, सरयू ५, नारायणी ६, कृष्णा ७, काबेरी ८, गोदावरी ९, ताम्रपर्णी १०, पयस्विनी ११, कृतमाला १२, आदि पवित्र नदियों में धाराभिमुख स्नान करना, तेरहवाँ व्रत कर्म है जिसको यजुर्वेद में लिखा है कि—व्रतेन दीक्षामाप्नोति ॥ यजु० अ० १९ मं० ३० ॥ व्रत सै दीक्षा प्राप्त होती है ॥ ३० ॥ बारह मास में शुक्ल और कृष्णपक्ष के भेद से चौबीस एकादशी व्रत तथा कृष्ण जन्माष्टमी व्रत और रामनवमी व्रत तथा नृसिंह चतुर्दशी व्रत और वामन द्वादशी इन अट्ठाइस व्रतों को वर्ष में करना—चौदहवाँ चातुर्मास्य कर्म है क्योंकि लिखा है कि—चातुर्मास्ययाजिनः सुकृतं भवति ॥ जिसको चातुर्मास्य के विषय में अधिक जानना हो वह मेरा बनाया हुआ जो "यतीन्द्रधर्ममार्तण्ड" है उसके सातवें उल्लास को देख ले। पन्द्रहवाँ फल मूलों का आहार करना कर्म है। क्योंकि लिखा है—आहारशुद्धौ सत्वशुद्धिः, सत्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः। स्मृतिलम्भे सर्वग्रन्थिनां विप्रमोक्षः ॥ छान्दो० अ० खं० २६ मं० २ ॥ आहार शुद्ध होने से अन्तःकरण शुद्ध होता है और अन्तःकरण शुद्ध होने से ध्रुवा स्मृति होती है और स्मृति लाभ होने से समस्त बन्धन से निवृत हो जाता है ॥२॥ आहार भगवद्गीता में तीन प्रकार का लिखा है कि—आयुःसत्वबलारोग्यसुखप्रीतिविवर्धनाः। रस्याः स्निग्धाः स्थिराः हृद्या आहाराः सात्विकप्रियाः गी० अ०

http://acharya.org

१७ श्लो० ८ ।। जो आहार आयुष्य, सत्व, बल आरोग्य सुख और प्रीति को बढ़ानेवाला हो तथा रसयुक्त चिक्कन बहुत काल रहने वाले हृदय का वर्द्धक—ऐसे आहार सात्विक पुरुषों को प्रिय होते हैं ।। ८ ।। कट्वम्ललवणात्युष्णतीक्ष्णरूक्षविदाहिनः । आहारा राजसस्येष्टा दुःखशोकामयप्रदाः ।। गी० अ० १७ श्लो ९ ।। अति कटु, अति खट्टा, अति नमक वाला, अति गर्म, अति तीक्ष्ण, अति रूखा और कलेजा में अति दाह देनेवाला आहार राजसी पुरुषों को प्रिय होता है यह आहार दुःख, शोक और रोगों को देनेवाला होता है ।। ९ ।। यातयामं गतरसं पूतिपर्युषितं च यत् । उच्छिष्टमपि चामेध्यं भोजनं तामसप्रियम् ।। गी० अ० १७ श्लो० १० ।। जिस भोजन के बने हुए एक पहर हो गया हो तथा जो रस विहीन हो, सूता या दुर्गन्धवाला जो हो तथा बासी हो, जूठा हो तथा जो अपवित्र हो—ऐसा भोजन तामसी पुरुष को प्रिय होता है ।। १० ।। सोलहवाँ, शास्त्र का अध्ययन करना कर्म है । क्योंकि लिखा है कि—स्वाध्यायान्मा प्रमद ।। तैत्तिरी अ० वल्ली० १ अनुवा० १९ ।। स्वाध्यायरूप शास्त्र के अभ्यास से प्रमाद नहीं करना ।।१९।। सतरहवाँ भगवान श्रीमन्नारायण की पूजा कर्म है । अठारहवाँ जप-कर्म है । जप किसको कहते हैं यह श्रीजाबालदर्शनोपनिषद् में लिखा है कि- गुरुणा चोपदिष्टोऽपि तत्र सम्बन्धसंयुक्त वेदोक्तेनैव मार्गेण मन्त्राभ्यासो जप स्मृतः ।। जाबा खं० मं० ११ श्री गुरुजी के उपदेश देने पर भी उनमें सम्बन्ध रखते हुए जो वेदोक्त मार्ग से मन्त्र का अभ्यास किया है उसको जप कहते हैं ।। ११ ।।

http://acharya.org

जपस्तु द्विविधः प्रोक्तो वाचिको मानसस्तथा ॥जाबा॰खं०२मं०१३॥ वाचिकोपांशुरुच्चैश्च द्विविधः परिकीर्तितः। मानसो मननध्यान-भेदाद् द्वैविध्यमाश्रितः ॥ १४ ॥ उच्चैजपादुपांशुश्च सहस्रगुणमुच्यते। मानसश्च तथोपांशोः सहस्रगुणमुच्यते ॥ १५ ॥ जप दो प्रकार का कहा हुआ है एक वाचिक १ और दूसरा मानस २ ॥१३॥ वाचिक जप उपांशु १ और उच्चैः २ भेद से दो प्रकार का कहा गया है और मानस जप भी मनन १ और ध्यान २ भेद से दो प्रकार का होता है ॥ १४ ॥ उच्चैःस्वर के जप से हजार गुना उपांशु जप का फल है और उपांशु जप से हजार गुना मानस जप का गुण है ॥ १५ ॥ हारीतस्मृति में वाचिक, उपांशु और मानस का लक्षण लिखा हुआ है कि—यदुच्चनीचोच्चरितैः शब्दैः स्पष्टपदाक्षरैः। मन्त्रमुच्चारयन्वाचा जपयज्ञस्तु वाचिकः ॥ हारीतस्मृ॰ अ॰ ४ श्लो॰ ४२ ॥ जिसका ऊँचा और नीचा उच्चारण स्पष्ट पद के अक्षरों के शब्दों से मन्त्र पाठ किया जाता है उस जप को वाचिक कहते हैं ॥ ४२ ॥ शनैरुच्चारयन्मंत्रं किंचिदोष्ठौ प्रचालयेत्। किंचिच्छ्रवणयोग्यः स्यात्स उपांशुर्जपः स्मृतः ॥ हा॰ अ॰ श्लो॰ ४३ ॥ और जिसमें कुछ-कुछ ओठ चलता हो और धीरे-धीरे मन्त्र का उच्चारण हो तथा कुछ शब्द सुनाता हो उसको उपांशु जप कहते हैं ॥ ४३ ॥ धिया पदाक्षरश्रेण्या अवर्णमपदाक्षरम्। शब्दार्थचिन्ताभ्यान्तु तदुक्तं मानसं स्मृतम् ॥ हारी॰ अ॰ ८ श्लो॰ ४४ ॥ बुद्धि से ही पद अक्षर की पंक्ति का स्मरण हो वर्ण और पदाक्षर सुनाई न आवे, केवल शब्द और अर्थ का विचार जिसमें हो

http://acharya.org

उसको मानस जप कहते हैं ॥ ४५ ॥ इन जपों को करना। उन्नी-सवाँ तर्पणादिक कर्म है। इन पूर्वोक्त कर्मों के अनुष्ठान से शरीर को सुखा करके ( पापनाशोत्पत्तौ ) पाप के नाश की उत्पत्ति होने पर ( तत् ) उस इन्द्रिय द्वारा ( प्रसरतः ) इन्द्रियों के द्वारा फैल-नेवाले ( धर्मभूतज्ञानस्य ) धर्मभूतज्ञान के ( शब्दादीनाम् ) शब्द आदिक ( अविषयत्वेन ) विषय न होने से और (विषयापेक्षायाम्) शब्दादिक विषयों की अपेक्षा होने पर ( यमनियमासनप्राणायाम-प्रत्याहारधारणाध्यानसमाधिरूपाष्टाङ्गयोगक्रमेण ) यम १, नियम २, आसन ३, प्राणायाम ४, प्रत्याहार ५, धारणा ६, ध्यान ७ और समाधि ८ रूप इस अष्टांगयोग के क्रम से जाबाल दर्शनोप-निषद् में यम आदिक का वर्णन है कि - अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्म-चर्यं दयार्जवम्। क्षमा धृतिर्मिताहारः शौचं चेव यमा दश ॥ जा-बालदर्श खं० १ मं० ६ ॥ अहिंसा १, सत्य २, अस्तेय ३, ब्रह्मचर्य ४, दया ५, कोमलता ६, क्षमा ७, धीरता ८, मिताहार ९ और शौच १० ये दश यम हैं ॥ ६ ॥ इससे विरुद्ध जो योगशास्त्र में लिखा है कि - अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः ॥ योग० अ० १ पा० २ सू० ३० ॥ अहिंसा १, सत्य २, अस्तेय ३, ब्रह्मचर्य ४, अपरिग्रह ५, ये पाँच यम हैं ॥ ३० ॥ इसको नहीं मानना चाहिए। इस बात को भगवान वेदव्यासजी भी कहते हैं कि - एतेन योगः प्रत्युक्तः ॥ वेदा० अ० २ पा० १ सू० ३ ॥ इससे वेद विरुद्ध योगशास्त्र का सिद्धांत खण्डित हो गया। अब अहिंसा आदिक का वर्णन देखिये, लिखा है कि - वेदोक्तेन प्रकारेण विना

http://acharya.org

सत्यं तपोधन। कायेन मनसा वाचा हिंसाऽहिंसा न चान्यथा॥ जाबा० खं० १ मं० ७॥ हे तपोधन! सत्य करके वेद में कही हुई हिंसा को बराबर जो मन, वाणी और शरीर से किसी जीव को दुःख न देना इसी को अहिंसा कहते हैं॥ ७॥ चक्षुरादीन्द्रियैर्दृष्टं श्रुतं घ्रातं मुनीश्वर। तस्यैवोक्तिर्भवेत्सत्यं विप्र तन्नान्यथा भवेत्॥ जाबालद० खं० १ मं० ९ । नेत्रादिक इन्द्रियों करके देखा हुआ, सुना हुआ, सूँघा हुआ, हे मुनीश्वर ब्राह्मण उसीका है ऐसी उक्ति को सत्य कहते हैं॥ ९॥ अन्यदीये तृणे रत्ने काञ्चने मौक्तिकेऽपि च। मनसा विनिवृत्तिर्या तदस्तेयं विदुर्बुधाः। जाबालद० खं० १ मं० ११॥ दूसरे के घास, रत्न, सोना या मोती आदिक चीजों में मन को भी कभी न जाने देना-इसको ज्ञानी लोग अस्तेय कहते हैं॥ ११॥ कायेन मनसा वाचा स्त्रीणां च परिवर्जनम्। ऋतौ भार्या तदा स्वस्य ब्रह्मचर्यं तदुच्यते॥ जाबालद० खं० १ मं० १३॥ मन, वाणी और शरीर से स्त्री का परित्याग करना इसको ब्रह्मचर्य कहते हैं और यदि अपनी विवाहिता स्त्री हो तो ऋतुकाल में उससे मैथुन करे तो इसको मुनि लोग ब्रह्मचर्य कहते हैं॥१३॥ स्वात्मवत्सर्वभूतेषु कायेन मनसा गिरा। अनुज्ञा या दया सैव प्रोक्ता वेदान्तवेदिभिः॥ जाबालद० खं० १ मं० १५॥ अपने जीव के बराबर सम्पूर्ण जीवों में मन वाणी शरीर से जो अनुज्ञा होती है उसी को वेदान्ती लोग दया कहते हैं॥ १६॥ पुत्रे मित्रे कलत्रे च रिपौ स्वात्मनि। संततम् एकं रूपं मुने यत्तदार्जवं प्रोच्यते मया॥ जाबालद० खं० १ मं० १६॥ हे मुने! पुत्र या मित्र या स्त्री या

http://acharya.org

शत्रु या अपनी आत्मा इन सबों में सर्वदा एक रूप रहना इसको आर्जव कहते हैं ।।१६।। कायेन मनसा वाचा शत्रुभिः परिपीडिते । बुद्धिक्षोभनिवृत्तिर्या क्षमा सा मुनिपुङ्गव ।। जाबालद० खं० १ मं० १७ ।। हे मुनिपुङ्गव! मन वाणी शरीर द्वारा शत्रुओं से अति पीड़ित होने पर भी जो बुद्धि में क्षोभ नहीं होता है - उसको क्षमा कहते हैं । १७ ।। वेदादेव विनिर्मोक्षः संसारस्य न चान्यथा । इति विज्ञाननिष्पत्तिर्धृतिः प्रोक्ता हि वैदिकैः ।। जाबालद० खं० १ म० १८ ।। वेद ही से संसार छूटेगा, दूसरा कोई उपाय नहीं है । इस प्रकार के जो विज्ञान की निष्पत्ति है उसको वैदिक लोग धृति कहते हैं ।।१८।। अल्पमृष्टाशनाभ्यां च चतुर्थांशावशेषकम् । तस्माद्योगानुगुण्येन भोजनं मितभोजनम् ।। जाबा० खं० १ मं० १९ ।। पेट के दो भाग को सुन्दर परिपक्वान्न से तथा तीसरे भाग को जल से भर दे और चौथे भाग को सर्वदा वायु आने-जाने के लिये खाली रखे तो इस भोजन को मितभोजन कहते हैं ।। १९ ।। स्वदेहमलनिर्मोक्षो मृज्जलाभ्यां महामुने । तत्तच्छौचं भवेद्बाह्यं मानसं मननं विदुः ।। जाबालद० खं० १ मं० २० ।। हे महामुने ! शौच दो प्रकार का होता है एक बाह्य और दूसरा मानस । उसमें मिट्टी और जल से अपने देह के मल को धोना यह बाह्य शौच है तथा आत्मा का मनन करना मानस शौच है ।।२०।। अब नियम को कहता हूँ कि - तपः सन्तोषमास्तिक्यं दानमीश्वरपूजनम् । सिद्धान्तश्रवणं चैव ह्रीर्मतिश्च जपो व्रतम् ।। जाबालद० खं० २ मं० १ ।। तप १, सन्तोष २, आस्तिकता ३, दान ४ ईश्वरपूजन ५, सिद्धान्तश्रवण ६, ह्री ७ मति ८, जप ९ और व्रत १० ये दस प्रकार के नियम हैं ।। १ ।।

http://acharya.org

इसके विरुद्ध जो योगशास्त्र में लिखा है कि - शौचसन्तोषतपस्स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः ॥ योग० अ० १ पा० २ सू० ३२ ॥ शौच १, सन्तोष २, तप ३, स्वाध्याय ४, ईश्वरप्रणिधान ५, ये पाँच नियम हैं ॥ ३२ ॥ इसको (वैदिक) मतवालों को नहीं मानना चाहिए। दश नियमों में से तप, दान और जप का वर्णन पहले कर चुका हूँ, अब जो बाकी हैं उन सबों का निरूपण करता हूँ। यदृच्छालाभतो नित्यं प्रीतिर्या जायते नृणाम्। तत्सन्तोषं विदुः प्राज्ञाः परिज्ञानैकतत्पराः ॥ जाबाल० खं० मं ५ ॥ जो प्रारब्धानुसार प्राप्त हो जाय उसी में सर्वदा जो मनुष्यों को प्रीति होती है उसीको ज्ञानी लोग सन्तोष कहते हैं ॥ ५ ॥ श्रौते स्मार्ते च विश्वासो यत्तदास्तिक्यमुच्यते ॥ जाबालद० ख० २ मं० ६ ॥ जो वेद और स्मृति में कहे हुए कर्मों में विश्वास होता है उसको आस्तिकता कहते हैं ॥ ६ ॥ रागाद्यपेतं हृदयं वाग्दुष्टाऽनृतादिना। हिंसादिरहितं कर्म यत्तदीश्वरपूजनम् ॥ जाबालद० खण्ड २ मं० ८ ॥ राग द्वेष आदिक से युक्त हृदय न हो और झूठ बोलने से वाणी दूषित न हो तथा हिंसा आदिक से रहित जो कर्म हो उसको ईश्वरपूजन कहते हैं ॥ ८ ॥ सत्यं ज्ञानमनन्तं च परमानन्दं परं ध्रुवम् प्रत्यगित्यवगन्तव्यं सिद्धान्तश्रवणं बुधैः ॥ जाबालद० खं० २ मं० ९ ॥ परब्रह्म सत्य ज्ञान अनन्त और आनन्दमय सबसे परे स्थित है ऐसा जान लेना इसको सिद्धान्तश्रवण पण्डित लोग कहते हैं ॥ ९ ॥ वेदलौकिकमार्गेषु कुत्सितं कर्म यद्भवेत्। तस्मिन्भवति या लज्जा ह्रीः सैवेति प्रकीर्तिता ॥ जाबालद० खं० २ मं० १० ॥ वेद और लौकिक में जो निन्दित कर्म हो उसमें जो लज्जा होती है- उसको ह्री कहते हैं

http://acharya.org

॥ १० ॥ वैदिकेषु च सर्वेषु श्रद्धा या सा मतिर्भवेत् ॥ जाबालद० खं० २ मं० ११ ॥ वैदिक समस्त कर्मों में जो श्रद्धा होती है उसको मति कहते हैं ॥ ११ ॥ और शाण्डिल्योपनिषद् में लिखा है कि—व्रतं नाम वेदोक्तविधिनिषेधानुष्ठाननैत्यम् ॥ शाण्डि० अ० १ मं० २ ॥ सर्वदा वेदोक्त विधि और निषेध का अनुष्ठान करना....इसको व्रत कहते हैं ॥ २ ॥ अब आसन कहते हैं कि—तत्र स्थिरसुखमासनम् ॥ योग० अ० १ पा० २ सू० ४६ ॥ जिसमें सुखपूर्वक शरीर और आत्मा स्थिर हो वही आसन है ॥ ४६ ॥ आसन विशेष जिसको जानना हो वह मेरा बनाया हुआ "वैदिक योग-संग्रह" नामक पुस्तक देख ले। अब प्राणायाम को कहता हूँ कि—प्राणश्च देहगो वायुरायामः कुम्भकः स्मृतः ॥ योगकुन्ड० अ० १ मं० १६ ॥ बाहर और भीतर जो वायु आता-जाता है उसे रोकने को प्राणायाम कहते हैं ॥ १६ ॥ और पातञ्जल योगदर्शन में भी लिखा है कि—तस्मिन्सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः ॥ योग० अ० पा० २ सू० ४९ ॥ आसन में स्थित होकर बाहर-भीतर आने-जानेवाले दोनों वायु के रोकने को प्राणायाम कहते हैं ॥ अब प्रत्याहार को कहता हूँ कि - चरतां चक्षुरादीनां विषयेषु यथाक्रमम्। यत्प्रत्याहरणं तेषां प्रत्याहारः स उच्यते ॥ योगचू० मं० १२० ॥ स्वभाव से ही यथाक्रम जो नेत्र आदिक इन्द्रियाँ रूप आदिक विषयों में विचरती हैं उन सबों को जो विषयों से निवारण किया जाता है उसको प्रत्याहार कहते हैं ॥ १२० ॥ योगशास्त्र में लिखा है कि - स्वविषयासंप्रयोगचित्तस्य स्वरूपानुकार इवेन्द्रि-

http://acharya.org

याणां प्रत्याहारः ॥ योग० अ० १ पा० २ सू० ५४ ॥ अपने-अपने विषयों के सम्बन्ध के अभाव से श्रोत्रादिक इन्द्रियों का जो चित्त के स्वरूप के अनुसार स्थित होना है उसका नाम प्रत्याहार है ।५४॥ अब धारणा को कहता हूँ कि - देशबन्धश्चित्तस्य धारणा ॥ योग० अ० १ पा० ३ सू० १ ॥ चित्त का किसी देश में बांधना, इसको धारणा कहते हैं ॥१॥ अब ध्यान को कहता हूँ कि - तत्र प्रत्ययैकतानता ध्यानम् ॥ योग० अ० १ पा० ३ सू० २ ॥ जिस धारणा में बुद्धि और चित्त का एकाग्र हो जाना, इसको ध्यान कहते हैं ॥२॥ और - तदेवार्थमात्रनिर्भासं स्वरूपशून्यमिव समाधिः ॥ योग० अ० १ पा० ३ सू० ३ ॥ स्वरूपशून्य केवल उसी अर्थ का भास होना इसको समाधि कहते हैं ॥ ३ ॥ और योग-तत्त्वोपनिषद् में लिखा है कि - समाधिः समतावस्था जीवात्मपरमात्मनोः ॥ योगत० मं० १०७॥ जीवात्मा और परमात्मा की समतावस्था को समाधि कहते हैं ॥१०७॥ इन पूर्वोक्त अष्टाङ्गयोग का क्रम से (योगाभ्यासकालपर्यन्तम्[१४]) योग के अभ्यास के समय तक, योग किसको कहते हैं यह लिखा है कि-योऽपानप्राणयारैक्यं स्वरजोरेतसोस्तथा । सूर्याचन्द्रमसोर्योगो जीवात्मपरमात्मनोः ॥ योगशि० अ० १ मं० ६८ ॥ एवं तु द्वन्द्वजालस्य संयोगो योग उच्यते ॥ ६९ ॥ प्राणवायु और अपानवायु की एकता तथा अपना रज और रेत तथा सूर्यस्वर और चन्द्रस्वर तथा जीवात्मा और परमात्मा इन सबों के संयोग को योग कहते हैं ॥ ६८-६९ ॥ और योगशास्त्र में लिखा है कि - योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः ॥ योग० १ पा० १ सू० २ ॥ पांच प्रकार के

http://acharya.org

चित्त की वृत्तियों को जो रोकना है उसका नाम योग है ॥ २ ॥ उन पांच वृत्तियों के नाम और लक्षण योगशास्त्र में लिखा है कि - प्रमाणविपर्ययविकल्पनिद्रास्मृतय: ॥ योग० अ० १ पा० १ सू० ६ ॥ प्रमाण १, विपर्यय २, विकल्प ३, निद्रा ४ स्मृति ५ ये पाँच चित्त की वृत्तियाँ है ॥ ६ ॥ जिनमें—प्रत्यक्षानुमानागमा: प्रमाणानि ॥ योग० अ० १ पा० १ सू० ७ ॥ प्रत्यक्ष १, अनुमान २, आगम ३ ये तीन प्रमाण हैं ॥ ७ ॥ जिनमें इन्द्रिय और अर्थ के व्यवधानरहित संयोग से घट-पट आदिक अर्थों का जो विशेष रूप करके ज्ञान होता है उसको प्रत्यक्ष कहते हैं और धूमादिक लिंग से दूरस्थ अग्नि पदार्थो का जो सामान्यरूप से ज्ञान होता है उसको अनुमान प्रमाण कहते हैं तथा यथार्थ वक्ता पुरुष का जो वाक्य है उसको आगम प्रमाण कहते हैं। इन तीनों प्रमाणों में और सब प्रमाण अर्न्तभूत हो जाते हैं ॥ विपर्ययो मिथ्याज्ञानमतद्रूपप्रतिष्ठम् ॥ योग० अ० १ पा० १ सू० ८ ॥ अपने स्वरूप से विरूद्ध जो मिथ्या ज्ञान-बुद्धि में स्थित हो उसको विपर्यय कहते हैं ॥ ८ ॥ शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्प: ॥ योग० अ० १ पा० १ सू० ९ ॥ शब्दजन्य ज्ञान के अनुसार जो वस्तु से शून्य हो उसको विकल्प कहते हैं ॥९॥ अभावप्रत्ययालम्बनावृत्तिर्निद्रा योग० अ० १ पा० १ सू० १० ॥ अभाव प्रत्यय का आलम्बन विषय है जिस वृत्ति का उसको निद्रा कहते हैं ॥ १० ॥ और - अनुभूतविषयासंप्रमोष: स्मृति: ॥ योग० अ० १ पा० १ सू० ११ ॥ प्रत्यक्षादिक प्रमाण करके अनुभव किए हुए पदार्थ का जो अन्य काल में संस्कार द्वारा

http://acharya.org

स्मरण होता है उसको स्मृति कहते हैं ॥ ११ ॥ और अभ्यास का भी लक्षण लिखा है कि -तत्र स्थितौ यत्नोऽभ्यासः ॥ यो० अ० पा० १ सू० १३ ॥ आसन में स्थित हो करके चित्त की वृत्तियों के रोकने के उपाय जो यम नियमादिक हैं उनमें प्रयत्न करना उसको अभ्यास कहते हैं ॥१४॥ इन सबसे जब तक योगाभ्यास करे तब तक (ज्ञानस्य[१५]) ज्ञानस्वरूप (आत्मनः[१६] अपनी आत्मा का (विषयताकरणम्[१७]) अनुभव करना इसको कर्म कहते हैं ॥ २६ ॥

मूल— अयं[१] च[२] ज्ञानयोगस्य[३] सहकारी[४] ऐश्वर्यस्य[५] प्रधानसाधनं[६] च[७] भवेत्[८] ॥ २७ ॥

टीका – (अयम्[१]) यह कर्मयोग (च[२]) भी (ज्ञानयोगस्य[३] ज्ञानयोग का (सहकारी[४]) सहकारी है (ऐश्वर्यस्य[५]) और ऐश्वर्य का (प्रधानसाधनम्[६]) मुख्य साधन (च[७]) भी (भवेत्[८]) होता है ॥ २७ ॥

मूल— ज्ञानयोगो[१] नाम[२] एवं[३] योगजन्यज्ञानस्य[४] हृदय-[५] मण्डलादित्यमण्डलप्रभृतिस्थलविशेषेषु[६] च[७] वर्तमानं[८] सर्वेश्वरं विषयं[९] कृत्वा[१०] तं[११] विषयं[१२] शंखचक्रगदाधरं[१३] पीताम्बरकिरीटनू-[१४] पुरादिदिव्यभूषणालंकृतं लक्ष्मीसहितं[१५] च[१६] अनुभूय[१७] योगा-[१८] भ्यासक्रमेणानुभवकालं[१९] वर्द्धयित्वाऽनवरतभावनारूपत्वा-[२०][२१]

http://acharya.org

पादनम् ॥ २८ ॥

टीका—(ज्ञानयोगः[१]) ज्ञानयोग (नाम[२]) किसको कहते हैं कि (एवम्[३]) इस प्रकार (योगजन्यज्ञानस्य[४]) अष्टांग योग से उत्पन्न हुए ज्ञान के (हृदयमण्डलादित्यमण्डलप्रभृतिस्थलविशेषेषु[५]) हृदय-मण्डल के कमल में, ध्यानबिन्दूपनिषद् में लिखा है कि—अष्टपत्रं तु हृत्पद्मं द्वात्रिंशत्केसरान्वितम्। तस्य मध्ये स्थितो भानुर्भानु-मध्यगतः शशिः ॥ मं० २६ ॥ शशिमध्यगतो वह्निर्वह्निमध्यगता प्रभा। प्रभामध्यगतं पीठं नानारत्नप्रवेष्ठितम् ॥ २७ ॥ तस्य मध्य-गतं देवं वासुदेवं निरञ्जनम् ॥ श्रीवत्सकौस्तुभोरस्कं मुक्तामणि-विभूषितम् ॥ २८ ॥ शुद्धस्फटिकसंकाशं चन्द्रकोटिसमप्रभम्। एवं ध्यायेन्महाविष्णुमेवं वा विनयान्वितः ॥ २९ ॥ हृदय में बत्तीस केसर से युक्त आठ पत्रवाला कमल है और उस कमल के मध्य में सूय स्थित है तथा सूर्य के मध्य में चन्द्रमा है ॥ २६ ॥ और चन्द्रमा के मध्य में अग्नि है और अग्नि के मध्य में प्रभा है तथा प्रभा के मध्य में नाना रत्नों से वेष्टित पीठ है ॥ २७ ॥ उस पोठ के मध्य में स्थित, श्रीवत्स और कौस्तुभ तथा मुक्ता और मणियों से विभूषित वक्षःस्थल वाले निरञ्जन वासुदेव भ वान हैं ॥ २८ ॥ जो शुद्ध स्फटिक के समान तथा करोड़ों चन्द्रमा की प्रभावाले महाविष्णु को विनय से युक्त होकर इस प्रकार से ध्यान करे ॥ २९ ॥ और आदित्यमण्डल आदिक स्थल विशेष में क्योंकि लिखा है कि ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्ती नारायणः सरसि-जासनसन्निविष्टः। केयूरवान् मकरकुण्डलवान् किरीटी हारी हिर-

http://acharya.org

ण्मयवपुर्धृतशंखचक्रः ।। सूर्यमण्डल के मध्य में वर्तमान तथा कमलासन से स्थित और केयूर मकराकृति कुण्डल किरीट तथा शंख चक्रादिक को धारण किये हुए सदा सोने के समान देहवाले श्रीमन्नारायण भगवान सदा ध्यान करने के योग्य हैं। इससे उस सूर्यमण्डलादिक स्थल में (च[६]) भी (वर्तमानम्[७]) वर्तमान (सर्वेश्वरम्[८]) सबके स्वामी श्रीमन्नारायण भगवान् को (विषयम्[९]) अनुभव (कृत्वा[१०]) करके (तम्[११]) उस (विषयम्[१२]) अनुभव को (शंखचक्रगदाधरम्[१३]) शंख, चक्र, गदा के धारण करने वाले (पीताम्बरकिरीटनूपुरादिदिव्यभूषणालंकृतम्[१४]) और पीताम्बर किरीट नूपुरादिक दिव्य भूषणों से सुशोभित (लक्ष्मीसहितम्[१५]) श्रीलक्ष्मीजी सहित (च[१६]) और श्रीमन्नारायण को (अनुभूय[१७]) अनुभव करके (योगाभ्यासक्रमेण[१८]) योग के अभ्यास के क्रमसे (अनुभवकालम्[१९]) अनुभव के समय को (वर्धयित्वा[२०]) बढ़ा करके (अनवरतभावनारूपत्वापादनम्[२१]) सर्वदा श्रीमन्नारायण के स्वरूप की भावना करते रहना, इसको ज्ञानयोग कहते हैं ।। २८ ।।

मूल—अयं[१] च[२] भक्तियोगस्य[३] सहकारी[४] कैवल्यस्य[५] प्रधानसाधनं[६] च[७] भवेत्[८] । २९ ॥

टीका—(अयम्[१]) यह ज्ञानयोग (च[२]) भी (भक्तियोगस्य[३]) भक्तियोग का (सहकारी[४]) सहकारी और (कैवल्यस्य[५]) कैवल्य

http://acharya.org

का (प्रधानसाधनम्[६]) मुख्य साधन (च[७]) भी (भवेत्[८]) होता है ॥ २९ ॥

१ २ ३ ४
मूल—भक्तियोगो नाम तैलधारावदविच्छिन्नस्मृति-
५ ६ ७
सन्तानरूपानुभवस्य प्रीतिरूपत्वापादनं तत्स्वरूपे विचारिते
८ ९ १० ११ १२
प्रारब्धकर्मनिवृत्त्यौपयिकतया साधनसाध्येऽनुष्ठाय तत्संको-
चविकासोपयोगिपरिणामकरणम् ॥ ३० ॥

टीका—(भक्तियोगः[१]) भक्तियोग (नाम[२]) किसको कहते हैं कि (तैलधारावत्[३]) जैसे तेल की धारा जब गिरती है तब उस समय उसके बीच में कोई छिद्र नहीं दिखता है, वैसे ही (अविच्छिन्नस्मृतिसन्तानरूपानुभवस्य[४]) श्रीमन्नारायण भगवान को सर्वदा याद करते रहना रूप अनुभव के (प्रीतिरूपत्वापादनम्[५]) सदा प्रीति स्वरूप को प्राप्त करना (तत्स्वरूपे[६]) और श्रीमन्नारायण का स्वरूप (विचारिते[७]) विचार करने पर (प्रारब्धकर्मनिवृत्त्या[८]) प्रारब्ध कर्म की निवृत्ति के (औपयिकतया[९]) उपाय करके (साधनसाध्ये[१०]) साधन और साध्य को (अनुष्ठाय[११]) अनुष्ठान करके (तत्संकोच-विकासोपयोगि-परिणामकरणम्[१२]) प्रारब्ध कर्म से श्रीमन्नारायण भगवान् के स्मरण करने में यदि किसी प्रकार से संकोच हो गया हो तो उसको दूर करके श्रीमन्नारायण का सर्वदा ध्यान करना इसको भक्तियोग कहते हैं ॥ ३० ॥

http://acharya.org

मूल—अथ[१] प्रपत्त्युपायो[२] नाम[३] एव[४] कर्मज्ञानसहकारिणि[५] भक्तियोगे[६]ऽशक्तानाम[७]प्राप्तानां[८] सुकरः[९] शीघ्रफलप्रदः[१०] उपायस्य[११] सकृत्त्वात्[१२] उपायानुष्ठानसमनन्तरं[१३] जायमानभगवद्विषयानुभवानां[१४] प्राप्यकोटिघटितत्वात्[१५]सुशकः[१६] स्वरूपानुरूप[१७]श्च[१८] भवति[१९], इयं[२०] चा[२१]र्तरूपप्रपत्ति[२२]र्दृप्तरूपप्रपत्ति[२३]श्चे[२४]ति[२५] द्विधा[२६] ॥३१॥

टीका (अथ[१]) कर्म ज्ञान और भक्ति के निरूपण करने के बाद (प्रपत्त्युपायः[२]) प्रपत्ति नामक उपाय (नाम[३]) किसको कहते हैं कि (एवम्[४]) इस प्रकार से (कर्मज्ञानसहकारिणि[५]) वर्ण और आश्रम के कर्म तथा ज्ञान के सहकार चाहनेवाले (भक्तियोगे[६]) भक्तियोग में (अशक्तानाम्[७]) जो मनुष्य अशक्त हैं और (अप्राप्तानाम्[८]) भगवत्स्वरूप को प्राप्त नहीं किये हुए हैं उन सबों के लिए (सुकरः[९]) प्रपत्तिरूप उपाय करना सहज है (शीघ्रफलप्रदः[१०]) और शीघ्रफल देनेवाला है (उपायस्य[११]) यह प्रपत्तिरूप उपाय (सकृत्त्वात्[१२]) एक ही बार किया जाता है इससे (उपायानुष्ठानसमनन्तरम्[१३]) प्रपत्तिरूपउपाय के करने के तुरन्त ही पीछे (जायमानभगवद्विषयानुभवानाम्[१४]) उत्पन्न जो श्रीमन्नारायण भगवान् के विषयों का अनुभव उन सब अनुभवों के (प्राप्यकोटिघटितत्वात्[१५]) प्राप्यकोटि में घटित होने से (सुशकः[१६]) सब मनुष्यों के लिए प्रपत्तिरूप उपाय

http://acharya.org

करना सहज है । (स्वरूपानुरूपः[१७]) और अपने स्वरूप के अनुरूप (च[१८]) भी (भवति[१९]) है (इयम्[२०]) और यह प्रपत्ति (च[२१]) भी (आर्त्तरूपप्रपत्तिः[२२]) एक आर्तरूपप्रपत्ति १ (दृप्तरूपप्रपत्तिः[२३]) और दूसरी दृप्तरूप प्रपत्ति २ (च[२४]) और (इति[२५]) इस प्रकार के भेद से (द्विधा[२६]) दो प्रकार की प्रपत्ति है, इसी को शरणागति भी कहते हैं ॥ ३१ ॥

मूल — [१]तत्रा[२]र्तरूपप्रपत्तिर्[३]नाम [४]निर्हेतुकभगवत्प्रसादेन [५]हेतुना [६]शास्त्राभ्यासेन [७]सदाचार्योपदेशक्रमेण [८]यथा [९]ज्ञानो[१०]त्पत्त्यनन्तरं [११]भगवदनुभवस्य विपरीतदेहसम्बन्धस्य [१२]दैशिक-सहवासस्य [१३]च [१४]दुःसहत्वाद्[१५]भगवदनुभवस्यै[१६]कान्तं [१७]विलक्षणं [१८]देहं [१९]देशं [२०]देशिकांश्[२१]च [२२]प्राप्तुम्[२३]आशाधिक्येन [२४]श्रीवेंकटनायकस्य [२५]गर्भ-जन्मजराधिव्याधिमरणादिनिवर्त्तकत्वात् [२६]श्रीवेङ्कटनायक [२७]गत्यन्तरशून्यो [२८]दासो[२९]ऽहं [३०]वेंकटाचलवासिने [३१]नमः [३२]इति [३३]पूर्ण-[३४]प्रपत्तिं [३५]कृत्वा बहु [३६]दर्शयित्वा [३७]नाशयसि [३८]एतत्[३९]तीरमारुह्य [४०]श्रान्तोऽस्मि [४१]प्राप्तं [४२]कृपां [४३]कुरु [४४]लक्ष्म्या [४५]शापितोऽसि [४६]अ[४७]था[४८]ह[४९]ं

http://acharya.org

५० ५१-५२ ५३ ५४ ५५
गन्तुं नानुजानामीति प्रतिरुध्याऽप्राप्तिः ॥ ३२ ॥

टीका—(तत्र[१]) आर्त १ और दृप्त २ ये जो दो प्रकार की प्रपत्ति है जिसमें (आर्त्तरूपप्रपत्तिः[२]) आर्त्त रूप प्रपत्ति (नाम[३]) किसको कहते हैं कि (निर्हेतुकभगवत्प्रसादेन[४]) बिना किसी कारण के जीव पर भगवान की प्रसन्नता या दया होने से (हेतुना[५]) और कारण कि (शास्त्राभ्यासेन[६]) शास्त्रों का अभ्यास करने से और (सदाचार्योपदेशक्रमेण[७]) श्रेष्ठ आचार्य के उपदेश के क्रम से (यथा[८]) यथार्थ (ज्ञानोत्पत्त्यनन्तरम्[९]) ज्ञान उत्पन्न होने के बाद (भगवदनुभवस्य[१०]) श्रीमन्नारायण भगवान के अनुभव का (विपरीतदेहसम्बन्धस्य[११]) विपरीत इस पाञ्चभौतिक शरीर का सम्बन्ध और (देशसम्बन्धस्य[१२]) इस देश का सम्बन्ध (देशिकसहवासस्य[१३]) तथा देश में होनेवाले स्त्री, पुत्र, भाई, माता-पिता, शिष्य आदिकों के साथ यहाँ वास करना (दुःसहत्वात्[१४]) दुःसह हो जाता है इससे (भगवदनुभवस्य[१५]) भगवान् के अनुभव करने के (एकान्तम्[१६]) केवल एव योग्य (विलक्षणम्[१७]) प्रकृति से विलक्षण (देहम्[१८]) शरीर और (देशम्[१९]) देश तथा (देशिकान्[२०]) देशिकों को (च[२१]) भी (प्राप्तुम्[२२]) प्राप्त करने के लिए (आशाधिक्येन[२३]) आशा की अधिकता होने से (श्रीवेंकटनायकस्य[२४]) श्रीवेंकटेश भगवान् (गर्भ-जन्म-जराधि-व्याधिमरणादिनिवर्त्तकत्वात्[२५]) हम सबों को गर्भ और जन्म तथा जरा और मन के दुःख तथा अनेक ज्वरादिक रोग और मरणादिक से छुड़ानेवाले हैं, इससे (श्री-

http://acharya.org

वेंकटनायक[२६]) हे श्री वेंकटेश भगवन् ! [गत्यन्तरशून्यः[२७]] आपके बिना दूसरी अन्य गति नहीं है [दासः[२८]] आपका दास [अहम्[२९]] मैं हूँ इससे [वेङ्कटाचलवासिने[३०]] श्रीवेंकटाद्रि पर निवास करनेवाले आपके लिए [नमः[३१]] मैं साष्टांग प्रणाम करता हूँ। प्रणाम का लक्षण लिखा है कि – उरसा शिरसा दृष्ट्या मनसा वचसा तथा। पद्भ्यां कराभ्यां जानुभ्यां प्रणामोऽष्टांग उच्यते ॥ उर से १, शिर से २, दृष्टि से ३, मन से ४, वचन से ५ और दोनों पैरों से ६, दोनों हाथों से ७ तथा दोनों जंघों से ८ जो प्रणाम किया जाता है उसको अष्टांग प्रणाम कहते हैं ॥ और भी लिखा है कि—अग्रे पृष्ठे वामभागे संमुखे गर्भमन्दिरे। जपहोमनमस्कारन्न कुर्यात्केशवालये ॥ केशव भगवान के मन्दिर के आगे-पीछे, वामभाग में सामने और मन्दिर के भीतर जप, होम और साष्टांग प्रणाम को नहीं करना चाहिए ॥ और भी लिखा है कि—वस्त्रप्रावृतदेहस्तु यो नरः प्रणमेत्त माम् स स्त्रीत्वं जायते मूर्खः सप्तजन्मनि भामिनि ॥ हे भामिनि ! जो पुरुष वस्त्र से शरीर को ढककर मुझको प्रणाम करता है वह मूर्ख मरने पर सात जन्म तक स्त्री होता है ॥ इससे वस्त्र से शरीर को ढाँककर कभी भी प्रणाम नहीं करना चाहिए। और भी लिखा है कि- नम इत्येव यो ब्रूयान्मद्भक्तः श्रद्धयान्वितः। तस्याक्षयं भवेल्लोकं श्वपचस्यापि नारद ॥ हे नारद! श्रद्धा से युक्त होकर के श्वपच भी मेरा भक्त यदि नमः ऐसा शब्द मुख से उच्चारण करता है तो उस श्वपच के लिए अक्षय लोक मिलता है ॥ श्री वेङ्कटेश भगवान् ही मेरा उपाय और उपेय हैं [इति[३२]] इस प्रकार

http://acharya.org

[पूर्णप्रपत्तिम्[33]] श्रीनारायण की पूर्णप्रपत्ति [कृत्वा[34]] करके [बहुदर्शयित्वा[35][ भक्तजन कहते हैं कि हे नाथ ! संसार के बहुत पदार्थों को दिखला करके [नाशयसि[36]] नाश करते हैं [एतत्[37]] मैं इस संसाररूप समुद्र के [तीरम्[38]] तीर पर [आरुह्य[39]] चढ़कर [श्रान्तः[40]] थक गया [अस्मि[41]] हूँ [प्राप्तुम्[42]] अब आप अपने पास प्राप्त करने के लिए [कृपाम्[43]] मेरे ऊपर कृपा [कुरु[44]] कीजिये [लक्ष्म्या[45]] श्रीलक्ष्मी देवी करके [शापितः[46][ शापित [असि[47]] आप हैं [अथ[48]] इसके बादअब [अहम्[49]] मैं[गन्तुम्[50]] आपके पास जाने के लिए [न[51]] नहीं [अनुजानामि[52]] जानता हूँ कि किस मार्ग से आपके पास पहुँचूँगा [इति[53]] इस प्रकार के क्या आप ही [प्रतिरुध्य[54]] मार्ग को रोक करके [अप्राप्तिः[55]] प्राप्त नहीं होने देते हैं, इसीको आर्त्तप्रपत्ति कहते हैं ॥ ३२ ।

मूल—दृष्तप्रपत्ति[1]र्नाम[2] शरीरान्तरप्राप्तौ[3] स्वर्गनरकानु-[4]भवेषु च[5] विरक्तिभीत्युत्पत्त्या[6] तन्निवृत्त्यर्थं[7] भगवत्प्राप्त्यर्थं[8] च[9] सदाचार्योपदेशक्रमेणोपायस्वीकारं[10] कृत्वा[11] विपरीतप्रवृत्ति-[12][13]निवृत्त्या वेदविहितवर्णाश्रमानुष्ठानं[14] भगवत्कैङ्कर्यं[15] च[16] वाचिकमानसकायिकै[17]र्यथाबलम्[18] अनुष्ठाय[19] ईश्वरस्य[20] शेषित्वनियम-[21]

http://acharya.org

न्तृत्वस्वामित्वशरीरित्वव्यापकत्वधारकत्वरक्षकत्वभोक्तृत्वस-
र्वज्ञत्वसर्वशक्तित्वसर्वसम्पूर्णत्वावाप्तसमस्तकामत्वरूपाकारान्
२२ २३
स्वस्य तच्छेषत्वनियाम्यत्वस्वत्व— शरीरत्व व्याप्यत्वधार्य-
२४ २५
त्वरक्ष्यत्वभोग्यत्वाज्ञत्वाशक्तत्वापूर्णत्वरूपाकारांश्चानुसंधाय
२६ २७ २८ २९ ३० ३१ ३२ ३३
निवर्तय दुःखं मा वा निवर्तकान्तरसद्भाववान् नास्मीति
३४ ३५ ३६ ३७ ३८ ०९
प्रकारेणोपायविषयसर्वभारांश्च तद्विषये न्यस्य निर्भरस्तया
४० ४१
वर्त्तेत इति ॥ ३३ ॥

टीका—[दृप्तप्रपत्तिः[१]] दृप्तप्रपत्ति [नाम[२]] किसको कहते हैं कि [शरीरान्तरप्राप्तौ[३]] मनुष्य के शरीर से अन्य देवता का शरीर या पशु-पक्षी आदिक का शरीर प्राप्त होने पर [स्वर्गनरकानुभवेषु[४]] देवता का शरीर धारण करके स्वर्गलोक के अनुभव करने पर, यहाँ पर कई एक मनुष्यों का कथन है कि प्रसिद्ध मनुष्य को ही देवता कहते हैं, इससे देवयोनि मनुष्य से पृथक् नहीं माननी चाहिये। इसका उत्तर यह है कि मनु ने सृष्टिक्रम में मनुष्यों से भिन्न देवता माना है। मनुस्मृति में लिखा है कि—कर्मात्मनां च देवानां सोऽसृजत्प्राणिनां प्रभुः ॥ मनु० अ० १ श्लो० २२ ॥ उस प्राणियों के प्रभु ने कर्मात्मा इन्द्रादि देवों को बनाया ॥ २२ ॥ और व्याकरण में लिखा है कि—सूर्याद्देवतायां चाब्वाच्यः ॥ वार्तिक ॥ सूर्यस्य स्त्री

http://acharya.org

देवता सूर्या ॥ देवता जाति में उत्पन्न हुई जो सूर्य की स्त्री है उसके लिये आप् प्रत्यय होता है जैसे कि सूर्या ऐसा स्त्री प्रत्यान्त पद होता है। और जहाँ पर सूर्य की स्त्री मनुष्य जाति में पैदा हुई रहती है वहाँ पर सूरी ऐसा पद स्त्री प्रत्यय में होता है। इससे सिद्ध होता है कि मनुष्य जाति से भिन्न देवजाति है। और यजुर्वेद में लिखा है कि—अग्निर्देवता वातो देवता सूर्यो देवता चन्द्रमा देवता वसवो देवता रुद्रा देवतादित्या देवता मरुतो देवता विश्वेदेवा देवता बृहस्पतिर्देवतेन्द्रो देवता वरुणो देवता ॥ यजु० अ० १४ मं० २० ॥ एक अग्नि देवता, एक वायु देवता, एक सूर्य देवता, एक चन्द्रमा देवता, आठ वसु देवता, ग्यारह रुद्रदेवता बारह आदित्य देवता, उनचास मरुत्देवता, तेरह विश्वेदेव देवता, एक बृहस्पति देवता, एक इन्द्र देवता, एक वरुण देवता ॥ २० ॥ और भी लिखा है कि—त्रीणि शता त्रीणि सहस्राण्यग्निंत्रिंशच्च देवानवचासपर्यन्। औक्षन्घृतैरस्तृणन्बर्हिरस्मा आदिद्धोतारन्न्यसादयन्त ॥ यजु० अ० ३३ म० ७ ॥ तीन हजार तीन सौ तीस देवता अग्नि की परिचर्या करते हैं। उन्होंने घृत से अग्नि को सींचा और इस अग्नि के लिए कुशा का आच्छादन करते हुए होता को होतृकर्म में नियुक्त किया ॥ ७ ॥ और भी लिखा है कि—पत्नीवतस्त्रिंशतं त्रींश्च देवान् ॥ अथर्व० कां० ३ अ ६ मं० ९ ॥ पत्नीवाले तीस और तीन देवता हैं ॥ ९ ॥ और भी लिखा है कि——दिवि देवा दिवि श्रिताः ॥ अथर्व० ११ अ० ४ म० ७ मं २३ ॥ विविश्रित देवता स्वर्ग में रहते हैं ॥ २२ ॥ इन पूर्वोक्त प्रमाणों से स्पष्ट

http://acharya.org

साबित होता है कि मनुष्य योनि से अलग देवयोनि चेतन स्वर्ग-लोक में है और स्वर्ग के बिषय में भगवद्गीता में लिखा है कि—त्रविद्या मां सोमपाः पूतपापा यज्ञैरिष्टवा स्वर्गतिं प्रार्थयन्ते। ते पुण्यमासाद्य सुरेन्द्रलोकमश्नन्ति दिव्यान्दिवि देवभोगान् ॥ गी० अ० ९ श्लो० २० ॥ ते त भुक्त्वा स्वर्गलोकं विशालं क्षीणे पुण्ये मर्त्यलोकं विशन्ति। एवं त्रय धर्ममनुप्रपन्ना गतागतं कामकामा लभन्ते ॥गी० अ० ९ श्लो० २१ ॥ ऋग्यजुः सामवेदों में कहे हुए कर्म परायण पुरुष अग्निष्टोम आदि यज्ञों के द्वारा मुझको पूजकर यज्ञ-शेष सोम को पीनेवाले जिनके पाप छूट गये हैं ऐसे ऐसे स्वर्ग में जाने की प्रार्थना करते हैं, वे साधक पुण्य फल रूप देवेन्द्र के लोक को पाकर दिव्य देवताओं के भोग को भोगते हैं ॥ २० ॥ वे सकाम पुरुष उस बड़े भारी स्वर्गलोक को भोगकर पुण्यफल के न्यून हो जाने पर इस पृथ्वी पर आ जाते हैं। इस प्रकार तीनों वेदों से बताए हुए काम्य कर्म का आग्रह के साथ करते हुए भोगों को चाहनेवाले पुरुष आवागमन को पाते हैं ॥ २१ ॥ इस पूर्वोक्त स्वर्ग का अनुभव करने पर [च४] और बुरा कम करके नरक का अनुभव करके। नरक इक्कीस हैं यह मनुस्मृति में लिखा है कि—सपर्यायेण यातीमान्नर-कानेकविंशतिम् ॥ मनु० अ० ४ श्लो० ८७ ॥ वह पापात्मा क्रम से इन इक्कीस नरकों को प्राप्त करता है ॥ ८७ ॥ उन सब नरकों का नाम भी वहाँ ही लिखा हुआ है कि - तामिस्रमन्धतामिस्रं महारौ-रवरौरवौ। नरकं कालसूत्रं च महानरकमेव च ॥ मनु० अ० ४ श्लो० ८८ ॥ सञ्जीवनं महावीचिं तपनं संप्रतापनम्। संहातं च

http://acharya.org

सकाकोलं कुड्मलं प्रतिमूर्तिकम् ॥८६॥ लोहशंकुमृजाषं च पन्थानं शाल्मली नदीम् । असिपत्रवनं चैव लोहकारकमेव च ॥६०॥ तामिस्र १, अन्धतामिस्र २, महारौरव ३, रौरव ४, नरक ५, कालसूत्र ६, और महानरक ७ ॥ ८८ ॥ सञ्जीवन ८, महावीचि ६, तपन १०, संप्रतापन ११, सहात १२ और सकाकोल १३, कुड्मल १४ प्रतिमूर्तिक १५ ॥ ८६ ॥ लोहशंकु १६, ऋजीषपन्था १७, शाल्मली १८, नदी १६ असिपत्रवन २० और लोहकारक २१ ये इक्कीस नरक हैं ॥ ६० ॥ इन सब नरकों का अनुभव करने पर (विरक्तिभीत्युत्पत्त्या[६]) स्वर्ग के सुख भोगने में वैराग्य और नरक के दुःख भोगने में डर उत्पन्न होने से [तन्निवृत्यर्थम्[७]] उस भय को दूर करने के लिए तथा [भगवत्प्राप्त्यर्थम्[८]] श्रीमन्नारायण भगवान् की प्राप्ति के वास्ते [च[९]] भी [सदाचार्योपदेशक्रमेण[१०]] श्रेष्ठ आचार्य के क्रम से [उपाय स्वीकारम्[११]] भगवत्प्राप्ति के उपाय स्वीकार [कृत्वा[१२]] करके [विपरीतप्रवृत्तिनिवृताः[१३]] जिन कर्मों के करने से श्रीमन्नारायण भगवान को याद करना भूल जाता है उन बुरे विपरीत कर्मों की प्रवृत्ति से निवृत्त पुरुष [वेदविहितवर्णाश्रमनुष्ठानम्[१४]] वेद में कहे हुए ब्राह्मण १ क्षत्रिय २, वैश्य ३ और शूद्र ४ इन चारों वर्णों के और ब्रह्मचर्य १, गृहस्थ २, वानप्रस्थ ३ और संन्यास ४ इन चारों आश्रमो के जो कर्म हैं उनमें से अपने वर्ण और आश्रम के अनुसार कर्म के अनुष्ठान और [भगवत्कैंकर्यम्[१५]] भगवान् के कैंकर्य को [च[१६]] भी [वाचिकमानसकायिकैः[१७]] वाणी, मन और शरीर से [यथाबलम्[१८]] यथाशक्ति [अनुष्ठाय[१९]] करके। यहाँ बहुत से

http://acharya.org

लोग वेद के विषय में कहते हैं कि केवल मन्त्र भाग को वेद कहते हैं। यह कथन ठीक नहीं है क्योंकि महर्षियों ने मन्त्र ब्राह्मण इन दोनों भागों को वेद माना है। देखिये लिखा है कि- तच्चोदकेषु मंत्राख्यापूर्वमीमां० अ० २ पा० १ सू० ३२। प्रेरणालक्षण श्रुति को मंत्र कहते हैं ३२॥ शेषे ब्राह्मणशब्दः॥ पूर्वमीमां० अ०२ पा० १ सू० ३३॥ मंत्र से शेष जो वेद है वह ब्राह्मण शब्द से कहा जाता है॥ ३३॥ और महर्षि बोधायन भी कहते हैं कि—मन्त्रब्राह्मणमित्याहुः॥ बोधायन सूत्र०॥ मन्त्र और ब्राह्मण इन दोनों को वेद कहते हैं॥ और महर्षि कात्यायन और आपस्तम्ब ने भी कहा है कि—मन्त्र ब्राह्मणयोर्वेदनामधेयम्॥ मन्त्र और ब्राह्मण इन दोनों का वेद नाम है और मनुस्मृति में लिखा है कि - उदितेऽनुदिते चैव समयाध्युषिते तथा सर्वथा वर्तते यज्ञ इतीयं वैदिकी श्रुतिः॥ मनु० अ० २ श्लो० १५॥ वेद में वचन मिलता है कि सूर्य के उदयकाल में हवन करना चाहिए और अनुदय काल में हवन करना चाहिए तथा सूर्य और नक्षत्र के अदृश्यकाल में भी हवन करना चाहिये॥ १५॥ यहाँ पर 'उदिते जुहोति" "अनुदिते जुहोति" ये सब श्रुतियां ब्राह्मण भाग की हैं और मनुजी ने इन सबों को वैदिक श्रुति कहा है। इन पूर्वोक्त प्रमाणों से स्पष्ट ब्राह्मण भाग भी वेद साबित होता है। जिस वेद से विहित जो भगवत्कैंकर्य है उसको अपनी शक्ति के मुताबिक मन, वाणी और शरीर से करके (ईश्वरस्य१०) परमेश्वर श्रीमन्नारायण देव के (शेषित्वनियन्तृत्व—स्वामित्व—शरीरित्व—व्यापकत्व—धारकत्व—भोक्तृत्व—सर्वज्ञत्व—सर्वशक्तित्व—सर्व

http://acharya.org

सम्पूर्णत्वावाप्तसमस्तकामत्वरूपाकारान्[२१]) शेषित्व तथा नियन्तृत्व और स्वामित्व तथा शरीरित्व और व्यापकत्व तथा धारकत्व और रक्षकत्व तथा भोक्तृत्व और सर्वज्ञत्व तथा सर्वशक्तित्व और सर्व-सम्पूर्णत्व तथा अवाप्तसमस्तकामत्व रूप आकारों को और (स्वस्य[२२]) अपनी जीवात्मा के (तच्छेषत्वनियाम्यत्वशरीरत्वव्याप्यत्व--धार्यत्व--रक्ष्यत्व--भोग्यत्वाज्ञत्वाशक्तत्वापूर्णत्वरूपाकारान्[२३]) श्रीमन्नारायण का केवल शेषत्व नियाम्यत्व स्वत्व शरीरत्व व्याप्य-धार्यत्व रक्ष्यत्व भोग्यत्व अज्ञत्व अशक्तत्व अपूर्णत्व रूप आकारों को (च[२४]) भी (अनुसन्धाय[२५]) विचार करके। अर्थात् दृप्तप्रपत्ति करनेवाला यह समझता है कि नारायण ही शेषी हैं, मुझको अपने नियमों में चलाते हैं, वे व्यापक हैं, मुझको धारण करनेवाले हैं, रक्षा करनेवाले हैं, भोगनेवाले हैं, सबको जाननेवाले हैं, उनमें सब प्रकार की शक्ति है, सब तरह से पूर्ण हैं, उनको सब प्रकार के काम प्राप्त हैं और मैं नारायण का शेष अङ्ग हूँ, उनके नियमों में चलता हूँ, उनका हूँ, उनके शरीर की तरह उनके अधीन हूँ, उनके स्वरूप के एक देश में रहता हूँ, उनके धारण करने योग्य हूँ और रक्षा करने लायक हूँ, उनके भोगने के लायक हूँ और मैं कुछ नहीं जानता हूँ, किसी काम को करने के लिए समर्थ नहीं हूँ, सब प्रकार के गुणों से रहित हूँ, मेरे पास ऐसी कोई चीज नहीं कि जिससे श्रीमन्नारायण की सेवा कर सकूँ। (निवर्तय[२६]) हे नाथ! आप दूर करें (दुःखम्[२७]) दुःख को (मा[२८]) नहीं (वा[२९]) या करें (निर्हेतुकदयाद्वारान्[३०]) परन्तु और किसी दूसरे को अपना

दुःख दूर करनेवाला (न[३१]) नहीं (अस्मि[३२]) मैं समझता हूँ (इति[३३]) इस (प्रकारेण[३४]) प्रकार से (उपायविषयसर्वभारान्[३५]) समस्त उपाय विषय के भरोसों को (च[३६]) भी (तद्विषये[३७]) श्रीमन्नारायण के विषय में (न्यस्य[३८]) समर्पण करके, यह भगवद्-गीता में भी लिखा है कि—यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत्। यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम्॥ गी० अ० ९ श्लो० २७॥ हे कुन्तीपुत्र! जो कुछ तुम करो, जो भोजन करो, जो हवन करो, जो दान दो और जो तप करो—इन सबो को मेरे में अर्पण कर दो ॥ २७॥ इस नियमानुसार सम्पूर्ण उपायों को नारायण में अर्पण करके (निर्भयतया[३९]) निर्भय होकर (वर्तते[४०]) रहता है (इति[४१]) इसी को प्रपत्ति कहते हैं॥ ३३॥

१ २ ३ ४ ५
मूल—आचार्याभिमानो नाम एतेष्वेकस्मिन्नपि

६ ७ ८ ९ १० ११ १२
शक्तिरहितं कञ्चन तस्य च्युतिमेतस्य प्राप्तावीश्वरस्य

१३ १४ १५ १६ १७ १८
जायमानां प्रीतिं चानुसन्धाय स्तनन्धयप्रजाया व्याधौ

१९ २० २१ २२ २३ २४ २५ २६
सति तं स्वदोषत्वेनानुसन्धाय स्वयमौषधसेवाकर्त्री मातेव

२७ २८ २९ ३० ३१ ३२ ३३
एतस्मिन् निमित्तं स्वयमेवोपायानुष्ठानं कृत्वा रक्षितुं

http://acharya.org

शक्तस्य[३४] परमदयालोः[३५] महाभागवतस्य[३६] अभिमाने[३७]ऽन्तर्भूय[३८] उचितोपायं[३९] ज्ञापयति[४०] चेत्[४१] तं[४२] पश्याम[४३] इत्युक्त[४४]प्रकारेण[४५] सकल[४६]-प्रवृत्तिनिवृत्तीनां तदाधीन्यापादनम्[४७] भगवतः[४८] स्वयं[४९] प्राप्य[५०]-त्वेऽपि[५१] सकलदेवतान्तर्यामित्वेन[५२] प्राप्यत्ववत्[५३] अस्य[५४] आचार्या[५५]-भिमानस्य[५६] स्वातंत्र्येणोपायत्वे[५७]ऽप्ययं[५८ १५] सर्वेषामुपायानां[६० ६१] सहकारी[६२] स्वतंत्रश्च[६३ ६४] भवति[१५] ॥ ३४ ॥

टीका—(आचार्याभिमानः[१]) आचार्याभिमान (नाम[२]) किसको कहते हैं कि (एतेषु[३]) ये जो कर्म, ज्ञान, भक्ति-प्रपत्ति उपाय हैं—इन सबों में (एकस्मिन्[४]) एक उपाय को (अपि[५]) भी करने के (शक्तिरहितम्[६]) सामर्थ्यरहित (कञ्चन[७]) किसी (तस्य[८]) उस जीव के (च्युतिम्[९]) नाश को और (एतस्य[१०]) इस जीव के (प्राप्तौ[११]) प्राप्त करने पर (ईश्वरस्य[१२]) ईश्वर के (जायमानाम्[१३]) उत्पन्न (प्रीतिम्[१४]) प्रीति को (च[१५]) भी (अनुसन्धाय[१६]) अनुसन्धान करके (स्तनन्धयप्रजायाः[१७]) स्तन के दूध पीनेवाले बालक के शरीर में (व्याधौ[१८]) रोग (सति[१९]) होने पर (तम्[२०])

http://acharya.org

उस रोग को [स्वदोषत्वेन[२१]] अपने दोष से उत्पन्न [अनुसंधाय[२२]] समझ करके [स्वयम् ] अपने [औषधसेवाकर्त्री[२४]] औषधि खाने वाली [माता[२५]] माता के [इव[२६]] समान [एतस्मिन्निमित्तम्[२७]] जो अपने सरल स्वभाव से आचार्य की सेवा करता है और कोई उपाय अपने उद्धार करने का मन में नहीं समझता है उस जीव के लिए [स्वयम्[२८]] अपने ही आचार्य [एव[३०]] निश्चय करके [उपानुष्ठानम्[३१]] शिष्य के दोष को दूर करने के लिए उपायों के अनुष्ठान को [कृत्वा[३२]] करके [रक्षितुम्[३३]] दीन भक्त जीवों की रक्षा करने के लिए (शक्तस्य[३४]) समर्थ (परमदयालोः[३५]) परम दयालु और (महाभागवतस्य[३६]) परम भागवत आचार्य के (अभिमाने[३७]) अभिमान में (अन्तर्भूय[३८]) होकर के (उचितोपायम्[३९]) रहे तब शिष्य के लिए भगवत् प्राप्ति के योग्य उपाय को (ज्ञापयति[४०]) आचार्य उपदेश करते हैं (चेत्[४१]) तो (तं[४२]) उस सदुपदेश को (पश्यामः[४३]) हम सब साक्षात्कार करते रहते हैं (इति[४४]) इस (उक्तप्रकारेण[४५]) उक्त प्रकार के (सकलप्रवृत्तिनिवृत्तीनाम्[४६]) समस्त अपनी प्रवृत्ति और निवृत्ति को (तदाधीन्यापादनम्[४७]) आचार्यों के अधीन सर्वदा आपादन करना (भगवतः[४८]) भगवान् को (स्वयम्[४९]) आप ही (प्राप्यत्वे[५०]) प्राप्यफलस्वरूप होने पर (अपि[५१]) भी (सकलदेवतान्तर्यामित्वेन[५२]) सब ब्रह्मादिक देवताओं के अन्तर्यामी भीतर विराजमान होने से (प्राप्यत्ववत्[५३]) प्राप्य फलस्वरूप श्रीमन्नारायण भगवान् के समान आचार्याभिमान है (अस्य[५४]) यह (आचार्याभिमानस्य[५५]) आचार्याभिमान ईश्वर की

http://acharya.org

प्राप्ति में (स्वातन्त्र्येण[५६]) स्वतन्त्र खास करके (उपायत्वे[५७]) उपाय होने पर (अपि[५८]) भी (अयम्[५९]) यह आचार्याभिमान रूप उपाय (सर्वेषाम्[६०]) सब कर्म ज्ञान भक्ति प्रपत्तिरूप (उपायानाम्[६१]) भगवान् की प्राप्ति के उपायों का (सहकारी[६२]) सहायक है और (स्वतन्त्रः[६३]) स्वतन्त्र (च[६४]) भी (भवति[६५]) हैं। अर्थात् आचर्याभिमानरूप उपाय कर्म ज्ञान भक्ति प्रपत्ति रूप उपायों की सहायता नहीं चाहता है, इससे यह सब उपायों से श्रेष्ठ है। इसीको आचार्याभिमान कहते हैं। इस प्रकार के पूर्वोक्त प्रमाणों से उपायस्वरूप के जो कर्म १, ज्ञान २, भक्ति ३, प्रपत्ति ४ और आचार्याभिमान ५ ये पांच प्रकार के भेद हैं इन सबों के लक्षण स्वरूप संक्षेप से निरूपण किये गये ॥ ३४ ॥

मूल—( विरोधिवर्गे[१] ) विरोधी स्वरूपविरोधी[२] नाम[३] देहात्माभिमानम्[४] अन्यशेषत्वं[५] स्वस्वातंत्र्यं[६] च[७] ॥ ३५ ॥

टीका—(विरोधिवर्गे[१]) विरोधीस्वरूप जो स्वस्वरूपविरोधी १, परस्वरूपविरोधी २, पुरुषार्थस्वरूपविरोधी ३, उपायस्वरूपविरोधी ४, और प्राप्तिविरोधी ५ ये पांच प्रकार के कहे हैं उन विरोधी वर्गों में (स्वरूपविरोधी[२]) स्वरूपविरोधी (नाम[३]) किसको कहते हैं कि (देहात्माभिमानम्[४]) अपने शरीर को ही आत्मा समझ लेना अथवा (अन्यशेषत्वम्[५]) श्रीमन्नारायण को छोड़कर किसी और

http://acharya.org

का ही दास बन जाना या (स्वस्वातन्त्र्यम्[६]) अपने को स्वतन्त्र (च[७]) भी समझ लेना —इसको स्वरूपविरोधी कहते हैं ॥ ३५ ॥

मूल—परत्वविरोधी[१] नाम[२] देवतान्तरेषु[३] परत्वप्रतिपत्तिः[४] समत्वप्रतिपत्तिः[५] क्षुद्रदेवताविषयेषु[६] शक्तियोगप्रतिपत्तिः[७] अवतारेषु[८] मनुष्यत्वप्रतिपत्तिः[९] अर्चावतारेष्वशक्ति[१०]-योगप्रतिपत्तिश्च[११][१२] ॥ ३६ ॥

टोका—(परत्वविरोधी[१]) परस्वरूप विरोधी (नाम[२]) किसको कहते हैं कि (देवतान्तरेषु) श्रीमन्नारायण को छोड़कर अन्य किन्हीं देवताओं को (परत्वप्रतिपत्तिः[४]) परमेश्वर मान लेना अथवा (समत्वप्रतिपत्तिः[५]) और ब्रह्मादिक देवताओं के बराबर ही श्रीमन्नारायण को समझ लेना या (क्षुद्रदेवताविषयेषु[६]) छोटे-छोटे देवताओं के विषय में (शक्तियोगप्रतिपत्तिः[७]) अपने उद्धार करने की शक्ति मान लेना अथवा (अवतारेषु[८]) श्रीरामचन्द्र, श्रीकृष्णचन्द्र आदिक अवतारों को (मनुष्यप्रपत्तिः[९]) मनुष्य समझ लेना और (अर्चावतारेषु[१०]) प्रतिष्ठा की हुई श्रीमन्नारायण की मूर्ति में (अशक्तियोगप्रतिपत्तिः[११]) कुछ शक्ति नहीं है ऐसा (च[१२]) भी मान लेना—इसको परस्वरूपविरोधी कहते हैं ॥३६ ॥

मूल—पुरुषार्थविरोधी[१] नाम[२] पुरुषार्थान्तरेष्विच्छा[३][४]

५ ६ ७
**स्वाभिमतभगवत्कैङ्कर्येष्वनिच्छा च ॥ ३७ ॥**

टीका—(पुरुषार्थविरोधी[१]) पुरुषार्थविरोधो (नाम[२]) किसको कहते हैं कि (पुरुषार्थान्तरेषु[३]) श्रीमन्नारायण के चरणारविन्दों की सेवा को छोड़ करके अन्य पदार्थों की (इच्छा[४]) इच्छा करना और (स्वाभिमतभगवत्कैङ्कर्येषु[५]) अपने परम प्रिय श्रीमन्नारायण भगवान् के चरणारविन्दों की सेवा को (अनिच्छा[६], इच्छा नहीं (च[७]) भी करना—इसको पुरुषार्थस्वरूपविरोधी कहते हैं ॥ ३७ ॥

१ २ ४
**मूल—उपायविरोधी नाम उपायान्तरेषु वैलक्षण्य-**
५ ६ ७ ८ ९
**प्रतिपत्तिः उपायलाघवमुपेयगौरवं विरोधी बाहुल्यं च ॥३८॥**

टीका—(उपायविरोधी[१]) उपायस्वरूपविरोधी (नाम[२]) किसको कहते हैं कि (उपायान्तरेषु[३]) श्रीमन्नारायण की प्राप्ति के लिए शास्त्र में कहे हुए कर्म-ज्ञान, भक्तिप्रतिपत्ति, आचार्याभिमान-रूप उपायों को छोड़कर अन्य उपायों को (वैलक्षण्यप्रतिपत्तिः[४]) विलक्षण एवं अच्छा समझ लेना और (उपायलाघवम्[५]) कर्म-ज्ञान-भक्तिप्रतिपत्ति आचार्याभिमानरूप भगवत्प्राप्ति के उपायों को छोटा समझ लेना या (उपेयगौरवम्[६]) उपेय श्रीमन्नारायण का मिलना कठिन समझ लेना और (विरोधी[७]) श्रीमन्नारायण की प्राप्ति के विरोधी (बाहुल्यम्[८]) बहुत से (च) भी हैं ऐसा समझ लेना—इसको उपायस्वरूपविरोधी कहते हैं ॥ ३८ ॥

http://acharya.org

१ २ ३
मूल – प्राप्तविरोधी नाम प्रारब्धशरीरसम्बन्धः अनु-तापशून्यगुरुस्थिरभगवदपचारभागवतापचारासह्यापचारप्रभृतयः सर्वे विरोधिन इत्युच्यन्ते ॥ ३६ ॥
४ ५ ६ ७ ८

टीका—(प्राप्तविरोधी[१]) श्रीमन्नारायण का प्राप्तविरोधी (नाम[२]) किसको कहते हैं कि (प्रारब्धशरीरसम्बन्धः[३]) अपने शरीर के सम्बन्ध से बड़ा भारी अपराध करने पर भी (अनुतापशून्यगुरुस्थिरभगवदपचारभागवतापचरासह्यापचारप्रभृतयः[४]) हाय ! मैंने बड़ा भारी स्थिर अपराध किया—इस प्रकार से अपने मन में पछतावा नहीं करना और भगवत् का अपचार करना तथा भागवत का अपचार करना और असह्यापचार करना तथा प्रभृति इस पद से अकृत्य-करण आदिक जो अपराध हैं– इन सब अपचारों का निरूपण, श्रीवचनभूषण में लिखा है कि—भगवदपचारो नाम देवतान्तरैस्तुल्यतयेश्वरचिन्तनं रामकृष्णाद्यवतारेषु मनुष्यसजातीयत्वबुद्धिः वर्णाश्रमविपरीतोपचारः अर्चावतार - उपादाननिरूपणम् आत्मापहारः भगवदद्रव्यापहार एतत्प्रभृतिः ॥ श्रीवचनभूषण सू० ३२२ ॥ भगवद्द्रव्यस्य स्वयमपहारोऽपहर्तॄणां सहकारित्व तेभ्यो याचितमयाचितं वा परिग्रहश्च भगवतोऽनिष्टः ॥ ३२३ ॥ भगवत् अपचार इसको कहते हैं कि अन्य ब्रह्मादिक देवताओं के तुल्य ईश्वर को चिन्तन करना तथा श्रीराम, श्रीकृष्ण आदिक अवतारों में मनुष्य के समान जाति समझना तथा अपने वर्ण और आश्रम से

http://acharya.org

विरुद्ध आचरण करना तथा अर्चावतार के उपादान का निरूपण करना, अर्थात् यह मूर्ति पत्थर है लोहा, पीतल, तांबा, चांदी सोना मणि या मिट्टी है इत्यादिक कहना तथा मूर्ति को चुरा लेना और भगवान् के द्रव्य को ले लेना इत्यादिक ।। ३२२ ।। और भगवान् के द्रव्य को स्वयं चुराना या चुरानेवाले का साथ देना तथा माँगकर या बिना माँगे हुए कुछ उन सबों से ले लेना—ये सब भगवत् के अनिष्ट हैं, अर्थात् ये सब भगवदपचार हैं ।। ३२३ ।। और भी लिखा है कि– यानैर्वा पादुकैर्वापि गमनं भगवद्गृहे । दीपोत्सवे बाद्यसेवा अप्रशस्ता मदग्रतः ।। उच्छिष्टे चैकवासे च भगवद्वन्दनादिकम् । एकहस्तप्रणामं च यत्सुप्तेऽस्मिन् प्रदक्षिणम् ।। यत्पुरो दण्डपातश्च यच्च ताम्बूलमग्रतः । पादप्रसारणं चाग्रे तथा पर्यङ्कवन्दनम् ।। शयनं भक्षणं चैव मिथ्याभाषणमेव च । उच्चैर्भाषा मिथो जल्पो रोदनं चैव विग्रहः ।। निग्रहोऽनुग्रहश्चैव मिष्टञ्च क्रूरभाषणम् । पृष्ठे कृत्वासनं चैव परेषामभिवादनम् । गुरोर्मौनं निजस्तोत्रं देवब्राह्मणनिन्दनम् । कम्बलावरणं चैव परनिन्दा परस्तुतिः ।। अश्लीलभाषणं चैव अधोवायुविमोचनम् । तत्तत्कालोद्भवानाञ्चफलादीनामनर्पणम् । अपराधा इमेविष्णोर्द्वात्रिंशत्परिकीर्तिताः । यत्नतो वर्जनीयास्ते विष्णुपूजनतत्परैः ।। भगवान् के मन्दिर में विमान से या खड़ाउँ पहनकर जाना और दीप के उत्सव में बाजा बजाना भगवान् के सामने ठीक नहीं है । और जूठा मुँह तथा एक वस्त्र धारण करके भगवान् को वन्दनादिक और एक हाथ से प्रणाम करना तथा भगवत् के शयन करने पर प्रदक्षिणा

http://acharya.org

करना और भगवान् के सामने लाठी को गिराना तथा आगे पान खाना और भगवान् के सामने पैर फैलाना तथा पलङ्ग से वन्दना करना और भगवान् के सामने शयन करना, भोजन करना तथा झूठ बोलना और कोलाहल करना तथा आपस में बात करना, रोना और विग्रह करना तथा निग्रह करना और अनुग्रह करना तथा मिष्ट और क्रूर भाषण करना और भगवान् को पीछे करके बैठना तथा भगवान् के सामने किसी दूसरे की स्तुति करना और श्रीगुरुजी के बुलाने पर नहीं बोलना तथा अपनी स्तुति करना और देवता तथा ब्राह्मण की निन्दा करना तथा कम्बल से पर्दा करना और दूसरे किसी की निन्दा या स्तुति करना और भगवान् के सामने अश्लील भाषण करना तथा गुदा-मार्ग से वायु विमोचन करना और तत्तत् समय में होने वाले फल आदिक को श्रीमन्नारायण के लिए समर्पण नहीं करना-श्रीविष्णु भगवान् के ये बत्तीस अपराध कहे गये हैं। श्री विष्णु भगवान् की पूजा में तत्पर मनुष्य इन अपराधों का परित्याग कर दे।। इसीको भगवदपचार कहते हैं और -- भागवतापचारो नामाहंकारार्थकामहेतुना श्रीवैष्णवेषु क्रियमाणो विरोधः ।। श्रीवचनभूषण सू० ३२४ ।। भागवतापचार इसको कहते हैं कि अहंकार से अर्थ और काम के लिए श्रीवैष्णवों से विरोध करना ।। ३२४ ।। भागवतापचारोऽनेकविधः ।। श्रीवचनभूषण सू० २१० ।। तत्रैकं तेषु जन्मनिरूपणम् ।। २११ ।। इदं चार्चावतारे उपादानस्मृतेरपि क्रूरम् ।। २१२ ।। तन्मातृयोनिपरीक्षया सममिति शास्त्रं वदति ।। २१३ ।। त्रिशंकुवत्कर्मचाण्डालो भवेत्

http://acharya.org

वक्षसि यज्ञोपवीतमेव चर्मरज्जुर्भवेत् ॥ २१४ ॥ जातिचाण्डालस्य कालान्तरे भागवतो भवितुं योग्यतास्ति सापिनास्त्यस्य आरूढ-पतितत्वात् ॥ २१५ ॥ भागवतापचार अनेक प्रकार के होते हैं ॥ २१० ॥ उन सम्पूर्ण अपराधों में यह एक प्रधान है कि श्रीवैष्णवों का जन्म निरूपण करना ॥ २११ ॥ यह अपराध अर्चावतार के उपादान स्मरण से भी अत्यन्त क्रूर है ॥ २१२ ॥ महाभागवतों का जन्म निरूपण करना अपनी माता की योनि की परीक्षा के समान है ऐसा शास्त्र कहता है ॥ २१३ ॥ भागवतों का जन्म निरुपण करने वाला त्रिशंकु के समान कर्मचाण्डाल हो जाता है और उसके वक्ष-स्थल का यज्ञोपवीत भी चाम की रस्सी के समान हो जाता है ॥ २१४ ॥ चाण्डाल जाति का दूसरे काल में भागवत होने की योग्यता

परन्तु श्रीवैष्णव के जन्म निरूपण करने वालों को कभी भाग-वत होने की योग्यता नहीं है, क्योंकि वह आरूढपतित है ॥ २१५॥ यहाँ भागवत् के विषय में कुछ लोग यह कहते हैं कि अत्रिस्मृति में यह लिखा है कि —वेदैर्विहीनाश्च पठन्ति शास्त्रं शास्त्रेण हीनाश्च पुराणपाठाः। पुराणहीनाः कृषिणो भवन्ति भ्रष्टास्ततो भागवता भव-न्ति ॥ वेद से विहीन शास्त्र को पढ़ते हैं और शास्त्र से रहित पुराण का पाठ करते हैं और जो पुराण से रहित हैं वे खेती करते हैं तथा जो खेती करने वालों से भी पतित होते हैं वे भागवत होते हैं। इससे पतित लोग भागवत होते हैं। इसका उत्तर यह है कि इस श्लोक में जो खेती करनेवालों से भ्रष्ट भागवत बताया गया है वह उन लोगों को कहा है कि जो निकम्मे या पाखण्डी लोग शिर में

http://acharya.org

अन्य जानवरों के बाल जोड़कर बड़ी-बड़ी जटा बनाते हैं और शरीर में राख लगा करके हाथ में चिमटा, कमण्डल रखते हैं, केवल दुनिया से पुजवाने के लिए और अपने को भगवत् का उपासक भागवत कहते हैं। जो पराशरीय धर्मशास्त्र के उत्तर खंड दसवें अध्याय के नौवें श्लोक में लिखा है कि—अर्थपञ्चक के जाननेवाले तथा पञ्चसंस्कार से संस्कृत और तीन आकारों से जो युक्त हो उसको भागवत कहते हैं॥ इस लक्षणवाले भागवत का तो उस श्लोक में नहीं वर्णन है क्योंकि इस लक्षण वाला भागवत तो ब्रह्मादिक देवताओं से भी श्रेष्ठ है। यह श्रीमद्भागवत में लिखा है कि -स्वधर्मनिष्ठः शतजन्मभिः पुमान्विरञ्चितामेति ततः परं हि माम्। अव्याकृतं भागवतोऽथ वैष्णवं परं पदं यद्विबुधाः कलात्यये॥ श्रीमद्भा० स्कं० ४ अ० २४ श्लो० २६॥ शिवजी ने कहा है कि अपने धर्म में निष्ठ पुरुष सौ जन्म तक ब्रह्मा के भाव को प्राप्त करता है, इसके बाद निश्चय करके वह पुरुष मुझको प्राप्त करता है, इसके बाद वह भागवत होता है और भागवत होकर विकाररहित श्री विष्णु के परम पद को प्राप्त होता है जिस पद को कला के नष्ट होने पर देवता सब प्राप्त करते हैं॥ २६॥ और भी वहाँ ही शिवजी कहते हैं कि—न मे भागवतानां च प्रेयानन्योऽस्ति कर्हिचित्॥ श्रीमद्भा० स्कं० ४ अ० २४ श्लो० ३०॥ भागवत और भगवान् से अन्य कोई भी कभी अतिशय प्रिय मुझे नहीं है॥ ३०॥ और भी लिखा है कि —सहस्रवार्षिकी पूजा विष्णोर्भगवतोद्विजाः। सकृद्भागवताचार्याः कलां नार्हति षोडशीम्॥ पराश० उत्तर खं०

http://acharya.org

अ० १० श्लो० ४ ।। हे ब्राह्मणों ! श्रीविष्णु भगवान् के हजार वर्ष की पूजा एक बार भागवतों की पूजा की सोलहवीं कला के बराबर भी नहीं होती है ।। ४ ।। और भी लिखा है कि—महाभागवता यत्र वसन्ति विमलाः शुभाः । तद्भूमिर्मङ्गला प्रोक्ता यथा विष्णुपदं म् ।। परा० उत्तर अ० १० श्लो० १० ।। जहाँ पर विमल शुभ महाभागवत रहते हैं वह भूमि मंगलरूपा है जैसे श्रीविष्णु भगवान् का पद शुभ है ।। १० ।। इन पूर्वोक्त प्रमाणों से स्पष्ट यह साबित होता है कि जो श्रीवैष्णव भागवत हैं वे सबसे श्रेष्ठ हैं । और असह्यापचारो नाम निर्निबन्धनं भगवद्भागवतविषय इत्युक्तावसहमानतया स्थितिः आचार्यापचारः तद्भक्तापाचारश्च ।। श्रीवचन भू० सू० ३२५ ।। असह्यापचार इसको कहते हैं कि बिना कारण के भगवत् और भागवत की वार्ता को न सहन करना और आचार्य का अपमान करना तथा भगवत्, भागवत और आचार्य के भक्तों के साथ अपचार करना- इसको असह्यापचार कहते हैं ।। ३२५ ।। और—अकृत्यकरणं नाम परहिंसापरस्तोत्रपरदारपरिग्रहः । परद्रव्यापहारोऽसत्यकथनमभक्ष्यभक्षणमेतत्प्रभृति ।। श्रीवचन भू० सू० ३२१ ।। अकृत्य-करण अपचार इसीको कहते हैं कि मन, वाणी और शरीर से दूसरे को दुःख देना तथा दूसरों की स्तुति करना और दूसरे की स्त्री को फुसलाकर या बलपूर्वक ले आना तथा दूसरे के द्रव्य को चोरी से या बरियारी से ले लेना और असत्य बोलना और मद्य, मांस, लहसुन, प्याज, गजरा, मसूर, मलमूत्र आदिक अभक्ष्य को भोजन करना इत्यादिक ।। ३२१ ।। ये (सर्व )

http://acharya.org

सब (विरोधिनः) विरोधी (इति) ऐसा (उच्यन्ते) कहे जाते हैं–इसीको प्राप्तविरोधी कहते हैं ॥ ३९ ॥

मूल—अन्नदोषः[१] ज्ञानविरोधी[२] ॥ ४० ॥

टीका—(अन्नदोषः[१]) अन्न का दोष (ज्ञानविरोधी[२]) ज्ञान का विरोधी है। जैसे मसूर अन्न शास्त्र में अपवित्र कहा है और चाण्डालादिक जो हीन जाति के मनुष्य हैं उनका तथा जो अत्यन्त पाप करने वाले मनुष्य हैं, उनका अन्न भी नहीं खाना चाहिए, क्योंकि उस अन्न के खाने से ज्ञान का नाश हो जाता है ॥ ४० ॥

मूल—सहवासदोषो[१] भोगविरोधी[२] ॥ ४१ ॥

टीका—(सहवासदोषः[१]) पाप करनेवाले मनुष्यों के सहवास का दोष (भोगविरोधी[२]) भोग का विरोधी है, इससे पापियों का सहवास नहीं करना चाहिये ॥ ४१ ॥

मूल—अभिमानः[१] स्वरूपविरोधी[२] ॥ ४२ ॥

टीका–(अभिमानः[१]) अभिमान (स्वरूपविरोधी[२]) अपने स्वरूप का विरोधी है इससे अभिमान नहीं करना चाहिये ॥ ४२ ॥

मूल–एवम्[१]अर्थपञ्चकज्ञानोत्पत्त्या[२] मुमुक्षोः[३] संसारे[४] वर्तमानस्य[५] चेतनस्य[६] मोक्षसिद्धिपर्यन्तं[७] संसारासंक्रान्त्यर्थं[८]

http://acharya.org

**[९]कालक्षेपकरणप्रकारः [१०]वर्णाश्रमानुरूपम[११]शनाच्छादने [१२]सम्पाद्य [१३]यदन्नः [१४]पुरुषो [१५]भवति [१६]तदन्ना[१७]स्तस्य [१८]देवता[१९]इत्युक्त[२०]प्रकारेण [२१]सकल[२२]पदार्थानपि [२३]भगवद्विषये [२४]निवेद्य [२५]यथावेलं [२६]भागवत-किञ्चित्[२७]कारं [२८]कृत्वा देहधारणमात्रं [२९]प्रसादप्रति[३०]पत्त्योर्जीवेत् [३१]कथ[३२]ञ्चित्तत्त्वज्ञानोत्पादक[३३]स्याचार्यस्य [३४]सन्निधौ किञ्चित्-[३५]कारेण [३६]तदभिमतो [३७]वर्तते ॥ ४३ ॥**

टीका—(एवम्[१]) इस प्रकार से (अर्थपञ्चकज्ञानोत्पत्त्या[२]) स्वस्वरूप १, परस्वरूप २, पुरुषार्थस्वरूप ३, उपायस्वरूप ४, विरोधिस्वरूप ५- इन अर्थपञ्चक के ज्ञान की उत्पत्ति के द्वारा (मुमुक्षोः[३]) मोक्ष की इच्छा करनेवाले (संसारे[४]) संसार में (वर्तमानस्य[५]) वर्तमान (चेतनस्य[६]) जीव के (मोक्षसिद्धिपर्यन्तम्[७]) जब तक मोक्ष की सिद्धि न होवे तब तक (संसारासंक्रान्त्यर्थम्[८]) जिससे फिर जन्ममरणादि अनेक दुःखों से भरे हुए संसार में न पड़ना पड़े इसलिए (कालक्षेपकरणप्रकारः[९]) कालक्षेप करना और अपने-अपने (वर्णाश्रमानुरूपम्[१०]) वर्ण और आश्रम के योग्य (अशनाच्छा-

http://acharya.org

दने[११]) भोजन और बस्त्र को (सम्पाद्य[१२]) अच्छे प्रकार से करके (यदन्नः[१३]) जो अन्न (पुरुष[१४]) पुरुष को (भवति[१५]) होता है (तदन्नाः[१६]) वही अन्न (तस्य[१७]) उस पुरुष के (देवताः[१८]) देवता प्राप्त करते हैं (इति[१९]) ऐसा (उक्तप्रकारेण[२०]) उक्तप्रकार के (सकलपदार्थान्[२१]) समस्त पदार्थों को (अपि[२२]) भी (भगद्वि-षये[२३]) श्रीमन्नारायण भगवान् के विषय में (निवेद्य[२४]) समर्पण करके (यथावेलम्[२५]) जेसी वेला या शक्ति हो वैसा (भागवतकि-ञ्चित्कारम्[२६]) भगवान् के भक्तों के सात्कार को (कृत्वा[२७]) करके (देहधारणमात्रम्[२८]) अपने केवल शरीर के धारणमात्र (प्रसादप्रति-पत्त्या[२९]) भगवान का प्रसाद समझ करके (उज्जीवेत्[३०]) उस अन्न को ग्रहण करके जीवन रखे, क्योंकि लिखा है कि– विष्णोर्निवेदितं चान्नं योऽश्नाति भुवि मानवः। स याति परमं स्थानं पुनरावृत्ति-वर्जितम् ॥ पद्म० पु० ॥ श्रीविष्णु भगवान् के भोग लगाए हुए अन्न का पृथ्वी में जो मनुष्य भोजन करता है वह आवागमन से रहित श्रेष्ठ स्थान को प्राप्त करता है। और भी लिखा है कि – नारायणस्य नैवेद्य विप्रहत्याविनाशनम् ॥ नारायण का नैवेद्य ब्रह्म-हत्या को नाश करनेवाला है ॥ इससे श्रीमन्नारायण के भोग को अव-श्य सेवन करना चाहिए (कथञ्चित्[३१]) और किसी प्रकार से (तत्त्व-ज्ञानोत्पादकस्य[३२]) यथार्थ तत्त्वज्ञान को पैदा करनेवाले (आचार्य-स्य[३३]) आचार्य के (सन्निधौ[३४]) पास में (किञ्चित्कारेण[३५]) कुछ सेवा करते हुए (तदभिमते[३६]) आचार्य के अभिमत (वर्तते[३७]) रहे कि जिससे उस समय मनुष्य के ऊपर आचार्य की कृपा बनी रहे ॥४३॥

http://acharya.org

१ २ ३ ४

**मूल—ईश्वरसन्निधौ स्वस्य नीचत्वमनुसंदधीत ॥४४॥**

टीका – (ईश्वरसन्निधौ[१]) श्रीमन्नारायण की सन्निधि में (स्वस्य[२]) अपने को (नीचत्वम्[३]) नीचा (अनुसन्दधीत[४]) अनुसन्धान करना चाहिए ॥ ४४ ॥

१ २ ३ ४

**मूल—आचार्यसन्निधौ स्वस्याज्ञानमनुसंदधीत ॥४५॥**

टीका—(आचार्यसन्निधौ[१]) श्री आचार्य की सन्निधि में (स्वस्य[२]) अपने को (अज्ञानम्[३]) मैं अज्ञानी हूँ ऐसा (अनुसन्दधीत) अनुसंधान करना चाहिए ॥ ४५ ॥

१ २ ३ ४

**मूल—भागवतसन्निधौ स्वस्य पारतन्त्र्यमनुसन्दधीत ॥ ४६ ॥**

टीका—(भागवतसन्निधौ ) भगवान के भक्त श्रीबैष्णवों की सन्निधि में (स्वस्य ) अपने को (पारतन्त्र्यम् ) मैं भागवतों के अधीन हूँ - ऐसा ( अनुसन्दधीत ) अनुसन्धान करना चाहिए ॥ ४६ ॥

१ २ ३ ४

**मूल – संसारिणामग्रे स्वव्यावृत्तिमनुसन्दधीत ॥४७॥**

टीका (संसारिणाम्[१]) संसारवाले विषयी जीवों के (अग्रे[२]) आगे (स्वव्यावृत्तिम्[३]) मैं जन्म-मरण रूप ससार से कैसे छुटूंगा — ऐसा (अनुसन्दधीत[४]) अनुसन्धान करना चाहिए ॥ ४७ ॥

http://acharya.org

मूल — प्राप्ये त्वरा प्रापकेऽध्यवसायः विरोधि भयमितरविषयेष्वत्यरुचिः स्वदेहेऽरुचिः स्वरूपज्ञानं स्वर-क्षणेऽशक्तिश्च यथानुवर्तेरन् तथा ज्ञानानुष्ठानाभ्यां युक्तो वर्तत एवंभूत ईश्वरस्य महिषीभ्यो नित्यमुक्तेभ्यश्चात्यन्ता-भिमतोभवेत् ॥ ४८ ॥ इति अर्थपञ्चकम् सम्पूर्णम् ॥

टीका —(प्राप्ये[१]) मोक्ष चाहनेवाले मनुष्यों को चाहिये कि प्राप्य जो श्रीमन्नारायण भगवान हैं उनके विषय में (त्वरा[२]) अपने मन में जल्दीबाजी करते रहना और (प्रापके[३]) प्रापक जो भगवान् की प्राप्ति के उपाय कर्म, ज्ञान, भक्ति, प्रपत्ति, और आचार्याभिमान हैं —इन सबों के विषय में (अध्यवसायः ) अध्यवसाय करते रहना तथा (विरोधिनि[४]) जो श्रीमन्नारायण को प्राप्ति के विरोधी हैं उनके विषय में (भयम्[६]) डरते रहना (इतरविषयेषु[७]) और श्रीमन् नारायण से अन्य किसी विषय में (अत्यरुचिः[८]) अत्यन्त रुचि नहीं करना तथा (स्वदेहे[९]) अपने शरीर में भी (अरुचिः[१०]) प्रीति नहीं करना और (स्वरूपज्ञानम्[११]) अपने स्वरूप का ज्ञान करना कि मैं कौन हूँ तथा (स्वरक्षणे[१२]) अपनी रक्षा करने में (अशक्तिः[१३]) अपनी शक्ति न समझना (च[१४]) और (यथा[१५]) जिस प्रकार से (अनुवर्तेरन्[१६]) ऊपर कहे हुए गुण मोक्ष चाहनेवाले मनुष्यों में बने

http://acharya.org

रहें (तथा[१७]) जिस प्रकार से (ज्ञानानुष्ठानाभ्यां[१८]) ज्ञान और अनुष्ठान करने से (युक्तः[१९]) युक्त (वर्तेत[२०]) रहे (एवम्[२१]) इस प्रकार के (भूतः[२२]) भया हुआ जीव (ईश्वरस्य[२३]) श्रीमन्नारायण भगवान् की (महिषीभ्यः[२४]) भूमिदेवी तथा नीला देवी और श्री लक्ष्मीदेवी जी से तथा (नित्यमुक्तेभ्यः[२५]) अनन्त गरुड़ और विष्वक्सेन आदिक नित्य जीवों से तथा जनकादिक मुक्त जीवों से (च[२६]) भी (अत्यन्ताभिमतः[२७]) अत्यन्त प्रिय (भवेत्[२८]) हो जाता है ॥ ४८ ॥

श्रीवत्सवंशकलशोदधिपूर्णचन्द्रम् ।
श्रीकृष्णसूरिपदपङ्कजभृङ्गराजम् ॥
श्रीरङ्गवेङ्कटगुरूत्तमलब्ध-बोधम् ।
भक्त्या भजामि गुरुवर्यमनन्तसूरिम् ॥

इति श्रीमद्वेदमार्गप्रतिष्ठापनाचार्यवेदान्तप्रवर्तकाचार्यश्रीमत्परम-
हंसपरिव्राजकाचार्यसत्संप्रदायाचार्यजगद्गुरुभगवदनन्त-
पादीय—श्रीमद्विष्वक्सेनाचार्यस्वामिना विरचिता
"मर्मबोधिनी" नाम्नी अर्थपञ्चकभाषाटीका
समाप्ता ।

॥ समाप्तोऽयं ग्रन्थः ॥

http://acharya.org